
10 नीरज चोपड़ा...



12 बनिता संधू...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, सोमवार, 23 जून 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -10 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


# ऑपरेशन मिडनाइट हैमर : अमेरिका ने ईरान पर किया हमला

## 3 ठिकाने, 14 बंकर-बस्टर बम, 25 मिनट, ऑपरेशन मिडनाइट हैमर से अमेरिका ने ईरान पर मचाई तबाही

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने रविवार को कहा कि ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप सीमित है. अमेरिका के रक्षा प्रमुख ने दोहराया कि ईरान में अमेरिका द्वारा दीर्घकालिक युद्ध छेड़ने की मंशा नहीं है. उन्होंने कहा कि शनिवार और रविवार की दरमियानी रात किये हमलों को इरादतन सीमित रखा गया था. हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि अगर जरूरत हुआ तो और भी कड़े कदम उठाए जाएंगे. हेगसेथ ने कहा, ह्यदुनिया की सबसे शक्तिशाली सेना अपने लोगों की रक्षा के लिए तैयार है.

**अमेरिका ने ईरान के इन परमाणु ठिकानों को बनाया निशाना**

अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा, ह्यपिछली रात, राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों, फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर मध्य रात्रि में सटीक हमला किया, ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट या गंभीर रूप से कम किया जा सके. यह एक अविश्वसनीय और जबरदस्त सफलता थी. हमारे कमांडर इन चीफ से हमें जो आदेश मिला वह केंद्रित था, यह शक्तिशाली था, और यह स्पष्ट था कि हमने ईरानी परमाणु कार्यक्रम को तबाह कर दिया. यह ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन ने ईरानी सैनिकों या ईरानी लोगों को निशाना नहीं बनाया.




**पेंटागन ने हमले को लेकर जारी किया मैप**

पेंटागन ने मानचित्र जारी कर मिशन की जानकारी दी. अमेरिका ने दावा किया कि उसकी कार्रवाई में ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों को अत्यंत गंभीर नुकसान पहुंचा है.

**अमेरिका ने ईरान में गिराए 14 बंकर-बस्टर बम**

पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने ईरान में 14 बंकर-बस्टर बम गिराए. संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने बताया, ह्यपिछली रात, राष्ट्रपति के आदेश पर, जनरल एरिक कुरिल्ला की कमान में अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर को अंजाम दिया, जो ईरान की तीन परमाणु सुविधाओं पर एक जानबूझकर और सटीक हमला था. इस ऑपरेशन को ईरान के परमाणु हथियारों के बुनियादी ढांचे को बुरी तरह से नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया था. यह एक अत्यधिक गोपनीय मिशन था और वाशिंगटन में बहुत कम लोगों को इस योजना के समय या प्रकृति के बारे में पता था. हेगसेथ ने बताया, ईरान की सुरक्षा प्रणाली को चकमा देने के लिए छद्म रणनीति का इस्तेमाल किया गया जिससे उसकी हवाई मिसाइल प्रणालियों की नजर में आए बिना कार्रवाई करने में मदद मिली.

## ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद यूएनएससी की आपात बैठक, रूस, चीन समेत कई देशों ने की थी मांग

अमेरिकी हमले के बाद ईरान के पत्र और रूस, चीन सहित कई देशों की मांग पर रविवार को देर रात सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई गई है. जिसमें ईरान-इजराइल युद्ध में अमेरिका के एंट्री को लेकर चर्चा की जाएगी. संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने ईरान पर अमेरिका के हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया था. ईरानी राजदूत आमिर सईद ईरानवी ने एक पत्र लिख कर कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय को अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अमेरिका को जवाबदेह ठहराने के लिए ह्यसभी आवश्यक कदम उठाने होंगे. पत्र में कहा गया, ह्यह्य इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान इन अकारण और पूर्वनियोजित आक्रामक कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता है. ये 13 जून को ईरान के परमाणु केन्द्रों और ठिकानों पर बड़े पैमाने पर इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमले के बाद किए गए हैं.

**अमेरिकी हमले को रूस ने गैर जिम्मेदाराना बताया** : ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका द्वारा किये गए हमले को रूस ने गैर-जिम्मेदाराना करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की. रूस ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है. रूसी



विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, किसी संप्रभु देश पर मिसाइल और बम से हमला करने का निर्णय गैर-जिम्मेदाराना है, भले ही कोई भी दलील दी जाए। यह अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का घोर उल्लंघन है, जिसमें पहले ही ऐसी कार्रवाइयों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य बताया गया है.

# पलामू में टीएसपीसी का एरिया कमांडर गिरफ्तार, गौतम के पकड़े जाने के बाद सौंपी गई थी कमान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**पलामू।** पलामू पुलिस ने कुख्यात टीएसपीसी एरिया कमांडर शंभू सिंह को गिरफ्तार किया है. शंभू सिंह पर पलामू के विभिन्न इलाकों में पांच से अधिक नक्सल हमले को अंजाम देने का आरोप है. कुछ दिनों पहले पलामू पुलिस के सर्च अभियान में टीएसपीसी का एरिया कमांडर गौतम यादव पकड़ा गया था. गौतम यादव के पकड़े जाने के बाद शंभू सिंह को टीएसपीसी ने एरिया कमांडर बनाया था. दरअसल, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का नक्सली शंभू सिंह छतरपुर के पलवा के इलाके में आया हुआ है. इस सूचना के आलोक में छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था, जिसमें शंभू सिंह को गिरफ्तार किया गया. इसके पहले 10 अक्टूबर 2024 को पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग के इलाके में टीएसपीसी का दस्ता रुके होने की सूचना मिली थी, जिसके तहत पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था. इस दौरान पुलिस और टीएसपीसी के बीच मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ में शंभू सिंह शामिल था.



कुछ दिनों पहले भी पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में टीएसपीसी और पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी. इसी मुठभेड़ में टीएसपीसी करियर कमांडर गौतम यादव को गोली लगी थी और बाद में वह वाराणसी से पकड़ा गया था. इस घटना में भी शंभू सिंह शामिल था. शंभू सिंह ने पलामू पुलिस को टीएसपीसी के बारे में कई बड़ी जानकारी दी है. एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि पुलिस सर्च अभियान शंभू सिंह को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस की कई बातों की जानकारी मिली है जिसके बाद आगे का अभियान चलाया जा रहा है. छापेमारे अभियान में छतरपुर के थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सब इंस्पेक्टर अनिल रजक समिति के पुलिस अधिकारी शामिल थे.

# रांची में बड़ा हादसा : कार की टक्कर से सिविल कोर्ट के पेशकार समेत तीन की मौत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई. जिन तीन लोगों की मौत हुई है उनमें रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल है. ये हादसा शनिवार देर रात को हुआ है.

**कार ने टक्कर मारी, कार सवार की भी मौत**

राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला. तेज रफ्तार की वजह से तीन लोगों की जान चली गई. नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति की कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया. इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई है.




**सिविल कोर्ट के पेशकार, शिक्षक सहित तीन की मौत**

इस हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हो गई है. हादसे को लेकर सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में 10 बजकर 12 मिनट पर सोम सिन्हा से बात हुई थी वो पैदल ही घर लौट रहे थे. परिजनों ने बताया कि जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे तो वो उनकी खोजबीन के लिए निकले लेकिन वो कही नजर नहीं आए. हालांकि उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी लेकिन वो आगे बढ़ गए. जब कहीं सोम का पता नहीं चला तो हादसे वाली जगह पहुंचे जहां उनका चप्पल देख पहचाना गया. वहीं यही हाल प्रवीर हांसदा के परिजनों का भी रहा उन्हें भी प्रवीर के हादसे की जानकारी ब्रिज पर पड़े जूते से मिली.

**कैसे हुआ हादसा**

डीएसपी हैडक्वाटर वन अमर पांडेय ने बताया कि नामकुम के दुर्गा सोरेन के पास स्थित ब्रिज पर ये हादसा हुआ है. तेज रफ्तार कार चालक ने पहले प्रवीर हांसदा जो स्कूटी कर सवार थे उन्हें धक्का मारा जिसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा को चपेट में लिया और फिर टक्कर और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खुद भी हादसे का शिकार हो गया.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमती मोनिता कुमारी, सोशल एक्टिविस्ट, पाकुड़**

चलो चलाएँ भलाई की हवा,
जहाँ दुखों का बसेरा हो वहाँ।
छोटे-से कर्म से बड़ा असर होता है, एक मुस्कान से जीवन संवरता है।
जो बाँटता है खुशियों के फूल,
वही पाता है सबसे अनमोल उसूल।
परोपकार कोई बोझ नहीं है, ये तो आत्मा का असली गहना है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **92,800**
चांदी (प्रति किलो) : **1,09,062**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **82,408.17**
निफ्टी :- **25,112.40**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **31** °
न्यूनतम तापमान : **24** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:04**
संध्या :- **18:38**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1280 को रेकुंकिस्टा-ग्रेनेडा के अमीरात के सैनिकों ने मोस्टलिन के युद्ध में कास्टिल साम्राज्य और लियोन साम्राज्य को पराजित किया।**

## संक्षिप्त समाचार

### पलामू में तालाब में डूबने से दो मौसेरे भाइयों की मौत

**पलामू:** जिला में रेड़मा रांची रोड के पास तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई. दोनों मृतक बच्चे आपस में मौसेरे भाई हैं. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों के सहयोग के बच्चों के शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के लिए भेज दिया है. परिजनों के अनुसार, ये दोनों बच्चे शनिवार की दोपहर बाद से घर से लापता थे. देर रात परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी थी. शनिवार देर रात परिजन और पुलिस ने एक साथ बच्चों की तलाश शुरू कर दी. इस तलाशी अभियान के दौरान तालाब के पास दोनों के कपड़े बरामद हुए थे. इसके बाद में रविवार की सुबह दोनों बच्चों के शवों को तालाब से बरामद किया गया. परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, एक बच्चा प्रतिदिन अपनी मौसी के घर पर दूध पहुंचाने के लिए जाता था. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है.

### हजारीबाग में फायरिंग, अपराधियों ने जेवर दुकान पर बरसाई गोलियां

**हजारीबाग:** जिला में महावीर स्थान चौक के पास सदर थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने श्री जेवर्स पर 7 राउंड फायरिंग की है. अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं. जेवर दुकान के गेट पर 7 बुलेट के निशान स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं. वहीं 6 खोखा दुकान के बाहर गिरा हुआ है. घटना के बाद जेवर व्यवसायियों के बीच भय का वातावरण है तो दूसरी ओर पुलिस के वरीय पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश कर रहे हैं. हजारीबाग का हृदय स्थल माना जाता है और यह एक व्यावसायिक केंद्र है. इस कारण लोगों की गतिविधियां भी यहां सबसे अधिक होती है. घटनास्थल के आसपास लगभग 7 से अधिक जेवर दुकान है.










# श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति कैथा ने पूर्व मंत्री और वर्तमान गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को रथ यात्रा के लिए किया आमंत्रित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**




**रामगढ़।** श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति कैथा ने आज गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को आगामी 27 जून 2025 को आयोजित होने वाले वार्षिक रथ यात्रा में शामिल होने के लिए हार्दिक निमंत्रण दिया। समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज सांसद महोदय के सांडी स्थित उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें निमंत्रण पत्र सौंपा। निमंत्रण स्वीकार करते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने भावुकता से कहा कि यह मेरे लिए केवल एक निमंत्रण नहीं, बल्कि कैथा की जनता और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद है। रथ यात्रा हमारी संस्कृति की आत्मा है, जो हमें आस्था, एकता और सौहार्द का संदेश देती है। इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर मुझे असीम संतोष का अनुभव होगा। मैं जिले के नागरिकों से अपील करता हूं कि वे इस महापर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और भगवान के दिव्य रथ को खींचकर पुण्य के भागी बनें। मेरी शुभकामनाएं हैं कि यह रथ यात्रा क्षेत्र के लिए समृद्धि और खुशहाली लाए। मंदिर के मुख्य पुजारी भागवत नारायण चटर्जी ने कहा कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का हमारे निमंत्रण को स्वीकार करना समिति के लिए गौरव का विषय है। उनकी गरिमामयी उपस्थिति से रथ यात्रा की भव्यता कई गुना बढ़ जाएगी। हमने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए दिन-रात अथक परिश्रम किया है, ताकि हर भक्त को एक अविस्मरणीय अनुभव मिल सके। यह रथ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी साझा विरासत का उत्सव है। हम सभी भक्तों से अनुरोध करते हैं कि वे समय निकालकर इस महापर्व में शामिल हों और भगवान जगन्नाथ के चरणों में अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करें। कैथा वार्ड 26 के पार्षद देवधारी महतो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कैथा की यह रथ यात्रा हमारे क्षेत्र की पहचान है। यह पर्व हमें एकजुट करता है, पुरानी परंपराओं को जीवित रखता है, और नई पीढ़ियों को हमारी समृद्ध संस्कृति से जोड़ता है। माननीय सांसद महोदय की उपस्थिति ने इस उत्सव को और भी विशेष बना दिया है। मैं श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनकी बदौलत यह आयोजन हर साल इतना सफल होता है। रथ यात्रा का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। समिति ने सभी भक्तों और नागरिकों से इस पवित्र आयोजन में भाग लेने का अनुरोध किया है।प्रतिनिधिमंडल में वार्ड पार्षद देवधारी महतो,अध्यक्ष हंसपाल महतो, उपाध्यक्ष ध्यानचंद महतो, कोषाध्यक्ष कुलदीप महतो,उप सचिव शिव कुमार, संरक्षक संजय करमाली, विकास महतो,मनोज महतो, मुनिनाथ महतो,चुन्नीलाल महतो, रूपेंद्र महतो टाइगर,नीतीश कुमार, राजेन्द्र कुमार उर्फ तिनका, कुँवर महतो, बालिसराम महतो, सुरेश करमाली, बिगिया महतो , धनराज महतो ,पारितोष चटर्जी, राजकिशोर महतो, सुरेश महतो, प्रेम कुमार, सत्येंद्र कुमार शामिल रहे।

## बड़कागांव एनटीपीसी बरवाडीह में अनिश्चितकालीन धरने का टाइगर जयराम महतो ने किया समर्थन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रामगढ़।** बड़कागांव-हजारीबाग मुख्य पथ के 13 माईल बड़कागांव के समीप युवा विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले एनटीपीसी बरवाडीह के विस्थापित ग्रामीण कट ऑफ डेट में संशोधन सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो ने धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन का समर्थन देकर धरना में भाग लिया। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि विस्थापित परिवार को मिलने वाली एकमुश्त राशि का भुगतान वर्तमान दर से ही निर्धारित करने, ह्लकट ऑफ डेटह्व की नीति निर्धारण के अवसर पर विस्थापित हो रहे गांव के प्रतिनिधि को उस समय अनिवार्य रूप से शामिल करने, इसके अलावा परियोजना प्रक्षेत्र से विस्थापित हो रहे युवक और युवतियों को अनिवार्य रूप से नौकरी-रोजगार में सर्वप्रथम अवसर प्रदान करना मुख्य माँग है। धरना में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि एनटीपीसी शीघ्र विस्थापितों की माँग को पूर्ण करे।आगामी मानसून सत्र में इनके मांगों को सदन में जोरदार तरीके से रखूंगा । युवाओं की भविष्य से कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । जेएलकेएम पार्टी हमेशा शोषित ,पीड़ित, वंचित दवे ,कुचले गरीब ,माध्यम, तथा सिस्टम के सताए हुए लोगों की एक उम्मीद है । विस्थापित एवं प्रभावित लोगों ने कहा की झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। इसलिए सभी समुदाय के लोग एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करें। उक्त जानकारी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने दी।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया योग शिविर का आयोजन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**रामगढ़।** सामाजिक दायित्वों का सदैव निर्वहन करने वाली सेवा भावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा ने स्थानीय जैन भवन के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग शिविर का आयोजन किया। शिविर में समिति की काफी संख्या में सदस्याएं शामिल हुई। कार्यक्रम में योग शिक्षिका लीलावती द्वारा योग के विषय में जानकारी देते हुए शिविर में शामिल लोगों को सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि योग हमारी भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है। हमारे ऋषि मुनियों ने योग साधना के द्वारा प्राचीन काल में सदियों तक अपने को निरोगी एवं स्वस्थ रखने में सफलता प्राप्त की। इस कारण योग के द्वारा हम अपने को सुंदर, शांत एवं स्वच्छ रखकर योग साधना से अपनी आत्मा को पवित्रता प्रदान कर सकते हैं। श्रीमती जैन ने आगे बताया कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 2014 में योग दिवस के आयोजन का प्रस्ताव रखा तो उसे 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ। उन्हीं के प्रयासों द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष 21 जून 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जो प्रत्येक भारतवासी को गौरवान्वित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य* के लिए योग की भावना को भी चरितार्थ कर सकेंगे। श्रीमती जैन ने कहा ऐसे आयोजन के माध्यम से हमारी समिति राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहती है। साथ ही, कार्यक्रम के समापन की घोषणा करते हुए समिति की सचिव रिद्धि जैन ने बताया आगामी 12 एवं 13 जुलाई को स्थानीय जैन भवन में समिति द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु सावन मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। कोषाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, अरुणा जैन, श्वेता बगड़िया, मीनू मोदी, पुष्पा अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, नम्रता जैन, आशा जाजू, अनिता बंसल, पिंकी अग्रवाल, निशा जैन, रिद्धि जैन आदि बहनों ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**रामगढ़।** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष नवीन पाठक तथा महेश मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पुष्पांजलि के साथ किया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया ' इस कार्यक्रम में रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महेश मिश्रा, नवीन पाठक, अशोक पांडेय, अरुण बनर्जी, संजू शर्मा, निक्की शर्मा, रमन शर्मा, सीताराम पाठक,मुना मिश्रा आदि की भूमिका सराहनीय रही। रक्त संग्रह टोली में शामिल डॉ. रेणु , सुमित कुमार तथा गुलाबी कुमारी का जोगदान शानदार रहा। पद्म बहादुर तथा किशन कुमार के द्वारा व्यवस्था किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा रक्तदान महादान है इस तरह के कार्यक्रम में सभी को बढ़ चढ़ सहयोग करना चाहिए ' अंत में जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने सभी का धन्यवाद किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस पर मारवाड़ी युवा मंच व चेतना शाखा द्वारा विशेष कार्यक्रम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**रामगढ़ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं विश्व संगीत दिवस के पावन अवसर पर मारवाड़ी धर्मशाला, रामगढ़ में मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा एवं चेतना शाखा के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष योग एवं संगीत सत्र का आयोजन किया गया।इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध महिला योग प्रशिक्षक श्रीमती ओमिका गंगानी रहीं, जिन्होंने प्रतिभागियों को विविध योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान की सरल विधियाँ सिखाईं। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहाः ह्लयोग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक बल का भी प्रमुख साधन है। महिलाओं की दिनचर्या में योग का समावेश उन्हें तनावमुक्त एवं आत्मनिर्भर बना सकता है।ह्वकार्यक्रम की शुरूआत मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना शाखा अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने सभी उपस्थितजनों से नियमित योगाभ्यास को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा-ह्लयोग से जीवन में अनुशासन, मानसिक शांति व स्वास्थ्य का संतुलन बना रहता है।ह्वयोग सत्र के उपरांत आयोजित संगीत कार्यक्रम में नेहा जैन, नन्हे-मुन्ने बाल प्रतिभागी अध्ययन जैन एवं कुशाग्र अग्रवाल ने अपने गायन एवं वाद्य कला से सभी उपस्थितों का मन मोह लिया। इनकी प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उल्लासपूर्ण एवं भावविभोर बना दिया। यह आयोजन स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन और सांस्कृतिक जागरूकता को एक साथ समाहित करने का एक प्रेरणादायक उदाहरण रहा। विशेष रूप से महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका और समुदाय की सक्रिय सहभागिता इस कार्यक्रम की सफलता का आधार बनी।

### बलिदान दिवस में रांची रवाना हुए पतरातू प्रखंड के आजसू कार्यकर्ता

**पतरातू।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस सह बलिदान दिवस के अवसर पर पतरातू प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हुए । प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो एवं प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता रविवार को रांची खेलगांव में आयोजित हो रहे बलिदान दिवस में शिरकत करेंगे । रांची जाने वालों में प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो, सचिव विश्वरंजन सिन्हा, बीरेंद्र झा, राजू कुमार, पंचम मुंडा, गौतम वर्मा, विश्वनाथ भुइयां, राजेश पटेल, बुधन गोस्वामी, रघु महतो, फूलचंद महतो, अनिल सोनी, रविशंकर जायसवाल, संजय सिंह, दिलीप महतो, छोटू यादव, आयुष सिंह, विशाल कुमार, बबलू भुइयां, अजित कुमार, विकास पांडेय, रवि सिंह, सोनू सिंह, घनश्याम महतो, श्रवण महतो, कमलेश कुमार, जितेंद्र यादव, पिंटू कुमार, सोनू कुमार, नीलू कुमार सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्र में संजीवनी क्लिनिक द्वारा दिया जाएगा नि:शुल्क जांच व दवा की सुविधा



**लोहरदगा:** प्रखंड व पंचायत के सुदुर्वर्ती ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करने को लेकर निःशुल्क चलंत चिकित्सा के माध्यम से विशेष सुविधा प्रदान किया जाना है। उक्त कार्यक्रम झारखंड सरकार के परिवार एवं कल्याण स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेर्शानुसार ग्रामीण क्षेत्र में परिवर्तन समाज विकास और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा चलंत चिकित्सा संजीवनी क्लिनिक के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचना है। जिसको लेकर लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव का भ्रमण कर पाए जाने वाले बीमारियों का आकलन किया जा रहा है। इसके तहत प्रखंड क्षेत्र के साके,हेसवे,चौकनी,तोड़ार,डोका सहित विभिन्न गांवों में बिपी,सुगर, स्किन इन्फेक्शन,बुखार,सर्दी जुकाम के अलावे अन्य तरह के बीमारियों का निःशुल्क जांच कर दवा दिया जा रहा है। राम भगत,शिवन्ती देवी,दाया भगत,बिनोद महतो,कशिला देवी,घुंसी लोहरा,उषा कुमारी सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराया वही स्वास्थ्य कर्मी नरेश उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के अनुसार बीस गांवों में चलंत संजीवनी क्लिनिक के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क इलाज किया जाना है। जिसके लिए पूर्व में ही प्रखंड क्षेत्र के अलौदी,मुर्की तोड़ार,भड़गांव के अलावे अन्य पंचायत गांव में सर्वे कार्य आरम्भ किया गया है। प्रथम चरण में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बीस गांव का नाम चयन किया गया है। साथ ही बताया कि 24 जून को पारही विद्यालय के समीप अवर्नेश कैम्प और 25 जून को अलौदी विद्यालय के पास मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी तरह के बीमारियों से सर्म्बधित चिकित्सक मौजूद रहेंगे। मौके पर नरेश उरांव, शुभम निधि एक्का,बिलासी कुमारी,गौरव कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमेन एवं प्रवक्ता का किया स्वागत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**




**रामगढ़:** ब्लॉक के समीप स्वागत समारोह में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन एवं प्रवक्ता बनाए जाने के उपलक्ष्य में सुधीर मंगलेश का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह आयोजन रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में किया गया।समारोह में मुख्य रूप से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सभी ने फूलमालाओं से स्वागत सुधीर मंगलेश का अभिनंदन किया और उन्हें संगठन में मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता का दायित्व सौंपे जाने की शुभकामनाएँ दीं। मौके पर जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि सुधीर मंगलेश एक जुझारू एवं कर्मठ नेता हैं, जिनके मीडिया और संगठन में समर्पण और संवाद कौशल से पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि मीडिया विभाग में उनकी नियुक्ति से रामगढ़ में कांग्रेस का पक्ष जन-जन तक पहुंचेगा।पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने कहा कि सुधीर मंगलेश जैसे ऊजार्वान नेता के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता बनने से पार्टी का संवाद और जनसंपर्क और भी सुदृढ़ होगा। वहीं नगर अध्यक्ष बलराम साहू एवं अन्य उपस्थित नेताओं ने भी शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सुधीर मंगलेश ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का हृदय से धन्यवाद किया और कहा कि यह जिम्मेदारी संगठन और मीडिया के बीच समन्वय स्थापित करने का एक अवसर है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी से संगठन को आगे ले जाने में अपनी भूमिका निभाएंगे और जनहित के मुद्दों को मीडिया तक प्रभावशाली ढंग से पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मौके पर नगर अध्यक्ष बलराम साहू अमित महतो उत्तम कुमार, किशोर कुमार खेमलाल बैठा संजय वर्मा दीपक राकेश कुरैशी दानिश दिलीप पांडेय संजीव खंडेलवाल राकेश नायक पिंटू आदि मौजूद थे।

### डायवर्सन बहने से जनता को आवागमन हो रही है परेशानी : आलोक साहू

**किस्को।** प्रखंड अंतर्गत बदला नदी से ग्राम आरेया , निरहू, चरहू होते हुए महुगांव तक सड़क का कालीकरण का कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है तेतरदाड़ चंदवा टोंगरी के पास कलभट के निर्माण हेतु डायवर्सन बनाया गया था। काम काफी धीमी गति से चल रहा है ।संवेदक को कलवट का निर्माण वर्षा मौसम से पहले पूरा कर लेना चाहिए लेकिन नहीं करवाया ।अभी चार दिनों से लगातार हो रहे वर्षा के कारण संवेदक द्वारा बनाए गए डायवर्सन बह गया इसके कारण आरा, नीचेतुरियाडीह, गढ़कसमार , रानीगंज सहित पठारी क्षेत्र मुंगो, गम्हरिया, रंकुली, सिंदूर सहित दर्जनों गांव के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।लोग जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं ।लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत को इस बात की जानकारी उसे क्षेत्र के ग्रामीणों ने दिया । सांसद के निर्देश पर सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने संवेदक से वार्ता कर जनता को आवागमन में हो रहे परेशानियों को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत शीघ्र डायवर्सन का निर्माण करने का निर्देश दिए। संवेदक ने श्री साहू को आश्वासन दिया कि आज से ही डायवर्सन निर्माण का कार्य प्रारंभ करेंगे।

## जिला व राज्य को जोड़ने वाली एन एच पथ कर रही है बड़ी हादसे को आमंत्रित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**लोहरदगा:** नेशनल हाइवे पथ पर अरु के समीप जोगन ढोढा में बना पुल बड़ी हादसे को कर रहा आमंत्रित इस पुल का निर्माण आज से सात वर्ष पूर्व संवेदक के द्वारा कराया गया था। परंतु वर्ष 2025 में मानसून की पहली बारिश में निर्मित पुल का खुला पोल विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु चौक के समीप जोगन ढोढा में सात वर्ष पूर्व एक पुल का निर्माण किया गया था। और फिलहाल में वी के एस कंट्रक्शन के द्वारा करोड़ो की लागत से पथ का जीणोद्धार किया गया। लेकिन कई राज्य को जोड़ने वाली एन एच 143 ए की स्थिति काफी जर्जर होने के कगार पर है। और आगे भी इस प्रकार लगतार बारिश होने से एक राज्य से दूसरे राज्य का संपर्क टूटने का अनुमान लगाया जा रहा है। गौरतलब हो कि पुल में बना गड्ढा यात्रियों के साथ भारी वाहन चालक को कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। और बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। रांची,लोहरदगा, गुमला,सहित उड़ीसा,छत्तीसगढ़ बिहार एवं अन्य राज्य के लिए इससे होकर हर दिन सैकड़ों वाहन व हजारों लोग यात्रा करते हैं। आये दिन इन होल में फंस कर लोग दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। सड़क निर्माण के दौरान संवेदकों ने लापरवाही बरती इससे अब यह परेशानी लोगों के सामने आ गयी है। सड़क निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा इन छोटी बातों पर ध्यान नही देने के कारण आज छोटी सी गड्ढा बड़ा होते जा रहा है। और पुल का छड़ स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जिससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि इस पुल का लाइफ क्या होगा और किस प्रकार हादसा हो सकता है। अरु कल्हेपाट, भडगांव ग्राम के स्थानीय लोग बताते हैं कि इस पथ से गुजरने वाली सभी प्रकार के गाड़ी चालक व यात्रियों के साथ स्थानीय लोगो के लिए यह गड्ढा सबसे बड़ी समस्या है।

**लोहरदगा नगर भवन में झारखंड पीपुल्स आजसू पार्टी का 40वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित कर मनाया गया**

## बड़े भाई कमल किशोर भगत के तमाम अधूरे सपनों को करेंगे साकार : अनिल भगत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**




**लोहरदगा।** झारखंड पीपुल्स आजसू पार्टी का 40वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित कर लोहरदगा सदर प्रखंड मुख्यालय पर स्थित नया नगर भवन में मनाया गया। इस बीच कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड आंदोलनकारी नेता सह लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इधर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत ने कहा कि आंदोलन से उपजे झारखंड पीपुल्स आजसू पार्टी आज 40 साल का लंबा सफर तय कर लिया है। इस बीच पार्टी अनेकों चुनौतियों का सामना कर आज झारखंड प्रदेश वासियों के हर एक जनता की जुबान पर अपनी बेहतर पहचान स्थापित कर दिखाया है। अनिल कुमार भगत ने कहा कि झारखंड पीपुल्स आजसू पार्टी जन आंदोलन की उपज है। पार्टी में हर एक सिपाही झारखंड की परम्परा और संस्कृति को संरक्षित करने हेतु हमेशा कृतसंकल्पित रहे हैं और आगे भी प्रदेश वासियों के सर्वांगीण विकास हेतु कटिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा विधानसभा की जनता एक ऐसे महान विकास पुरुष को खो दिया है जो हमेशा यहां की जनता को शत-प्रतिशत उन्हें उनका हक अधिकार दिलाने को लेकर गंभीर रहते थे। अनिल कुमार भगत ने कहा कि महान आंदोलनकारी नेता लोहरदगा के पूर्व विधायक बड़े भाई स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने लोहरदगा विस क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं से जनता को आच्छादित करने की जो सपना देखा था उसे यहां के भ्रष्ट लोगों ने बीच रास्ते में उसकी हत्या करवाकर पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सारे अधूरे सपनों को पूरा करने से पहले ही विराम लगा दिया गया। ऐसे में लोहरदगा की जनता को पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को साकार करना मूल दायित्व बन गया है। यहां के भोले-भाले जनता को झारखंड पीपुल्स आजसू पार्टी कमल किशोर भगत के आदर्शों पर चलकर शत-प्रतिशत विकास से जोड़कर स्वावलंबी बनाने का कार्य कर दिखाएगी। उन्होंने कहा कि आज हमें पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के आदर्शों को संकल्प लेकर लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास हेतु एकजुटता और भ्रष्ट लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है तब जाकर कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा किया जा सकता है। अनिल कुमार भगत ने कहा कि झारखंड पीपुल्स आजसू पार्टी का सपना है कि पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के नक्शे कदम पर चलते हुए लोहरदगा में रोजगार उन्मूख शिक्षा, रोजगार के अवसर की उपलब्धता, छोटे लघु एवं सूक्ष्म उद्योग की स्थापना कराना, आजादी के बाद से वोट-बैंक बन अधूरा पड़ा डहरबाटी नाला डैम का निर्माण कार्य कराया जाना, युवाओं को खेल का समुचित विकास दिलाना, समता जजमेंट को लागू कराना, जनप्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार और हमारा गांव हमारा राज हो के साथ लोहरदगा का सर्वांगीण विकास करना खास मकसद है। मौके पर जिलाध्यक्ष अनीश अली, बबिता भगत, श्रवण पन्ना, बिट्ठ महली, लक्ष्मण लोहरा, रामरतन साहू, जेना टाना भगत, भोला लोहरा, सुनीता उरांव, तारामुनी उरांव आदि थे।

## सरना सनातन को अलग करने की साजिश को रोकने के लिये टीम बनाकर काम करने की जरूरत : आशा लकड़ा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**लोहरदगा।** आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु के आग्रह पर अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या आशा लकड़ा जी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुमला में आयोजित कार्यक्रम से शामिल होकर लौटने के दौरान लोहरदगा जिला के सर्किट हाउस में एक घण्टे के लिये स्थानीय लोगों से मुलाकात हेतु प्रवास कीं। इस दौरान अजातशत्रु द्वारा लोहरदगा जिला के बदलते हालात, एक साजिश की तहत आदिवासियों को बरगलाकर उनको सनातन धर्म से भटकाने तथा अलग करने एवं साथ ही साथ डेमोग्राफिक परिवर्तन की बात रखी। जिसपर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा जी ने कहा कि आदिवासी आदिकाल से शिव भक्त व प्राकृतिक पूजक रहे हैं। पूरा सनातन धर्म को अक्षुण्य बनाये रखने में हम आदिवासियों के पूर्वज ना जाने कितना ही बलिदान दिये। जितना योगदान देश की आजादी में भगवान बिरसा, तेलंगा खड़िया, सिद्धू कान्हू इत्यादि का रहा है वैसे ही बलिदान सनातन धर्म को आगे बढ़ाने हेतु हमारे पूर्वजों ने दी है। झारखण्ड व अन्य क्षेत्र के कुछ स्वार्थी व व्यक्तिगत लालसा रखने वाले छुटभैया नेताओं ने सीधे सादे आदिवासी भाई बहन को बरगला कर उन्हें उनके धर्म से विमुख करने की काम कर रही है, जिसमे क्षणभर के लिये वे सफल भी हो गये हैं, परन्तु अब भी समय है कि समझदार सनातन सदान व आदिवासी आपस में सामंजस्य बैठाकर टीम बनावें और वर्तमान वस्तुस्थिति से भोले भाले आदिवासी भाई, बहिन, बन्धु को अवगत करावें, उन्हें धर्म बांटने की साजिश के संदर्भ में तार्किक ढंग से समझाकर सनातन धर्म मे वापसी करावें और बतायें कि सरना सनातन सदियों से एक है।

# झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव के प्री मीट में 30 जनजातीय समुदाय के अगुवाओं ने लिया भाग

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची :** मिशन ब्लू फाउंडेशन और आई-थ्री फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 22 और 23 अगस्त को होटल चाणक्य बीएनआर, रांची में किया जाएगा। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कॉर्पोरेट, एनजीओ, सिविल सेवाओं के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं को एक साझा मंच प्रदान कर राज्य में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाना है। इस आयोजन को लेकर रविवार को स्थानीय होटल में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव प्री मीट का आयोजन किया गया। प्री मीट का थीम ट्राइबल वेलफेयर था। इस प्री मीट में झारखंड के 30 जनजाति समुदाय के प्रतिनिधिमंडल और लगभग 200 लोगों ने पूरे राज्य से आए प्रतिनिधि शामिल हुए और अपना विचार व्यक्त किए। अलग अलग जिलों से आए प्रतिनिधिमंडल ने सीएसआर फंड का इस्तेमाल किस क्षेत्र और प्राथमिक की स्तर पर कैसे हो, इसका सुझाव दिए। जनजाति समुदाय के अगुवा लोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, पारंपरिक कला संस्कृति, पेयजल, अंधविश्वास जैसे कई विषयों पर सीएसआर फंड का इस्तेमाल करने की बात कहीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल आपसी समन्वय बनाकर इस्तेमाल किया जाए तो आदिवासी समाज का समग्र विकास होगा। झारखंड के संसाधन को भी बचा सकते है। झारखंड में सीएसआर पॉलिसी बनी है, लेकिन इसमें अभी सुधार की जरूरत है। हमारी कोशिश रहेगी कि इस पॉलिसी की कमियों को दूर किया जाए। सीएसआर कॉन्क्लेव प्री मीट के माध्यम से आए सुझाव से झारखंड में सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही ढंग से उपयोग करने में मदद मिलेगी। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल सही जगह हो यह बहुत जरूरी है। फंड का इस्तेमाल खास तौर पर झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि पर खर्च हो। मिशन ब्लू फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज सोनी ने कहा कि झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव के प्री मीट में एक रूपरेखा तैयार होगा, ताकि आने वाले समय में सीएसआर फंड का इस्तेमाल पारंपरिक कला संस्कृति, खान पान आदि का विकास हो। कॉर्पोरेट कंपनियों के बीच एक समन्वय बनाकर फंड का इस्तेमाल झारखंड के विकास पर हो, इस पर फोकस किया जाएगा। कॉन्क्लेव में राज्यभर में कार्यरत हजारों एनजीओ के प्रतिनिधि और 200 से अधिक से सरकारी एवं निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।




# उपायुक्त ने लिया जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रविवार को जगन्नाथपुर रथ यात्रा मेला की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया। इस दौरान डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, हटिया, अंचल अधिकारी नामकुम/नगड़ी, स्थानीय थाना प्रभारी एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

### सूचना जन संपर्क विभाग के स्टॉल पर खोया पाया की सूचना दी जाएगी

उपायुक्त ने कहा की सूचना जन संपर्क विभाग के स्टॉल में ही मेले में खोये हुए लोग/ बच्चों के लिए खोया/पाया केंद्र की सूचना दी जाएगी। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा की जगन्नाथपुर रथ यात्रा न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। सभी विभाग एवं मेला न्यास समिति टीमवर्क की तरह कार्य करें। सभी सामूहिक जिम्मेवारी के तहत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कार्यों को संपादित करना सुनिश्चित करें। सुरक्षा और स्वच्छता की दृष्टि से मेला क्षेत्र में बेहतरीन मानकों को सुस्थापित करने की दिशा में दृढ़ता के साथ कार्य करें।

बेहतर व्यवस्था को लेकर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश



### मेला परिसर में व्यवस्था का जायजा

उपायुक्त ने मेला परिसर में व्यवस्था का जायजा लेते हुए वरीय अधिकारियों द्वारा मंदिर समिति के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जगन्नाथपुर मंदिर से मौसी बाड़ी तक रथ यात्रा रूट का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने का निदेर्शा दिया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री चंदन सिन्हा ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान तक ही अपने दुकान लगाने का निर्देश दिया गया ताकि रथ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। उपायुक्त ने कहा की पूरे विधि-विधान से रथ यात्रा की शुरूआत होगी इसके लिए विधि-व्यवस्था के सभी इंतजाम किये गये हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ध्यान रखते हुए 24 घंटे बिजली, चलंत शौचालय, पानी, अग्निशमन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी है।

डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किये गये हैं, मेला परिसर में वॉच टावर और सीसीटीवी लगाये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है, इसके लिए संयुक्त आदेश भी निर्गत किया जाएगा। बड़े वाहन प्रवेश न करें, इसको लेकर जगह-जगह बैरिकेडिंग भी की जा रही है।

### साफ सफाई के विशेष इंतजाम करने के निर्देश

उपायुक्त ने कहा की जगन्नाथपुर रथ यात्रा के दौरान साफ- सफाई के विशेष इंतजाम रखने के निर्देश दिए है, साथ ही उन्होंने कहा की मेला परिसर में प्लास्टिक की थैलियों, डिस्पोजेबल ग्लास, प्लेट्स, चम्मच और अन्य सामग्रियों का उपयोग ना करें । हर स्टॉल के बाहर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखना होगा। जिला प्रशासन आगामी रथ मेले के आयोजन को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, प्रशासन सभी दुकानदारों, खाद्य स्टॉल संचालकों, और आयोजकों से अपील करता है कि वे मेले के दौरान दोना, पत्तल, और अन्य बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग करें। यह कदम न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान देगा, बल्कि मेले में स्वच्छता बनाए रखने में भी सहायक होगा। प्लास्टिक और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों के उपयोग से पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है, जो मिट्टी, जल और वायु प्रदूषण का कारण बनता है। इसे ध्यान में रखते हुए, जिला प्रशासन ने मेले में प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। सभी स्टॉल संचालकों और दुकानदारों से अनुरोध है कि वे इस नियम का कड़ाई से पालन करें और बायोडिग्रेडेबल विकल्पों जैसे कि पत्तल, दोना, बांस की टोकरियाँ, और कागज से बने उत्पादों का उपयोग करें।

### मेला के दौरान वॉलिंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए तैनात रहेंगे

उपायुक्त ने कहा की जिला प्रशासन की पूरी टीम के साथ मेला के दौरान वॉलिंटियर भी श्रद्धालुओं के लिए तैनात रहेंगे ताकि भक्तों को अपने आराध्य के दर्शन में कोई परेशानी ना हो, साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए गए जिसमें जिला प्रशासन के साथ मंदिर कमिटी के भी पदाधिकारी जुड़े रहेंगे साथ वॉलिंटियर भी जुड़ेंगे जो हर जानकारी से जिला प्रशासन को अवगत करायेंगे।

### जगन्नाथपुर रथ मेला 2025 के दौरान लगने वाले झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी

उपायुक्त ने जगन्नाथपुर रथ मेला 2025 के दौरान लगने वाले झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि मेला के दौरान कोई दुर्घटना न हो। इसके लिए सभी झूला संचालकों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। इन मानकों में झूलों की तकनीकी जांच, नियमित रखरखाव, और संचालन के दौरान सुरक्षा उपायों का अनुपालन शामिल है। साथ ही, संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक प्रमाण पत्र, जैसे कि झूलों की सुरक्षा जांच और लाइसेंस से संबंधित दस्तावेज, उपलब्ध रखें। यह कदम मेला में आने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# सीएम के निर्देश पर टूटे पुल की जांच करने खूंटी पहुंची जांच टीम, जल्द होगा कारणों का खुलासा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**खूंटी :** जिले में तीन साल के अंदर तीन पुल ध्वस्त होने के बाद अब पथ निर्माण विभाग ने जिले में बने सभी पुलों की स्थिति और उसके रख-रखाव को जानने की योजना बनायी है। पथ प्रमंडल खूंटी के सभी क्षेत्रों में बने पुलों को सूचीबद्ध करते हुए निगरानी शुरू कर दी गयी है। उधर, पेलोल पुल ध्वस्त होने की घटना के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए पुल ध्वस्त होने की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम बनायी है, जो लगातार पुल का निरीक्षण कर कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। सीएम के निर्देश पर गठित टीम में एनएच के मुख्य अभियंता अभिनेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता गुण नियंत्रण निदेशालय पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता नवल किशोर और केंद्रीय निर्माण संगठन पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता आकाश कुमार बादल के नेतृत्व में जांच की जा रही है। गठित इस टीम के अध्यक्ष एनएच के मुख्य अभियंता अभिनेंद्र कुमार हैं। पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता मनोहर कुमार ने निरीक्षण किया था। उन्होंने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही थी. दूसरे और तीसरे दिन भी गठित टीम टूटे पुल का निरीक्षण करने पहुंची। टूटे पुल के पास सुरक्षात्मक बैरिकेडिंग लगाकर खूंटी तोरपा मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। जांच के बाद विभाग के निर्देश पर वैकल्पिक सड़क मार्ग से वाहनों का परिचालन किया जा रहा है। पेलोल पुल के ध्वस्त होने के बाद एनएच के अलावा जिले में पथ निर्माण विभाग के वरीय अधिकारियों ने टूटे पुल के साथ-साथ पुराने व नए पुलों का निरीक्षण किया है। खासकर पेलोल पुल में हुई अनियमितताओं की जांच की जा रही है कि आखिर 2007 में बना पुल इतनी जल्दी कैसे टूट गया। हालांकि जिले के पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर साह ने बताया कि भारी बारिश के कारण पुल टूटा है। हालांकि उन्होंने पुल पर अनियमितताओं को भी इसका कारण बताया है। उन्होंने बताया कि सीएम के निर्देश पर गठित टीम ने जांच शुरू कर दी है। सीएम के निर्देश पर एनएच और पथ निर्माण विभाग के अधिकारी लगातार स्थल का निरीक्षण कर कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। एनएच के अधिकारियों ने जांच की है और जांच रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो सकेगा कि आगे क्या किया जा सकता है। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि तकनीकी खामियों के कारण पुल टूटा है, हालांकि वरीय अधिकारी जांच कर रहे हैं, जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। तीन साल में तीन पुल टूटने के जवाब में उन्होंने कहा कि पहले जो पुल टूटा था, वह वर्षों पहले बना था, जबकि एक जगह टेंडर हो चुका है, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है। जबकि तीसरे पुल पर निर्माण चल रहा है. पेलोल के डायवर्सन को निर्माण के लिए विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के एक माह के अंदर इसका निर्माण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के लगभग सभी पुलों को चिन्हित कर लिया गया है और पुलों की निगरानी की जा रही है।

# कार की टक्कर से सिविल कोर्ट के पेशकार समेत तीन की मौत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जिन तीन लोगों की मौत हुई है उनमें रांची सिविल कोर्ट के पेशकार भी शामिल है। ये हादसा शनिवार देर रात को हुआ है। राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार की वजह से तीन लोगों की जान चली गई। नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति की कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हो गई है। हादसे को लेकर सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में 10 बजकर 12 मिनट पर सोम सिन्हा से बात हुई थी वो पैदल ही घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे तो वो उनकी खोजबीन के लिए निकले लेकिन वो कही नजर नहीं आए. हालांकि उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी लेकिन वो आगे बढ़ गए. जब कहीं सोम का पता नहीं चला तो हादसे वाली जगह पहुंचे जहां उनका चप्पल देख पहचाना गया। वहीं यही हाल प्रवीर हांसदा के परिजनों का भी रहा उन्हें भी प्रवीर के हादसे की जानकारी ब्रिज पर पड़े जूते से मिली। डीएसपी हैडक्वाटर वन अमर पांडेय ने बताया कि नामकुम के दुर्गा सोरेन के पास स्थित ब्रिज पर ये हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार चालक ने पहले प्रवीर हांसदा जो स्कूटी कर सवार थे उन्हें धक्का मारा जिसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा को चपेट में लिया और फिर टक्कर और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खुद भी हादसे का शिकार हो गया।

# मारवाड़ी युवा मंच ने गौवंश की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर माह अपने सदस्यों एवं उनके परिवार वालों के लिए गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, राँची शाखा द्वारा रविवार को प्रातः 8 बजे हरमू रोड स्थित राँची गौशाला न्यास में गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे सदस्यों एवं उनके परिवार वालो ने ताजा हरी सब्जी, गाजर, खीरा, रोटी और गुड खिलाकर बिना दूध देने वाली निर्बल व असहाय गायों की सेवा कर पुण्य का लाभ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक मंच के गौ




सेवा प्रभारी युवा शुभम सिंघानिया एवं युवा सौरभ अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया। मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे मंच के शाखा अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, पूर्वाध्यक्ष मनीष लोधा, युवा बिमल अग्रवाल, युवा विशाल महलका एवं अन्य सदस्य अपने परिवार सहित विशेष रूप से उपस्थित थे।

# झारखंड की कवयित्री को मिली राष्ट्रीय पहचान पार्वती तिर्की को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची :** कला और साहित्य के क्षेत्र में अब झारखंड के युवा अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। ऐसी ही एक युवा कवयित्री हैं, जिन्होंने झारखंड का मान बढ़ाया है। ये और कोई नहीं बल्कि गुमला जिला का रहने वाली युवा कवयित्री पार्वती तिर्की हैं। झारखंड की इस युवा कवयित्री डॉ. पार्वती तिर्की को उनके कविता संग्रह "फिर उगना" के लिए वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें कविता विधा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए दिया गया है। झारखंड के गुमला जिले की रहनेवाली पार्वती तिर्की की यह उपलब्धि राज्य के साहित्यिक जगत के लिए गर्व का विषय बन गई है। पुरस्कृत होने के बाद रांची पहुंची पार्वती तिर्की ने खास बातचीत की है। पार्वती तिर्की ने इस सम्मान को आदिवासी समाज, अपनी भाषा कुड़ुख और लेखन से जुड़े संघर्षों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार मेरे लिए सिर्फ एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक स्मृति की स्वीकृति है जिसे हम आज खोते जा रहे हैं। मेरी कविता आदिवासी जीवन,



भाषा, और परंपरा से गहरे रूप में जुड़ी हुई है. यह सम्मान मुझे आगे और बेहतर लिखने की ताकत देगा। डॉ. पार्वती तिर्की का जन्म 16 जनवरी 1994 को झारखंड के गुमला जिला में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय गुमला से हुई। इसके बाद उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू), वाराणसी से हिंदी साहित्य में स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की पढ़ाई की। उनका शोध विषय था- कुड़ुख आदिवासी गीतः जीवन राग और जीवन संघर्ष, जो यह दशार्ता है कि पार्वती ने न केवल कविता को अपनाया बल्कि अपनी जड़ों, संस्कृति और भाषा से भी गहराई से जुड़ी रहीं। पार्वती बताती हैं कि उनका साहित्यिक जीवन उन्हीं गांवों, गीतों और कहानियों की विरासत से प्रेरित है जो अब धीरे-धीरे हमारी चेतना से गायब होते जा रहे हैं। अपने शोध कार्य के दौरान उन्होंने लगभग 50 गांवों का दौरा किया और लोकगीतों, किस्सों और अनुभवों को नजदीक से समझा। ये अनुभव उनकी कविताओं में आत्मसात हो गए।

## संक्षिप्त खबर

### संजय सेठ के प्रयास से सिल्ली ईलू बाईपास रेल लाइन का शीघ्र शुरू होगा काम

**रांची :** सिल्ली ईलू बाईपास रेल लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए रेलवे ने टेंडर भी निकाल दिया है। 140 करोड़ की यह परियोजना 5.9 किमी लंबे रेल लाइन के निर्माण के लिए निकाली गई है। वर्ष 2027 तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना है। इसके निर्माण के साथ ही रांची से टाटा की दूरी कम होगी। मुरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों का दबाव भी कम होगा। वर्तमान समय में सिल्ली से मुरी होते हुए इलू जाने में 50 मिनट का समय लगता है। इससे समय की बचत होगी। रेल का समय भी बचेगा, रेल यात्रियों का भी समय बचेगा और यात्रा और भी सुगम हो सकेगी। इस रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर वर्तमान रक्षा राज्यमंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने वर्ष 2022 में रेल मंत्री वैष्णव से मुलाकात की थी। इसकी उपयोगिता पर उनसे चर्चा कर, इसके निर्माण को आवश्यक बताया था। इसके बाद श्री सेठ लगातार इसका फॉलो अप करते रहे। इस बाबत सुरक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने एक बयान में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली सरकार है, जहां हर गारंटी पूरी होने की गारंटी होती है। वर्ष 2022 में मैंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से सिल्ली इलू बाईपास रेल लाइन के महत्व पर चर्चा किया था। इसकी निर्माण और उपयोगिता पर चर्चा किया था। साथ ही उसके निर्माण का आग्रह किया था। अब इस रेलवे लाइन के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। इस लाइन के निर्माण से रांची और टाटा की दूरी कम होगी। इसके साथ ही अब यहां इंजन बदलने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। यात्रियों का 1 घंटे से भी अधिक का समय बच सकेगा। जन आकांक्षा से जुड़ी इस परियोजना के प्रति संजीदगी के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी और रेल मंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

### श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष होंगे गोपाल मुरारका

**रांची :** प्रसिद्ध सामाजिक-धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मण्डल के नए अध्यक्ष गोपाल मुरारका होंगे। मण्डल का चुनाव-निर्वाचन पहली बार संविधान के अनुरूप हो रहा है। मण्डल के संस्थापक सदस्य ,पूर्व अध्यक्ष एवम चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि नामांकन पत्र वापसी के बाद सभी पदों व कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव-निर्वाचन में संख्या के अनुसार उतने ही नामांकन पत्र शेष बचे है। श्री नारसरिया ने बताया कि डोरंडा निवासी मण्डल के सक्रिय सदस्य संजय कुमार सराफ ने अपने सभी नामांकन पत्र वापस ले लिए। श्री सराफ ने मण्डल में मतदान नही हो। इस सदभावना से अपना नामांकन वापस ले लिया। मण्डल के सत्र 2025-27 के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची आज सायंकाल जारी कर दी गई है। अंतिम सूची इस प्रकार है। गोपाल मुरारका ( अध्यक्ष ),अशोक कुमार लाडिया व श्रवण कुमार ढांढनिया(उपाध्यक्ष),गौरव अग्रवाल(महामंत्री),पंकज कुमार अग्रवाल व विष्णु चौधरी(मंत्री),आदित्य लोहिया व प्रवीण अग्रवाल हरमू रोड(उपमंत्री),मनोज कुमार खेतान(कोषाध्यक्ष),रोहित कुमार अग्रवाल(प्रचार मंत्री) एवं राजेश चौधरी (आंतरिक अंकेक्षक)। कार्यकारिणी सदस्य के लिए अनिल कुमार नारनोली,प्रवीण अग्रवाल(रातू रोड),राजेश कुमार ढांढनिया, श्याम सुंदर शर्मा एवं स्नेह कुमार पोद्दार प्रत्याशी है। चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया एवं सहयोगी राज कुमार केडिया ने बताया कि 13 जुलाई को मण्डल की आहूत बैठक में उपरोक्त सभी को निर्वाचित घोषित किया जाएगा। बैठक 11 बजे से होगी। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने सभी सदस्यों से बैठक में आने का आग्रह किया है।

### खूंटी में पेड़ों की अवैध कटाई पर एक्शन, कई घनफिट लकड़ी जब्त

**खूंटी :** जिला के दूरस्थ और सुदूरवर्ती इलाकों के जंगल इलाके में चोरी छुपे पेड़ काटकर लकड़ी की तस्करी होती है. यही नहीं तस्कर अब जंगलों के बीच आरा मशीन लगाकर पेड़ों को चीरकर पटरा बनाकर तस्करी कर रहे हैं। हालांकि वन विभाग तस्करों पर नकेल कसने के लिए कई बार कार्रवाई करता है और सूचना मिलने पर दर्जनों घनफीट लकड़ियां जब्त कर चुका है। जंगलों में के बीच आरा मशीन लगाकर पेड़ों को चीरकर उसका पटरा निकालने का खुलासा उस वक्त हुआ जब डीएफओ दिलीप कुमार को एक सूत्र ने उस जगह की तस्वीरें शेयर की। इसके बाद डीएफओ ने मामले पर संज्ञान लेते हुए अड़की के बीहड़ जंगलों के बीच बीरबांकी से सटे बीहड़ जंगल पर कार्रवाई का निर्देश दिया। डीएफओ के निर्देश पर गई टीम ने पाया कि जंगल में एक मिनी टिंबर स्थापित है और उस जगह पर कई पेड़ और पेड़ों को चीरकर रखा गया पटरा मौजूद है। इस जगह को को देखकर प्रतीत हो रहा था कि उस स्थल पर महीनों से लकड़ी की चिराई हो रही थी और उनकी तस्करी भी हो रही थी। जंगलों के बीच मशीन लगाकर चिराई का अवैध धंधा का खुलासा होने के बाद डीएफओ ने तमाड़ निवासी कुलदीप मांझी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वन विभाग द्वारा बताया गया कि जिस कुलदीप मांझी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है उसके खिलाफ रांची और खूंटी वन प्रमंडल क्षेत्र की लकड़ियों को तस्करी करने के चार मामले पहले से दर्ज हैं और क्षेत्र में उन्हीं के द्वारा तस्करी की जाती रही है। डीएफओ दिलीप कुमार ने बताया कि खूंटी वन विभाग को जैसे ही इसकी सूचना मिली, वन विभाग अपनी टीम बनाकर अभियान में निकला और महीनों से लकड़ी चिराई करने वाले स्थल को चिन्हित कर चिराई में लगे लोगों का पता लगाने में जुटी है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी की हुई बैठक



**रांची :** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। तथा कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के 1 वर्ष का आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 जुलाई को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह- 2025 का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह के लिए विकास अग्रवाल एवं विशाल पाड़िया को कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में 6 जुलाई को धनबाद में आयोजित झारखंड प्रांतीय अधिवेशन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने बताया कि 6 जुलाई को धनबाद के राजविलास रिसोर्ट में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन मे नवनिर्वाचित झारखंड के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल पदभार ग्रहण करेंगे। इस अधिवेशन में मुख्य रूप से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ सहित कई गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। उन्होंने रांची से भी अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों को प्रांतीय अधिवेशन मे भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में मारवाड़ी सम्मेलन का सदस्यता अभियान बृहद स्तर पर चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन संयुक्त महामंत्री कौशल राजगढ़िया ने तथा धन्यवाद- ज्ञापन उपाध्यक्ष रमेश शर्मा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक मे रवि शंकर शर्मा, किशन साबू, पवन कुमार पोद्दार,नरेंद्र गंगवाल, मनोज चौधरी,कौशल राजगढ़िया रमेश शर्मा, अंजय सरावगी, राजेंद्र कुमार केडिया,निर्भय शंकर हरित, प्रमोद शाश्वत, पवन शर्मा, संजय सर्राफ, कमलेश संचेती, महेंद्र जैन,निर्मल बुधिया, अनिल अग्रवाल,ज्योति बजाज, नरेश बंका, विशाल पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, विकास अग्रवाल,रमाशंकर बगड़िया, अजय खेतान, राजेश भरतिया, अमित बजाज, आशीष डालमिया, सुमित महलका, सनी टिंबरेवाल, सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# गुप्त सूचना पर हजारों का अवैध विदेशी शराब जब्त किया आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बरहरवा/ साहिबगंज (उजाला)।** रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर, बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने एसआई एल.बी.माझी, एएसआई बी.एन.टुडू, कांस्टेबल अनिल कुमार साह और कांस्टेबल एस.के.भारती, सभी आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के साथ बरहरवा रेलवे स्टेशन पर सुबह 10.50 बजे से छापेमारी की। इस छापेमारी सह तलाशी के दौरान, जब बरहरवा रेलवे स्टेशन के न्यू फरक्का छोर की ओर एफओबी के पास पीएफ संख्या - 01 पर पहुँचे तो देखा कि एक संदिग्ध काले रंग का पिट्ठू बैग और एक सफेद रंग का प्लास्टिक का झोला न्यू फरक्का छोर की ओर फुट ओवर ब्रिज के नीचे रखा हुआ है। काफी समय तक इंतजार करने के बावजूद कोई भी इसे लेने के लिए आगे नहीं आया। संदेह होने पर उक्त बैग और झोला की जाँच की गई तो पाया गया कि 750 मिली लीटर के कुल 19 नग रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की है। प्रत्येक बोतल की कीमत 780 रुपए है। बैग में 14,820 रुपया का रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की मिला। वहीं 750 मिली लीटर ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के 14 नग मिले हैं। प्रत्येक 750 मिली लीटर ऑफिसर चॉइस व्हिस्की का कीमत 590 रुपया है, जिसकी कुल कीमत 8,260 रूपया है, जो एक सफेद रंग के प्लास्टिक के झोला में लावारिस के रूप में पड़ा है। ये दोनों बैग में कुल 23,080 रूपया का अवैध विदेशी शराब था। ये लावारिस पड़े शराब के बैगों को बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार द्वारा मौके पर ही जब्त किया गया। सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद, सभी जब्त शराब को आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया और उपरोक्त जब्त वस्तुओं को आगे के निपटान के लिए साहेबगंज आबकारी विभाग, झारखंड को सौंप दिया गया। वहीं आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि किसी भी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना ही हमारा प्राथमिकता है।

## नशा मुक्ति,निषिद्ध मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर राजमहल पुलिस ने अभियान चलाकर आमजन को किया जागरूक



**साहिबगंज(उजाला)।** राजमहल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मध्य नारायणपुर पंचायत में रविवार को नशा मुक्ति एवं निषिद्ध मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वही कार्यक्रम का नेतृत्व राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने किया।वही जानकारी देते हुए बताया कि साहिबगंज पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्यक्रम किया जा रहा है।जिसमे आम जनों को नशा मुक्ति, निषिद्ध मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर विस्तार से जानकारी दिया गया वहीं आगामी जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के बारे में भी प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग भाग लिए और अस्वस्थ किया कि अपने घर के लोगों को भी जागरूक करेंगे कि नशा का सेवन नहीं करें।इस मौके पर राजमहल थाना प्रभारी राजमहल गुलाम सरवर,पुलिस अवर निरीक्षक महादेव उरांव,पुलिस अवर निरीक्षक शंभु शंकर सिंह,पुलिस अवर निरीक्षक सिकंदर तिर्की एवं पंचायत के दर्जनों गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## महिला ने एक बालक को ईंट से सिर पर मारकर गंभीर रूप से किया घायल



**साहिबगंज(उजाला)।**मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ दियारा निवासी मो. नसिर खान के पुत्र मो. शाहरुख खान को रविवार को पास की ही रहने वाली एक महिला ने ईंट से सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां इस घटना के बाद परिजन थाना पहुंचे और मारपीट मामले की जानकारी उपस्थित पुलिस कर्मी को दी जिसके बाद घायल बालक को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल भेज दिया गया। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. ऋतुराज ने फौरन इलाज किया। वही मामले को लेकर घायल बालक के चाचा मो. जिशान खान ने बताया कि उसके खेत में पास की रहने वाली एक महिला का बकरी रोजाना घुसकर फसल खा लिया करता है जहां बकरी को पकड़कर उसने अपने भतीजे को लाने के लिए कहा था जहां महिला ने ईंट से बालक को मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। फिलहाल मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## दहेज प्रताड़ना मामले में तीन नामजद एवं दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** राधानगर थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना मामले में कार्रवाई करते हुए तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार उत्तर पियारपुर निवासी पोली खातून ने मामले को लेकर राधानगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। जिसमे उन्होंने बताया है कि उसकी शादी इंजामुल हक के साथ हुई है। शादी के कुछ महीनों बाद उसके पति इंजामुल हक, मजरूल शेख,सबीना बीबी एवं अन्य दो लोग दहेज की मांग करने लगे। विरोध करने पर ससुरलवाले उसके साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। वही पीड़िता ने थाना पुलिस से सभी के के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई। जिसके बाद पीड़िता के आवेदन पर कार्यवाई करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध कांड संख्या 227/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## भाजपा कार्यकर्ता द्वारा 24 जून को प्रखंड स्तरीय झारखंड सरकार के विरोध में आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन करेगे इसको लेकर की बैठक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।**राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कसवा पंचायत के इंग्लिश गांवा में रविवार को भाजपा द्वारा एक बैठक आयोजित किया गया।जिसके अध्यक्षता तीन पहाड़ मंडल के अध्यक्ष सागर मंडल ने किया।वही जानकारी देते हुए तीन पहाड़ मंडल के अध्यक्ष सागर मंडल ने कहा कि आगामी 24 जून 2025 को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार पार्टी द्वारा राजमहल प्रखंड में झारखंड सरकार के विरोध में आक्रोश रैली एवं धरना प्रदर्शन किया जाना है। इसकी तैयारी हेतु बैठक रखी गई।वही इस बैठक में बताया की वृद्धा पेंशन, आवास योजना, नल जल योजना, मैया सम्मान योजना, राशन कार्ड, बालू की तस्करी, बिचौलिया प्रथा, कानून की बदहाल स्थिति, मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार एवं अन्य ऐसे कई समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायत के प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक एवं बूथ अध्यक्ष को अधिक से अधिक संख्या ले जाने के लिए जिम्मेदारी दी गई।इस मौके परकार्यक्रम के प्रभारी राजेश मंडल ,सोनेलाल ठाकुर ,दिगंबर कर्मकार, मनोज मंडल, सरवन मंडल, शंकर ठाकुर ,राज किशोर उपाध्याय, मनोज यादव ,बिंदेश्वरी यादव, अमित मंडल, मुन्ना मंडल ,बैजनाथ मंडल , छेदन मंडल पप्पू शाह रतन कुमार, दिलीप शर्मा चंकी पांडे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# रेल दुर्घटना में राकेश कुमार तांती की हुई मौत,परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला)।**शहर के पश्चिमी रेलवे फाटक के समीप शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे चलती ट्रेन साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान जमालपुर छोटी दौलतपुर निवासी युवक राकेश कुमार तांती पिता टुनटुन तांती फिसलकर रेलवे लाइन पर गिर गया और उसका दोनों पैर कट कर अलग हो गया था। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद आरपीएफ व रेल थाना क्षेत्र की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया था जहां देर रात में युवक की मौत हो गई। उधर मामले की जानकारी मृतक युवक के परिजनों को मिलने पर परिवार के लोग रविवार को सदर अस्पताल पहुंचे जहां पोस्टमार्टम की प्रकिया पूरी होने के बाद परिजन शव को अपने साथ निजी एंबुलेंस के माध्यम से अपने घर छोटी दौलतपुर के लिए रवाना हो गए। वही मामले को लेकर मृतक युवक राकेश कुमार तांती के जीजा मनोज कुमार ने बताया कि उसका साला पलंबर का काम किया करता था जो किसी काम से साहिबगंज आया हुआ था और रेल दुर्घटना में उसकी मौत हो गई है। उधर मृतक युवक शादीशुदा था जहां इस घटना के बाद से उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल रेल थाना क्षेत्र की पुलिस ने यूडी केस दर्ज करते हुए पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हार्ट अटैक से मृत भाजपा नेता एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री के परिजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)।**रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने पार्टी के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता के परिजनों से मिलने, हरिनचारा गांव पहुंचे। बरहेट से बोरियो आने के क्रम में हरिनचरा मोड़ में भाजपा के पूर्व विधायक, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकताओं ने उनको फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद सीधे मृत भाजपा कार्यकर्ता मरांग मरांडी के घर पहुंचे। मृतक भाजपा नेता एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री थे। आजीवन भाजपा के लिए समर्पित रहे, लेकिन पिछले दिनों रात्रि पहर में हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई थी। जिसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मृतक की धर्मपत्नी सबीना किस्कू को फोन पर ढांढस बंधाया था, साथ ही एक सप्ताह के अंदर मिलने का भरोसा दिया था। उसी भरोसे को कायम करते हुए रविवार को मृतक के घर पहुंचे। मृतक के तीनों पुत्रियों व धर्मपत्नी को हर मुश्किल वक्त में साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया, किसी भी प्रकार के समस्या होने पर कॉल करने के लिए कहा। परिजनों से मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ग्रामीणों व बच्चों से भी खुलकर मिले और कार्यकताओं को मजबूती से खड़े होने का संदेश दिया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान वर्तमान हेमंत सरकार पर कमजोर होने और राज्य में अफसरशाही का हावी होने को लेकर कटाक्ष करते दिखे। जल, जंगल, जमीन, पेसा, नियोजन नीति सहित अन्य मुद्दों पर वर्तमान मुख्यमंत्री के रवैए को लेकर भी निशाना साधा। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री अपने काफि ले के साथ साहिबगंज जिला मुख्यालय की और रवाना हो गए। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, भाजपा नेता सलखू सोरेन, रामानंद साह, नरेंद्र उर्फ लाल शर्मा, दुर्गा सोरेन, सामू बास्की, भुनेश्वर तुरी, मनीष ठाकुर, अंकित कुमार, आलोक सेन, राजा दास, अमित मोदी सहित सैंकड़ों पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### धोखाधड़ी मामले में गंधर्व कर्मकार एवं विष्णु कर्मकार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।** राधानगर थाना क्षेत्र के गोबरगाड़ी गांव की एक विधवा महिला के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस संबंध में विभा बेवा पति स्व. बोनू मंडल ने राधानगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।अपनी शिकायत में पीड़िता विभा बेवा ने आरोप लगाया है कि मिस्त्री टोला निवासी गंधर्व कर्मकार और विष्णु कर्मकार ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की है। पीड़िता विभा बेवा के बयान के आधार पर पुलिस ने थाना कांड संख्या-226/25 भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(2) और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है।पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर ने अभियान के तहत लगाए बीस आम का पौधा



**बरहरवा/ साहिबगंज (उजाला)।** बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने अपनी टीम के साथ रविवार को वृक्षारोपण का कार्य किया। उन्होंने अपने साथियों के साथ बोनीडांगा के गेट नंबर - 67 ए टी के नजदीक कुल बीस आम का पौधा लगाया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि इस रिम - झिम बरसात के मौसम में हमें एक अभियान के तहत 100 आम का पौधा लगाने का कार्य करेंगे। जो भविष्य में विशाल फलदार वृक्ष के रूप में लोगों का कल्याण करेंगे। इस अभियान से पर्यावरण संतुलन बना रहेगा। मानव जीवन के लिए वृक्ष ही एक मात्र सहारा है, इसके बिना जीवन का कल्पना नहीं किया जा सकता। ये हमें जीवन जीने के मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कराते हैं। अभी बरसात के मौसम में पौधा लगाने से वे निश्चित ही अपना स्वरूप प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताते हुए कहा कि हम सभी को अपने जीवन काल में वृक्ष लगाने चाहिए। हमारे द्वारा लगाया गया पौधा न जाने कितनों का भला करेगा। आज हमने अपने अभियान के तहत बीस आम का पौधा लगाया है आगे और भी कई लगाने है।

### आपसी विवाद में युवक के साथ मारपीट, परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

**उधवा/साहिबगंज (उजाला)।**राधानगर थाना क्षेत्र के पलाश गाछी गांव में बीते शनिवार देर रात आपसी विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की गई। इस घटना में युवक घायल हो गया। घटना के बाद घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुस्तफा शेख देर रात को अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। रास्ते में कुछ लोगों से उनका आपसी विवाद शुरू हो गया। शुरूआती कहासुनी ने जल्द ही मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें मुस्तफा शेख को चोटें आईं और वह घायल हो गए।घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल मुस्तफा शेख को बिना देर किए रात में ही अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले को लेकर थाना पुलिस को सूचना दे दी गई है।

### मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**साहिबगंज(उजाला)।**तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मपुरा तो निवासी मोहम्मद इदरीश के 28 वर्षीय मोहम्मद सनी को बगल के रहने वाले एक युवक ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां घायल अपनी शिकायत हेतु तालझारी थाना पहुंचे जहां से इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। वही साहिबगंज सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। वही घायल मोहम्मद सनी ने बताया मैं साहिबगंज मजहरटोला इकरा कॉलोनी का रहने वाला हूं और मेरा ससुराल कर्मपुरा तो तो है।वही मेरा ससुराल में मेरी सास एवं मेरी साली अकेले रहती है। जहां हमलोगों ने भी बगल में अपना घर बना लिया।वही बगल के युवक मोहम्मद कल्लू ने आ कर मारपीट करने लगा।जिससे मैं गंभीर रूप से घायल हो गया। वही तालझारी थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे, बरहेट



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास अपने एक दिवस के दौरे पर भोगनाडीह पहुंचे। इस दौरान रघुवर दास ने सर्वप्रथम बरहेट स्थित शहीद सिद्धू कान्हु के जन्मस्थली भोगनाडीह पहुंचकर शाहिद के वंशज से मुलाकात किया एवं शाहिद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात शहीद क्रांति स्थल पंचकठिया पहुंचकर वीर शहिद सिद्धू कान्हु को नमन किया ।पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शहिद के वंशज से मुलाकात करने के दरमियान वंशज के परिवार वालों ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि जब से उन लोगों को सरकार के द्वारा आवास मिला है।तब से लेकर आज तक रंग रोगन एवं मरम्मती का कार्य नहीं हुआ है।इसके अलावे अब भी लगभग 7 से 8 वंशज परिवार को अब तक आवास मुहैया नहीं कराया गया है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने बरहेट प्रखंड स्थित सिमड़ा गांव में जन चोपाल से लोगों को संबोधित किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में डिजिटल एक्स-रे मशीन का विधिवत रूप से फीता काटकर किया उद्घाटन



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।**प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डीजीटल एक्स-रे मशीन का रविवार को विधिवत रूप से केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा ने फीता काटकर शुभ उद्घाटन किया।इससे पहले अतिथियों को आदिवासी रिती रिवाज से भव्य स्वागत किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डीजीटल एक्स-रे मशीन लग जाने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया। एवं पंकज मिश्रा को धन्यवाद दिये। मौके पर सिविल सर्जन डॉ पी के संथालिया,ज़िप अध्यक्ष मोनिका किस्कू,झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण सिंह,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी,सचिव मुजिबुर रहमान,सांसद प्रतिनिधि संजीव सामु हेंब्रम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय गोस्वामी, निमाय चन्द्र शील,महेश साह,मोहम्मद अली,मोहम्मद एजाज,देव सोरेन सहित अन्य मौजूद थे।

# पाकुड़ के डीपीएस छात्र सत्यम सोनी की ऐतिहासिक सफलता - आईआईटी एडवांस्ड में चयन, जिले को किया गौरवान्वित

**संघर्ष, मेहनत और दृढ़ निश्चय की मिसाल बना सत्यम, युवाओं के लिए बना प्रेरणा स्रोत**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**



**पाकुड़:** जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का एक ऐतिहासिक पल सामने आया है। डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल), पाकुड़ के छात्र सत्यम सोनी ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए पूरे जिले का नाम रौशन कर दिया है। सत्यम ने 4599वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश की पात्रता प्राप्त की है, जो कि किसी भी छात्र के लिए सपनों की मंज़िल मानी जाती है। सत्यम की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि यह इस बात का प्रतीक है कि छोटे शहरों से भी बड़े सपने उड़ान भर सकते हैं। कठिन परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सीमावर्ती जिले की चुनौतियों के बावजूद सत्यम ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, दिशा सही हो और मन में आत्मविश्वास हो, तो कोई भी ऊंचाई पाई जा सकती है।

**शिक्षा का दीप जलाने वाला परिवार**

सत्यम सोनी के पिता श्री सुबोध कुमार और माता श्रीमती सुषुप्ति देवी ने हमेशा अपने पुत्र को सकारात्मक सोच और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनके परिवार ने हमेशा शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और हर परिस्थिति में सत्यम को उत्साहित किया। यह सफलता उस मजबूत पारिवारिक समर्थन और मूल्य आधारित परवरिश का फल है।

**विद्यालय ने की सराहना**

डीपीएस पाकुड़ के प्राचार्य व शिक्षकगणों ने सत्यम की सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि सत्यम की उपलब्धि आज के युवाओं के लिए एक मिसाल है। विद्यालय ने सत्यम को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास और परिणाम अन्य छात्रों को भी आईआईटी जैसी कठिन परीक्षाओं में भाग लेने और विजय प्राप्त करने की प्रेरणा देगा।

**सत्यम की प्रेरक यात्रा**

सत्यम ने न केवल कठिन परिश्रम किया, बल्कि स्मार्ट स्टडी और लक्ष्य के प्रति समर्पण से भी अपनी राह बनाई। उनकी दिन-रात की मेहनत, कक्षा में अनुशासन, समय प्रबंधन, और आत्मविश्लेषण की आदत ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, केवल निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति ईमानदारी ही सफलता की कुंजी है।

**युवाओं के लिए संदेश**

सत्यम की यह सफलता उन हजारों युवाओं के लिए संदेश है जो संसाधनों की कमी को बहाना बनाकर पीछे रह जाते हैं। सत्यम की तरह अगर जुनून हो, धैर्य हो और खुद पर विश्वास हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रह सकता। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि ₹छोटे शहरों के बच्चे भी बड़े सपने देख सकते हैं और उन्हें साकार भी कर सकते हैं।

**भविष्य की शुभकामनाएं**

सत्यम को पूरे जिले से बधाई संदेश मिल रहे हैं। उन्हें भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी जा रही हैं। लोग आशा कर रहे हैं कि वह आगे चलकर देश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और पाकुड़ का नाम और ऊँचाई तक ले जाएंगे।यह सफलता एक नहीं, हजारों उम्मीदों की लौ है – जो यह दिखाती है कि यदि हौसले बुलंद हों, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

## लालू यादव का कच्चा मकान हुआ ध्वस्त, खाद्य सामग्री भी हुए बर्बाद

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा।** सिमरिया प्रखंड के ग्राम पंचायत जांगी निवासी लालू कुमार यादव का कच्चा मकान मूसलाधार बारिश में गिरकर ध्वस्त हो गया। जिसे घर के सदस्य बाल- बाल बच गए। घर ध्वस्त होने के कारण भुक्तभोगी परिवार को भारी क्षति हुई है। भुक्तभोगी ने बताया कि बारिश के कारण मेरा घर गिर गया है और चावल, गेहूं, प्याज, आलू समेत खाद्य सामग्री के साथ- साथ अन्य सामान दबकर बर्बाद हो गया। भुक्तभोगी ने प्रखंड प्रशासन से आवास देने और अंचल अधिकारी से आपदा प्रबंधन के तहत जांच कर उचित मुआवजा देने का अनुरोध किया है। ताकि आवास में रहकर जीविकोपार्जन कर सकें।

## आम लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर रहें जिला प्रशाशन : रामचंद्र सिंह

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतरा ।** सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील एवं समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं आम लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर एवं संवेदनशील रहें। उक्त बातें झारखंड विधानसभा आचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने आज चतरा परिसदन में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कही।बैठक के दौरान जिले में संचालित विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल थे। प्रत्येक विभाग द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं की प्रगति, समस्याओं एवं समाधान प्रयासों की जानकारी दी गई। बैठक में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित मामलों का निष्पादन, जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं उनके लाभुकों तक पहुंच आदि की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह तथा समिति के सदस्य चंद्रदेव महतो के आगमन पर उपायुक्त कीर्तिश्री तथा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया।

## एनजीटी की रोक के बावजूद धड़ल्ले से जारी है अवैध बालू का परिवहन



**दिन के उजाले और रात के अंधेरे में धड़ल्ले से हो रही तस्करी**

**बालू लदे ट्रैक्टर और बोलेरो में जबरदस्त भिड़ंत, चालक को हल्की चोटें**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में एनजीटी की रोक के बावजूद अवैध बालू परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिन हो या रात, सैकड़ों की संख्या में बालू लदे ट्रैक्टर और कीपर वाहन निर्बाध रूप से सड़कों पर दौड़ रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और खाकी वदीर्धारी अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार में कुछ सफेदपोशों की भी सक्रिय भूमिका है, जो पूरे नेटवर्क को मैनेज कर रहे हैं। गौरतलब है कि प्रतिदिन गोरहर थाना क्षेत्र से होकर सैकड़ों बालू लदे वाहन इचाक, टाटीझरिया होते हुए हजारीबाग तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। शनिवार की मध्य रात्रि को गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुआ मोड़ समीप एक सफेद रंग की बोलेरो ने एक बालू लदे ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि चालक को केवल मामूली चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, परंतु कोई भी वाहन जब्त नहीं किया गया और न ही उन्हें थाना लाया गया। इस घटना ने एक बार फिर से प्रशासन की निष्क्रियता और मिलीभगत को उजागर कर दिया है। क्षेत्रवासियों में इसको लेकर रोष व्याप्त है।

## भारी बारिश से 'मोनू ट्रेडर्स बैटरी दुकान जलमग्न

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतरा।** जिले में पिछले दिनों हुई लगातार मूसलाधार- भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। जहां टंडवा के न्यू मार्केट स्थित मोनू ट्रेडर्स (बैटरी दुकान जलमग्न हो गया।जिससे अमारा राजा कंपनी के बैटरी डिस्ट्रीब्यूटर का लाखों रुपये की बैटरी, लैपटॉप, ट्यूबलर बैटरी समेत अन्य सामग्री का भारी नुकसान हुआ है।डिस्ट्रीब्यूटर संचालक सिमरिया स्थित बानासांड़ी गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक किशुन राम ने बताया कि  दुकान में बारिश की पानी जमाव होने के कारण भारी नुकसान हुआ है। दुकान में रखा बैटरी समेत संबंधित सारा सामान खराब हो गया है। इस बाबत मुखिया प्रतिनिधि सुभाष दास ने भारी बारिश से हुए व्यापारियों का नुकसान को लेकर चतरा उपायुक्त ज्ञापन सौंपा है और त्वरित जांच कर उचित मुआवजे देने की मांग की है। इधर भुक्तभोगी ने भी जिला प्रशासन से जांच कर सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया है।

## दिनदहाड़े फायरिंग से दहला हजारीबाग का बाड़म बाजार, श्री ज्वेलर्स को बनाया निशाना

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**




**हजारीबाग:-** शहर के हृदयस्थल बाड़म बाजार में स्थित श्रीज्वेलर्स में रविवार को दिनदहाड़े हुई ताबड़तोड़ फायरिंग ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। हैरानी की बात यह है कि यह घटना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनीष जायसवाल के आवास से के कुछ ही दूरी पर हुई, जो सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अज्ञात अपराधियों ने अचानक दुकान के सामने पहुंचकर कई राउंड गोलियां चलाईं। घटना के बाद अपराधी फरार हो गए, जबकि इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दुकान के शीशे पर साफतौर पर गोली के कई निशान देखे जा सकते हैं, जो इस हमले की गंभीरता को दशार्ते हैं। सौभाग्यवश जान-माल की क्षति नहीं गनीमत रही कि इस हमले में किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई और कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। फायरिंग के वक्त दुकान बंद थी, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। स्थानीय व्यापारियों में रोष, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि जब सांसद आवास से चंद कदमों की दूरी पर इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं, तो आम जनता कितनी सुरक्षित है

**पुलिस जांच में जुटी, CCTV फुटेज खंगाले जा रहे**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही अपराधियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न सिर्फ हजारीबाग की कानून व्यवस्था को चुनौती देती है, बल्कि प्रशासन के दावों पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर बेहद चिंतित हैं और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## एफसीआई गोदाम में हुई औचक जांच, डीएसओ ने परखा अनाज वितरण की गुणवत्ता

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**



**पाकुड़ (हिरणपुर) :** खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने रविवार को हिरणपुर के एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान वे गोदाम में संग्रहित खाद्यान्न की गुणवत्ता और भंडारण व्यवस्था का गहन मूल्यांकन करते दिखे।निरीक्षण के दौरान डीएसओ ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी और स्टोरेज की स्थिति का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने गोदाम में रखे चावल, गेहूं और अन्य खाद्य सामग्रियों की जांच की और कहा कि समय पर उचित मात्रा में आपूर्ति पहुँचना बेहद जरूरी है ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो।डीएसओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वितरण में पारदर्शिता बनी रहे और हर लाभुक को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी तरह की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
पारदर्शी वितरण प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में यह कार्रवाई प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन बैठक का आयोजन, नव निर्वाचित रूप से संगठन मजबूत हेतू विस्तार किया गया

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**




**केरेडारी/ हजारीबाग:-** केरेडारी प्रखंड पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन बैठक का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में इस महा संगठन के जिला अध्यक्ष कैलाश साव एवं जिला युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार  एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू के उपस्थिति में बैठक को विस्तार करते हुए पुनर्गठन किया गया बैठक की अध्यक्षता केरेडारी पूर्व मुखिया तापेश्वर साहू एवं संचालन कर्ता अरविंद कुमार ने किया। बैठक में मुख्य उद्देश्य यह था की पंचायत से लेकर प्रखंड स्तरीय तक साहू समाज का संगठन मजबूत होना।जिसमें कई पदाधिकारी का भी चयनित किया गया। बैठक में आए हुए अतिथि एवं सभी पंचायत के जनप्रतिनिधि तथा कुछ समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी ने बारीकी- बारीकी से अपना विचार विमर्श रखा। और उन्होंने यह भी कहा कि इस संगठन के लिए हर संभव हम लोग तात्पर्य खड़े रहेंगे किसी के साथ सुखः से लेकर दुखः तक तात्पर्य खड़ा रहूंगा। चयनित पदाधिकारी इस प्रकार हैः- केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष तापेश्वर साहू पूर्व मुखिया, प्रखंड सचिव प्रेम साव,उपाध्यक्ष जागेश्वर साव (जोरदाग) युवा प्रखंड अध्यक्ष शेखर साव, सचिव अयोध्या कुमार साव,उपाध्यक्ष उमेश साव, युवा संगठन मंत्री सह मीडिया प्रभारी जागेशवर कुमार, महिला प्रखंड अध्यक्ष जितनी देवी वर्तमान मुखिया बेलतू को मनमोनित किया गया। पद का घोषणा करते ही घोषणा पत्र जिला अध्यक्ष के द्वारा जारी किया गया साथ ही मिठाई खिलाया गया और शांतिपूर्ण तरीके से सभा को समाप्ति किया गया। मौके पर दिनेश साव मुखिया कंडाबेर, अर्जुन साव, अरविंद कुमार ,जितनी देवी, जागेश्वर कुमार ,महेंद्र कुमार साव, बैजनाथ कुमार साहू, खुशलाल साहू, प्रेम साहू, केदार साव, तापेश्वर साव, सिकंदर कुमार ,बबलू कुमार, हरि साव, दीपक कुमार गुप्ता, विकास कुमार साहू ,गुरदयाल साहू, सिकंदर साव, जागेश्वर साव, उमेश कुमार साहू, झमन साहू, बादल कुमार साहू, मोहन साव, महेश साव मुखिया पचड़ा जूठन साव एवं अन्य समस्त साहू उपस्थित थे।

## टाल सीजन 4 का दूसरा ऑडिशन 6 जून को धनबाद में पूर्वी भारत की प्रतिष्ठित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता



**सिंदरी /धनबाद।** टाल सीजन 4 का दूसरा ऑडिशन 06 जून 2025को धनबाद में आयोजित किया जाएगा। यह ऑडिशन ग्लोबल आर्ट स्टूडियो, अशोक विहार कॉलोनी, अनिल ट्रेडर्स के पास, भुइफोड़, धनबाद में संपन्न होगा। प्रतियोगिता का आयोजन जमशेदपुर स्थित साई गुरुकुल द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पूर्वी भारत के उभरते हुए कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इस ऑडिशन में भाग लेने वाले प्रतिभागी नृत्य, गायन और मॉडलिंग जैसी विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।प्रतियोगिता की श्रृंखला में जमशेदपुर, रांची, बोकारो और कोलकाता जैसे शहरों में भी ऑडिशन आयोजित किए जाएंगे। प्रत्येक शहर में चयनित प्रतिभागियों को अंतिम राउंड के लिए जमशेदपुर आमंत्रित किया जाएगा।टाल सीजन चार का ग्रैंड फिनाले 10 अगस्त 2025 एक्सएलआरआई  जमशेदपुर में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन से प्राप्त आय वृद्धाश्रम में समाज सेवा हेतु समर्पित की जाएगी।

# बरसा ऑटोमोबाइल्स ने निभाई सामाजिक ज़िम्मेदारी, टीबी मुक्त भारत अभियान में दस मरीजों को लिया गोद

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**




**पाकुड़ :** स्वास्थ्य और समाज सेवा की दिशा में निजी संस्थानों की भागीदारी दिन-ब-दिन मजबूत होती जा रही है। इसी क्रम में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए गोकुलपुर स्थित बरसा ऑटोमोबाइल्स ने ह्यटीबी मुक्त भारत अभियानह्न के तहत 100 दिवसीय विशेष पहल की शुरूआत की है। इस अभियान के अंतर्गत कंपनी ने पाकुड़ ज़िले के 10 टीबी पीड़ित मरीजों को गोद लेकर न केवल आर्थिक सहायता, बल्कि पोषण एवं सामाजिक सहयोग भी प्रदान किया है।

**टीबी मरीजों के लिए 100 दिनों की पोषण योजना**

इस अभियान की शुरूआत मई माह में ह्यमाईल्ड एक्टिविस्ट प्रोग्रामह्न के तहत की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों को पोषण और भावनात्मक सहयोग देना है, जिससे वे तेजी से स्वस्थ हो सकें। प्रत्येक मरीज को चना, दाल, चावल, तेल, बिस्कुट और न्यूट्रीशन किट उपलब्ध कराई जा रही है। कंपनी द्वारा इस योजना को 100 दिनों तक निरंतर चलाया जाएगा।

**बरसा ऑटोमोबाइल्स का प्रेरक योगदान**

यामाहा शोरूम के मालिक कुणाल चक्रवर्ती ने बताया कि समाज के प्रति उनकी कंपनी की यह नैतिक ज़िम्मेदारी है कि वह स्वास्थ्य और जागरूकता से जुड़े ऐसे अभियानों में भाग ले। उन्होंने कहा, ₹हम केवल व्यापार नहीं करते, बल्कि समाज के विकास में भागीदारी निभाने का भी प्रयास करते हैं। यह अभियान हमारी सामाजिक जवाबदेही का हिस्सा है और आने वाले समय में इसे और विस्तार दिया जाएगा।

**प्रशासन और संस्थान की संयुक्त पहल**

पाकुड़ के उपायुक्त मनीष कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें दूरदराज के मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य, पोषण और परामर्श की सुविधाएं दी जा रही हैं। यह पहल जिला प्रशासन और निजी कंपनी के संयुक्त सहयोग से संभव हो सकी है, जो प्रशासनिक इच्छाशक्ति और निजी संस्थान के सेवा-भाव का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है।

**टीबी के खिलाफ जागरूकता अभियान भी जारी**

मरीजों को सहायता देने के साथ-साथ, बरसा ऑटोमोबाइल्स की टीम टीबी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए जागरूकता अभियान भी चला रही है। कर्मचारियों और आम लोगों को बताया गया कि टीबी एक इलाज योग्य रोग है और समय पर उपचार, पोषण और परामर्श से यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान यामाहा शोरूम के कर्मचारियों ने टीबी के लक्षणों, उपचार की विधियों और सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी ली और इस मुहिम को अपने-अपने इलाकों तक पहुंचाने की शपथ ली।

**निजी क्षेत्र की भूमिका से स्वास्थ्य क्षेत्र को मिल रही नई दिशा**

टीबी जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में जब तक समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक लक्ष्य को पाना कठिन होगा। बरसा ऑटोमोबाइल्स जैसे संस्थानों की भागीदारी से स्वास्थ्य जागरूकता, पोषण और सामाजिक एकजुटता का जो मॉडल तैयार हुआ है, वह देश के अन्य हिस्सों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## पलामू पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल प्रतिबंध उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का एक नक्सली गिरफ्तार

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**

**पलामू:**झारखंड विधानसभा चुनाव के समय पुलिस अपनी दैनिक अभियान में थी कि पुलिस अधीक्षक महोदया पलामू को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रतिबंध उग्रवादी संगठन टी एस पी सी के जोनल कमांडर शशिकांत गंझू अपने दस्ते के साथ छत्तरपुर थाना क्षेत्र के तुरीदाग के जंगली पहाड़ी क्षेत्रों में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के इरादे से एकत्रित हैं। इसी क्रम में प्रतिबंध उग्रवादी संगठन टी एस पी सी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुआ था जिसने नक्सली पर्चा समेत कई दैनिक सामन को जप्त किया गया था। इसी बीच सूचना प्राप्त हुए कि प्रतिबंध उग्रवादी संगठन टी एस पी सी के दस्ता सदस्य के शंभु सिंह पिता अवध सिंह ग्राम पलवा टोला मोरचवा थाना छत्तरपुर जिला पलामू ग्राम पलवा के तरफ रंगदारी/ लेवी का पैसा उठाने आया हुआ है। जिसे पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध पलामू जिले के कई थाना में आपराधिक मामले दर्ज हैं। छापामारी दलः- पु०अ०नि सह थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, छतरपुर थाना, पु०अ०नि सुशील उरांव, छत्तरपुर थाना, स०अ०नि० अनिल रजक, छतरपुर थाना,आ01966 रामनारायण विश्वकर्मा, तकनीकी शाखा,सशस्त्र बल छत्तरपुर थाना पलामू शामिल थे।

न्यायाधीश का स्पष्ट संदेश: न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए

# पारदर्शी और समयबद्ध न्याय की ओर एक कदम: व्यवहार न्यायालय में आदेश लेखन एवं ADR पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**

पाकुड़ : संवाददाता न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से रविवार को व्यवहार न्यायालय परिसर के सभागार में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र झारखंड न्यायिक अकादमी, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शेषनाथ सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण में कोर्ट के शेरिस्तादार, पेशकार तथा अन्य न्यायालय कर्मियों को आदेश लेखन की तकनीकी बारीकियों, वादों के निष्पादन की विधियों तथा वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली (अउफ़) की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



**तीन प्रशिक्षकों ने दिया दक्षता का पाठ**

इस प्रशिक्षण सत्र का संचालन जितेंद्र कुमार गुप्ता (पेशकार), राघवेंद्र ठाकुर (वरिष्ठ सहायक) एवं जनार्दन मालाकार (प्रभारी शेरिस्तादार) ने किया, जिन्हें हाल ही में रांची स्थित न्यायिक अकादमी में MS-2 कोर्स का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त हुआ था। प्रशिक्षण को दो पालियों में विभाजित कर कर्मियों को आदेश लेखन से संबंधित अद्यतन प्रावधानों और उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित नवीन आदेश प्रपत्रों के प्रयोग की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**न्यायाधीश का स्पष्ट संदेश: न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री शेषनाथ सिंह ने सत्र के दौरान कर्मचारियों को सख्त लेकिन प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा, ₹पाकुड़ जैसे पिछड़े जिले में प्रत्येक फरियादी न्यायालय में आशा लेकर आता है। यदि हमारी लापरवाही से उसे कोई असुविधा होती है तो यह केवल व्यावसायिक त्रुटि नहीं, नैतिक विफलता भी है।

उन्होंने कर्मियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में उतारें, ताकि न्याय प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी, सुचारू एवं समयबद्ध हो सके।

**फीस संरचना और सुविधाओं पर हुआ विचार-विमर्श**

प्रशिक्षण में वादों में देय ऐड वॉलेरम फीस (यथामूल्य शुल्क) की गणना, उसके व्यावहारिक पक्ष, तथा फरियादियों व अधिवक्ताओं की सुविधा बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई। सत्र में यह विचार व्यक्त किया गया कि कोर्ट परिसर को तकनीकी रूप से सशक्त व उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

**वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) की भूमिका पर विशेष जोर**

प्रशिक्षण का एक अहम पहलू वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली (ADR) रहा, जिसमें छोटे व व्यक्तिगत विवादों को न्यायालय के बाहर हल करने की प्रक्रिया, उसके फायदे और न्याय व्यवस्था पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा की गई। इससे न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम करने की दिशा में एक प्रभावी उपाय के रूप में देखा गया।

**उपस्थिति और सहभागिता**

इस विशेष प्रशिक्षण सत्र में अपर न्यायिक दंडाधिकारी विशाल मांझी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी विजय कुमार दास सहित व्यवहार न्यायालय के सभी कर्मी मौजूद रहे। सभी ने विषयों को गंभीरता से ग्रहण किया और अपने दायित्वों को और अधिक कुशलता से निभाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई।यह विशेष प्रशिक्षण सत्र पाकुड़ न्यायिक प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुआ है। ऐसे प्रयास न केवल न्यायिक दक्षता बढ़ाते हैं, बल्कि आम जनता के न्याय पर विश्वास को भी और मजबूत करते हैं।

## विधानसभा की लोक लेखा समिति ने हजारीबाग जिले का किया दौरा



**विभागीय वित्तीय प्रबंधन एवं लेखा संबंधी मामलों की समीक्षा की गई**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**हजारीबाग:-** झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति ने शनिवार को हजारीबाग जिला का दौरा किया समिति के सभापति एवं बरही विधायक श्री मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में समिति ने परिसदन भवन में वित्तीय संबंधी मामलों की जानकारी अद्यतन प्रतिवेदन के साथ ली समिति के सदस्य चक्रधरपुर विधायक श्री सुखराम उरांव, मनोहरपुर विधायक श्री जगत मांझी, कोलेबिरा विधायक श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी तथा बरकट्ठा विधायक श्री अमित कुमार यादव एवं बड़कागांव विधायक श्री रोशनलाल चौधरी उपस्थित थे। परिसदन में आयोजित बैठक में समिति ने जिले के समस्त वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय आर्थिक प्रबंधन, सरकारी खर्चों की पारदर्शिता, लेखा परीक्षण, वित्तीय दस्तावेजों के मूल्यांकन सहित विभिन्न वित्तीय पहलुओं पर गहन चर्चा कर जानकारी ली। समिति ने विभागीय अधिकारियों से अद्यतन जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने पर बल दिया समिति ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागीय कंडिकाओं की नियमित समीक्षा करते हुए उसमें निहित समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि वित्तीय अनुशासन एवं उत्तरदायित्व का पालन प्रभावी रूप से हो सके।

## पुलिस ने पोलडीह गांव से किराना दुकान से भारी मात्रा में शराब किया बरामद ,किराना दुकान बना मयखाना



**झारखंड उजाला,संवाददाता**

**हुसैनाबाद,पलामू:** हुसैनाबाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के पोलडीह गांव में एक किराना दुकान से भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब को जब्त किया है, इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली की पोलडीह गांव में एक किराना दुकान में भारी मात्रा में शराब का भंडारण किया गया है,इसकी सूचना की जानकारी पुलिस के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक छापेमारी दल का गठन कर शनिवार की शाम पुलिस टीम पोलडीह गांव उक्त दुकान के पहुंची तो पुलिस को देखते हुए वहां पर खड़े कई ग्रामीण भाग निकले, दुकान का तलाशी लेने के क्रम में एक कमरे में 30पेटी टनाका देशी शराब ,बीयर की चार पेटी जिसमें गॉड फादर, किंग फिशर बीयर की सात पेटी, आरएस 180एम एल 46बोतल, इसकी अलावा ब्लेंडर प्राइड, सिग्नेचर, मेगडोवल, इंपीरियल ब्लू, शराब को बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब पांच लाख है, दुकान संचालक कुंदन सिंह को अवैध रूप से शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर, रविवार को न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया, इस छापेमारी अभियान दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई मुकेश कुमार सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, रमण यादव, टुनटुन कुमार, के पुलिस के कई जवान शामिल थे।

# इंसानियत की सबसे बड़ी मिसाल: शमसाद आलम ने समय पर रक्तदान कर गर्भवती महिला की बचाई जान

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**

**पाकुड़:** कई बार संकट की घड़ी में एक अनजान व्यक्ति किसी देवदूत की तरह सामने आता है। ऐसा ही उदाहरण पेश किया पाकुड़ के जुझारू युवा समाजसेवी शमसाद आलम ने, जिन्होंने अपने साहस, संवेदनशीलता और इंसानियत से न केवल एक जीवन बचाया, बल्कि समाज को भी एक नई दिशा और प्रेरणा दी।पाकुड़ सदर अस्पताल के सोनोग्राफी वार्ड में भर्ती इस्लामपुर की 36 वर्षीय गर्भवती महिला ताजुलनिशा की हालत अचानक गंभीर हो गई। डॉक्टरों ने तत्काल ब्लड की जरूरत बताई। परिजनों की चिंता बढ़ती जा रही थी, लेकिन रक्त का कोई इंतजाम नहीं हो पा रहा था।




**समय की नजाकत को समझा, और बना जीवनदाता**

ऐसे समय में, जब हर पल कीमती था, सोशल मीडिया और जिला ब्लड ग्रुप नेटवर्क के माध्यम से यह खबर शमसाद आलम तक पहुँची। उन्होंने बिना एक पल गंवाए अस्पताल पहुँचकर तुरंत रक्तदान किया और महिला की जान बचा ली। यह सिर्फ रक्तदान नहीं था, बल्कि उम्मीद, मानवता और जीवटता का एक सजीव उदाहरण था।

**सेवा ही मेरा धर्म है₹ – शमसाद आलम**

रक्तदान के बाद जब उनसे बात की गई, तो उन्होंने भावुक होकर कहा–हमारा प्रयास है कि पाकुड़ में कोई भी व्यक्ति खून की कमी से अपनी जान न गंवाए। जरूरतमंदों के लिए 24७7 सेवा देने को मैं और मेरी टीम सदैव तैयार है। सेवा करना मेरा कर्तव्य नहीं, मेरा धर्म है।

**युवाओं को मिल रही प्रेरणा**

शमसाद आलम की इस पहल ने आज के युवाओं को यह दिखा दिया कि समाज की सच्ची सेवा नारे या मंचों से नहीं, बल्कि जमीनी कार्यों से होती है। उन्होंने यह प्रमाणित किया कि इंसानियत सबसे बड़ा धर्म है और सेवा से बढ़कर कोई पूजा नहीं।

**रक्तदान: जीवन का सबसे सुंदर उपहार**

इस मौके पर आयोजित मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में भी युवाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजक सचिव अरविंद शाह, प्रमोद कुमार, चंदन ठाकुर, पिंटू शाह और नवीन शाह ने भी इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शमसाद जैसे युवाओं की वजह से समाज में आज भी भरोसा जिंदा है।

## दान की तस्वीरें या इज्जत की नीलामी दान - आत्मा की आवाज, न कि प्रदर्शन का मंच



**समाजसेवा के नाम पर दिखावा कब तक?**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख,पाकुड़**

हम उस दौर में जी रहे हैं जहां हर भावना, हर क्षण और हर कर्म को एक कैमरे के फ्रेम में कैद करना जैसे अनिवार्य सा बन गया है। चाहे कोई सामाजिक कार्य हो, पूजा-पाठ हो, या फिर किसी असहाय व्यक्ति की मदद – हर जगह फोटो जरूरी समझा जाने लगा है। विशेषकर जब बात दान की आती है, तो यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है:

क्या दान की तस्वीरें दिखाकर हम सच में समाजसेवी हैं, या केवल अपनी छवि को चमका रहे हैं?

दान - आत्मा की आवाज, न कि प्रदर्शन का मंच

भारतीय संस्कृति में दान को ह्यपुण्य का कार्यह्न माना गया है। प्राचीन ग्रंथों से लेकर संतों की वाणी तक, हर कहीं यही सिखाया गया है कि दान गुप्त हो, निःस्वार्थ हो और सम्मानजनक हो। दाएं हाथ से दिया जाए तो बाएं हाथ को भी पता न चलेह्न – यह सिर्फ कहावत नहीं, बल्कि एक मूल्य है, जो हमें सिखाता है कि दान का उद्देश्य आत्मसंतोष है, आत्मप्रदर्शन नहीं। लेकिन आज का दृश्य कुछ और ही है। कोई भोजन देता है, तो सेल्फी लेता है। कोई कंबल बांटता है, तो फोटोशूट करवाता है। किसी की मजबूरी और गरीबी की तस्वीर लेकर उसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अपलोड किया जाता है, जैसे यह कोई उपलब्धि हो।

जब किसी की भूख, किसी और की शोहरत बन जाए

जिस व्यक्ति को मदद की आवश्यकता है, उसकी स्थिति पहले ही संघर्षमयी होती है। अगर उस पर कैमरे का लेंस भी तान दिया जाए, तो यह उसके आत्मसम्मान पर हमला है। सोचिए, कोई मजबूर व्यक्ति जिसे शायद रोज दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं, उसकी वह अवस्था सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कर दी जाती है। क्या हम कभी सोचते हैं कि उसकी भावनाएं क्या होंगी? क्या वो सिर्फ एक फोटो का सब्जेक्ट बनकर रह गया?

**स्वाभिमान का हनन:** दान करते हुए किसी की पहचान सार्वजनिक करना उसके आत्मसम्मान को गहरे तक आहत करता है। जरूरतमंद होना कोई अपराध नहीं, लेकिन उसे ऐसे दिखाना कि जैसे वह दया का पात्र है, यह मानसिक शोषण जैसा है।

**दान की भावना का क्षरण:** जब दान प्रचार और लाइक्स का माध्यम बन जाए, तब उसका उद्देश्य खो जाता है। सेवा के स्थान पर यह सोशल स्टेटस की दौड़ बन जाती है।

**प्रेरणा नहीं, नकल:** जब युवा पीढ़ी देखती है कि ₹सेवा₹ करने का मतलब है फोटो डालना और वाहवाही पाना, तो वे सेवा की आत्मा को नहीं, केवल उसका पैकिंग अपनाते हैं।

महापुरुषों की दृष्टि में दान

**स्वामी विवेकानंद ने कहा था:** जो सेवा दिखावे के लिए की जाती है, वह सेवा नहीं, व्यापार है।₹महात्मा गांधी मानते थे:₹असली दान वही है, जो दाता को भी गर्व न दे और लेने वाले को शर्म न महसूस हो।₹रवींद्रनाथ टैगोर लिखते हैं:₹सेवा वह है जो दूसरों की पीड़ा को अपने भीतर अनुभव कर सके, न कि केवल उसे दिखाकर राहत महसूस करे।

समाधान की ओर कुछ आवश्यक कदम

**मूल उद्देश्य पर ध्यान दें:** सेवा करते समय याद रखें कि केंद्र में आपकी नहीं, उस व्यक्ति की जरूरत होनी चाहिए।

**प्रेरणा बनिए, प्रचार नहीं:** अगर आप अनुभव साझा करना भी चाहते हैं, तो केवल विचारों और संवेदनाओं को बाँटिए, व्यक्ति की पहचान नहीं।

**निराश्रित को सम्मान दें, सहानुभूति नहीं:** समाजसेवा का अर्थ हीरो बनना नहीं, बल्कि किसी को खुद के पैरों पर खड़ा करने में मदद करना है।

**विचार के लिए छोड़ जाए ये प्रश्न:** क्या हम समाजसेवा कर रहे हैं, या समाज को दिखा रहे हैं क्या तस्वीर जरूरी है, या संवेदनाअगर कैमरा न हो, तब भी क्या हम वही सेवा करेंगे

**सेवा को सजावट मत बनाइए**

सेवा, सहानुभूति और सम्मान का संगम है। किसी की मजबूरी को अपनी प्रसिद्धि का साधन बनाना, न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक संकेत है।दान करते समय हम किसी की रोटी नहीं, उसका आत्मसम्मान थामते हैं – उसे जमीन से उठाते हैं, न कि कैमरे से गिराते हैं।इसलिए अगली बार जब आप किसी की मदद करें, तो हाथ आगे बढ़ाइए – कैमरा नहीं।

# आचार्य सिद्धेश्वर फाऊंडेशन के तत्वावधान में छात्र छात्राओं के बीच प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**विद्या एक एसी वस्तु है उसे कोई छिन नहीं सकता : शशि कुमार**

**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू :** रविवार को हुसैनाबाद के मैट्रिक व इंटरमीडिएट के टॉपर्स विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इसका आयोजन आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा स्थानीय जपला-छत्तरपुर रोड स्थित उदयनाथ विश्वकर्मा कम्प्लेक्स के सभागार में की गयी। अध्यक्षयता फाउंडेशन के अध्यक्ष अंगद किशोर व संचालन कोषाध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने किया। पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार व रामेश्वर राम, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय, प्रो. शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो. राजेश कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाध्यपक राजेन्द्र सिंह, सचिव आलोक कुमार आदि द्वारा माँ सरस्वती व फाउंडेशन के जनक आचार्य सिद्धेश्वर पाठक के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की गई। इसमें हुसैनाबाद अनुमंडल के मैट्रिक व इंटरमीडिएट टॉपर्स व विभिन्न विद्यालय टॉपर्स को किट बैग व प्रशस्ति पत्र भेंट की गई। उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। शशि कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का सम्मान देश और समाज का सम्मान है। रामेश्वर राम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में काफी निखार आता है। अध्यक्ष अंगद किशोर ने कहा कि आचार्य सिद्धेश्वर फाउंडेशन द्वारा यह आयोजन 14 वां है।2012 से अनवरत चल रहा है। सचिव आलोक कुमार ने बताया कि इस आयोजन में मैट्रिक और इंटर के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाता है। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में स्वेता कुमारी, सौम्या कुमारी, सौरभ कुमार, श्रुति कुमारी, विभा कुमारी, सपना कुमारी, सुहाना, पायल कुमारी, लवकेश रौशन, नीतीश पाल, अंकित गर्ग, शुभम कुमार, समीक्षा कुमारी, प्रेरणा कुमारी, आदिति कुमारी, सौम्या अग्रवाल, अभिषेक पाल, इशांत कुमार, आयुष राज, मोनू कुमार, एसी शर्मा, अभिषेक ठाकुर, कल्याणी कुमारी, अंजली कुमारी, रुबीना बानो, पारुल कुमारी, अंकुश कुमार मेहता, दीपक यादव, मुस्कान कुमारी, साक्षी कुमारी, सपना कुमारी, पुष्पम कुमार, महक परवीन, बिनिष फातमा, साहनी खातून, जस्सी सिंह, श्रीयांस अग्रवाल, मेहता आलोक मिथलेश, संगम रंजन समेत 62 टॉपर्स का नाम शामिल है।



## एनएमएल की पकरी बरवाडीह और चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजनाओं ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का अयोजन



**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**केरेडारी/हजारीबाग:-** एनएमएल की पकरी बरवाडीह और चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजनाओं ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एकजुटता और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए मनाया। यह आयोजन सिकरी टाउनशिप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मनोरंजन केंद्र और हजारीबाग स्थित डीवीसी बैडमिंटन कोर्ट में किया गया, जिसमें दोनों परियोजनाओं के कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।दोनों स्थानों पर प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विविध योग आसनों का अभ्यास किया। इस वर्ष की थीम ₹योग एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए₹ को अपनाते हुए, कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि व्यक्ति का स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। यह थीम सतत जीवनशैली को अपनाने में योग की भूमिका को रेखांकित करती है। इस अवसर की गरिमा को बढ़ाया सुब्रत कुमार दाश, प्रमुख - परियोजना (पकरी बरवाडीह, पीबी-एनडब्ल्यू सीएमपी) और पवन कुमार रावत, महाप्रबंधक झ्र कोयला प्रेषण एवं बिलिंग (चट्टी बरियातू) ने, जिनके साथ विभागाध्यक्षगण भी उपस्थित रहे। एनएमएल की ये दोनों परियोजनाएं अपने कर्मचारियों की भलाई और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर बनाए हुए हैं, और ऐसे आयोजनों से वे कर्मचारियों में एक नई उत्साह का संचार करते हैं।

# कांग्रेस संगठन को मजबूती देने को लेकर विधायक निसात आलम की अगुवाई में रणनीतिक बैठक सम्पन्न

**28 जून की ह्यसंविधान बचाओ रैली को लेकर जोश, जनसंपर्क अभियान को मिलेगी धार**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**

**पाकुड़:** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय और सक्रिय विधायक निसात आलम की अध्यक्षता में रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में एक अहम संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य जमीनी संगठन को सशक्त करना, विकास कार्यों की समीक्षा करना एवं आगामी 28 जून को प्रस्तावित 'संविधान बचाओ रैली' की तैयारियों को धार देना रहा।बैठक में प्रखंड व मंडल स्तर के अध्यक्षों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक आलम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की ताकत उसकी जमीनी पकड़ है, जिसे जनसंपर्क अभियान के माध्यम से और मजबूत करना होगा। उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकास की रफ्तार को और तेज करने पर जोर दिया।इस अवसर पर विभिन्न मंडलों के नव नियुक्त अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उन्हें संगठन की मजबूरियों और जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा दी गई। विधायक ने व्यक्तिगत रूप से सभी कार्यकताओं से संवाद कर उनके सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुना और कहा कि कांग्रेस पार्टी हर कार्यकर्ता की आवाज को सर्वोपरि मानती है।बैठक के दौरान यह घोषणा की गई कि 26 जून 2025 को झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव तनवीर आलम की उपस्थिति में एक और महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संविधान बचाओ रैली की रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पाकुड़ होड़ क्लब के सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी की नीति और विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधायक निसात आलम ने नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं और संगठनों की सक्रिय भागीदारी से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश सचिव देवीलाल मुर्मू, पर्यवेक्षक अशोक दास, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, मुख्तार हुसैन, सेमीनुल इसलाम, शाहीन परवेज, गुलाम अहमद, असद हुसैन, देबू विश्वास, प्रमोद डोकानिया, रामविलास महतो, मोनिता कुमारी, शहनाज बेगम, जिला परिषद सदस्य मंजुला हसदा, मिरजाहान शेख, मिठुन मरांडी, इसलाम मियां, ए. गंगुली, मनोवर आलम, कलीमुद्दीन शेख, मजिबुर रहमान, बेलाल शेख, जालालुद्दीन शेख समेत कई गणमान्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



## विषधर के काटने से दंपती की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**जौनपुर ।** सरपतहां थाना क्षेत्र के पट्टीनरेन्द्रपुर गांव में रविवार एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब विषधर के काटने से एक दंपती की मौत हो गई। मृतकों की पहचान दिनेश (50) और उनकी पत्नी सोना (47) के रूप में हुई है। शनिवार दोनों रात में अपने घर में सो रहे थे, तभी किसी विषैले जीव संभावित रूप से सांप ने उन्हें काट लिया। रविवार भोर में ही सोना की हालत बिगड़ गई और इलाज से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। दिनेश को परिजन तत्काल इलाज के लिए पटैला ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखकर उन्हें बदलापुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही दिनेश की मौत हो गई।दिनेश मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था और एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर काम करता था। खासकर, प्रियांशु की बीमारी का इलाज और गुड़िया की शादी अब बड़ी चिंता बन गई है।परिवार पहले से ही दुखों के दौर से गुजर रहा है। बीते एक साल में ही चार लोगों की मौत हो चुकी है। दिनेश के भाई महेंद्र और दूसरे भाई की पत्नी की मौत पहले हो चुकी है, जिससे पूरा परिवार मानसिक रूप से टूट चुका है। रविवार सुबह घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी प्रद्युम्न मणि त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

# डीपफेक के इस दौर में 'आंखों देखी' घटना पर भी भरोसा नहीं किया जा सकता



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। डीपफेक व्यक्तिगत जीवन से आगे बढ़ कर अब राजनीतिक एवं वैश्विक सन्दर्भों के लिये एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इक्कीसवीं सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है, एआइ के जरिए डीपफेक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। गलत सूचनाएं, ऑडियो-वीडियो और तस्वीरें फैलाने वालों के हाथों में एआइ ने खतरनाक उस्तरा थमा दिया है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्तिगत छवि को घूमिल करने का हथियार बनकर अनेक चिन्ताओं को बढ़ा रहा है और बड़े संकट का सबब बनता जा रहा है। डीपफेक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी नहीं बक्शा है, उन्हें भी परेशान कर दिया है। उनका एक वीडियो इन दिनों यू-ट्यूब सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर खूब चर्चित हो रहा है, इसमें उनको गरबा करते दिखाया गया है। ये पूरा वीडियो डीपफेक नाम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार किया गया है। इसी तरह देश एवं विदेश की अनेक हस्तियों के अनेक अश्लील एवं राजनीतिक डीपफेक व्यापक स्तर पर प्रसारित हो रहे हैं।

डीपफेक एक ऐसी तकनीक है जिसमे आप कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद एवं तकनीक से वीडियो, तस्वीरों और ऑडियो में हेरफेर कर सकते है। इस तकनीक की मदद से आप किसी दूसरे व्यक्ति की फोटो या वीडियो पर किसी और का चेहरा लगाकर उसे पूरी तरह से बदल भी सकते है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल लगभग 96 प्रतिशत के आसपास अश्लील सामग्री बनाने में होता है। कुछ लोग इसका इस्तेमाल अपने मर चुके रिश्तेदारों की तस्वीरों को ऐनिमेट करने में भी करते हैं लेकिन



अब डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल देश एवं विदेश की राजनीति में भी होने लगा है। राजनीतिक पार्टियाँ अपने चुनावी प्रचार में इस तकनीक का जमकर इस्तेमाल कर रही है। आम जनता को गुमराह करने एवं बड़ी हस्तियों की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने में अब इस तकनीक का व्यापक उपयोग होने लगा है। अनेक फिल्मी हस्तियों विशेषतः हीराइनों की अविश्वसनीय अश्लील एवं नग्न वीडियो बड़ी संख्या में आनलाइन आसानी से देखी जा सकती हैं। पब्लिक प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद फोटोज की मदद से आसानी से डीपफेक वीडियो बनाया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब कोई नौसिखिया भी आसानी से फर्जी वीडियो बनाकर सच और झूठ का फर्क मिटा सकता है, किसी भी वीडियो पर झट से भरोसा ना करें क्योंकि डीपफेक वीडियोज से घिरी वर्चुअल दुनिया में आंखों देखा सबकुछ हमेशा सच नहीं होता। देश-विदेश में कई प्रतिष्ठित हस्तियां डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुकी हैं। कई विदेशी हस्तियों के भी डीपफेक वीडियो सामने आ चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के डीपफेक वीडियो में तो वे रूस से लड़ रही अपनी सेना को सरेंडर करने के लिए कह रहे हैं। इजरायल-हमास युद्ध के भी कई डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डीपफेक को देश के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बता इसके खिलाफ जनता को शिक्षित एवं सावधान करने पर जोर दिया है। भारत के लिये यह बड़ा खतरा इसलिये भी है क्योंकि भारत विविधता वाला देश है, यहां की जनता छोटी-छोटी बातों पर भावुक हो जाती है एवं भड़क जाती है। असली एवं नकली यानी डीपफेक का पता लगाने के लिये सतर्कता एवं सावधानी बरतने की अपेक्षा है। अगर वीडियो में आँख और नाक कहीं और जा रही है या वीडियो में पलक नहीं झपकाई गई है तो समझ जाइए यह डीपफेक कंटेंट है। कंटेंट की कलरिंग को भी देखकर पता लग सकता है कि तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ हुई है। ढेरों चर्चित महिला हस्तियों एवं सिने कलाकारों के चेहरे डीपफेक टेक की मदद से पॉर्न वीडियोज पर लगाकर उन्हें ऑनलाइन शेयर किया जा रहा है। पॉप्युलर अमेरिकन अडल्ट साइट की ट्रेंडिंग टैग्स रिपोर्ट दिखाती है कि ऐसे वीडियोज पिछले कुछ महीने में तेजी से चर्चित हुए हैं और इन्हें व्यापक रूप में सर्च किया जा रहा है या देखा जा रहा है। इस टेक से किसी का फेक न्यूड वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया जा सकता है और ऐसे मामले सामने आए भी हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैसे-जैसे यह टेक्नॉलजी पॉप्युलर होगी, इसका गलत इस्तेमाल और ऐसे क्राइम भी बढ़ते जाएंगे।

कृत्रिम बुद्धि, कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है जो मशीनों और सॉफ्टवेयर को बुद्धि के साथ विकसित करता है। 1955 में जॉन मैकार्थी ने इसको कृत्रिम बुद्धि का नाम दिया। कृत्रिम बुद्धि अनुसंधान के लक्ष्यों में तर्क, ज्ञान की योजना, सीखने, धारणा और वस्तुओं में हेरफेर करने की क्षमता, आदि शामिल हैं। कृत्रिम बुद्धि का दावा इतना है कि मानव की बुद्धि का मशीन द्वारा अनुकरण किया जा सकता है। बिजली के बल्ब और मूवी कैमरे के आविष्कारक थॉमस अल्वा एडिसन ने कहा था कि हर नई तकनीक सुविधाओं के साथ कुछ नकारात्मक पहलू भी लाती है। नित नई तकनीक के दौर से गुजर रही दुनिया में उनका कथन प्रासंगिक बना हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के आगमन ने अगर सुविधाओं के नए रास्ते खोले हैं तो दुनियाभर में चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। इस तकनीक का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर शुरू हो चुका है। किसी भी बात या घटना के सच होने का सबसे बड़ा सबूत उसके किसी वीडियो को माना जाता रहा है लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आंखों देखी पर और किसी भी तरह के डिजिटल फोटो या वीडियो पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डीपफेक टेक्नॉलॉजी की मदद से ऐसे वीडियो बनाए जा सकते हैं कि बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स भी गच्चा खा जाएं। सामान्य इंटरनेट यूजर शायद ही समझ पाए कि वीडियो डीपफेक है और उसमें दिखने वाला शख्स कोई और है। यह टेक्नॉलॉजी वीडियोज के साथ बिल्कुल वैसे ही काम करती है, जैसा फोटो के लिए फोटोशॉप करता है। सोशल मीडिया पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है, यह वीडियो फेक (डीपफेक) है। दरअसल इस वीडियो को लेकर मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने भी चिंता जताई है। इस डीपफेक वीडियो पर दिल्ली महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस में मामला दर्ज कराया है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। इस राशि के बिजनेस करने वाले लोगों के लिए दिन शुभ है। आप अपने काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे, जिससे आपको भविष्य में फायदे होने के आसार नजर आ रहे हैं। बुरे व्यवहार के कारण लोगों से आपकी बहस हो सकती है। दोस्त आपके कामों में सहयोग करेंगे, जिससे काम आसानी से पूरा हो जाएगा। आप कम समय में बहुत से काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में सफल रहेंगे। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। आपके कई दिनों से रुके हुए काम पूरे होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। लवमेट्स के लिए रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

**मिथुन राशि :-** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े कामों में आपकी जीत होगी। किसी पुराने लोन की ई.एम.आई. से छुटकारा मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपसे प्रसन्न रहेंगे। भाइयों के साथ रिश्तों में मजबूती आएगी। लोग आपसे कुछ सीखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को किसी कॉम्पटीशन में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को कोई बड़ी सफलता मिलने वाली है। आपका दाम्पत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

**कर्क राशि :-** आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। ऑफिस में काम को लेकर आपकी अहमियत बढ़ेगी। आप खुद की मेहनत से संतुष्ट रहेंगे। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। साथ ही कुछ जूनियर आपसे काम सीखने की इच्छा जाहिर करेंगे। इस राशि के जो लोग राजनीति से जुड़ें है, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। पहले किए गए निवेश का आपको लाभ होगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को ऑफर आएगा।

**सिंह राशि :-** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। अगर आप खुद पर भरोसा रखेंगे तो करियर को लेकर कुछ नए अवसर ढूंढ निकालने में सफल होंगे। इस राशि के वकीलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी क्लाइंट से अच्छा धन लाभ होगा। आप कोई भी फैसला लेते वक्त थोड़ा असमंजस में रहेंगे। अच्छा रहेगा किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लें। लवमेट के साथ बाहर घूमने का प्लान बनेगा।

**कन्या राशि :-** आज घर में कुछ मरम्मत या सजावट करने की योजना बनाएंगे। आप गाड़ी खरीदने का भी मन बना सकते हैं। किसी से ऐसा वादा ना करें, जिसे पूरा ना कर पाएं। जरूरत से ज्यादा खर्च करने से बचें। इस राशि के नौकरी करने वालों को कंपनी में किसी नए काम की जिम्मेदारी मिलेगी। कामकाज की योजना में बदलाव करेंगे। लवमेट्स कहीं घूमने जाएंगे। दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा।

**तुला राशि :-** खयाली पुलाव पकाना मदद नहीं करता. परिवार की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए आपको कुछ कर दिखाने की जरूरत है. जरूरत से ज्यादा खर्च करने और चालाकी-भरी आर्थिक योजनाओं से बचें. पड़ोसियों से झगड़ा आपका मूड खराब कर सकता है. लेकिन अपना आपा न खोएँ, इससे सिर्फ आग और भड़केगी. अगर आप सहयोग न करें, तो कोई आपसे नहीं झगड़ सकता है. सबसे अच्छा रिश्ता बनाए रखने की कोशिश करें.

**वृश्चिक राशि :-** खुश हो जाएँ क्योंकि अच्छा समय आने वाला है और आप स्वयं में अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे. किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है. यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है. किसी पारिवारिक भेद का खुलना आपको चकित कर सकता है. अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मुश्किल में फँस सकते हैं.

**धनु राशि :-** आज आपको बिजनेस और कार्यक्षेत्र से जुड़ी यात्रा करनी पड़ेगी, जिसका फायदा आपको आने वाले समय में होगा। इस राशि के नौकरी करने वालों का प्रमोशन होगा, जिससे पूरा दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा। मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी अस्पताल से आपको जॉब का ऑफर आ सकता है। नई जमीन से संबंधित लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल कर लें।

**मकर राशि :-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कोई फैसला लेने से पहले उसपर दोबारा सोच-विचार करें। किसी को अपने विचार से सहमत कराने की कोशिश करेंगे। अधिकारी वर्ग आपसे खुश रहेंगे। आपको किसी बर्थडे पार्टी में जाने का मौका मिलेगा। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं की कद्र करेंगे। इससे उनके रिश्ते में और मधुरता आएगी। ऑनलाइन व्यापार कर रहे व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होने वाला है। दाम्पत्य जीवन में शुभ समाचार मिल ने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। इस राशि के व्यापारी अपने व्यापार को बढ़ाने का नया तरीका अपनाएंगे। मेहनत के दम पर आप अपने कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। जीवनसाथी के स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी। फर्नीचर का सामान खरीदने के लिए आज का दिन शुभ है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए का दिन बेहतरीन रहने वाला है।

**मीन राशि :-** खुशी से भरा अच्छा दिन है. इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है. घर पर कोशिश करें कि कोई आपकी वजह से आहत न हो और परिवार की जरूरतों के मुताबिक खुद को ढालें. नये रोमांस की संभावना प्रबल है, प्रेम का फूल आपकी जिन्दगी में जल्दी ही खिल सकता है. जो लोग विदेश व्यापार से जुड़े हैं उन्हें आज मनमाफिक फल मिलने की पूरी उम्मीद है. इसके साथ ही नौकरी पेशा से जुड़े इस राशि के जातक आज अपनी प्रतिभा का पूर्ण इस्तेमाल कार्यक्षेत्र में कर सकते हैं.

# जस्टिस चंद्रचूड़ का प्रधान न्यायाधीश बनना उम्मीद की बड़ी किरण के समान है

आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। संवैधानिक न्यायालय का गठन बड़ा अलोकतांत्रिक व दोषपूर्ण है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती हैं वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। ह्यन्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है ।ह्न ह्यन्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है ।ह्न भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान इन चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेने के बाद से ही जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ लगातार सक्रिय एवं संकल्पित हैं। वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वह पहले ही कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। वर्षों-वर्ष चलने वाले मुकदमों का खर्च भी बहुत ज्यादा है। न्याय प्रक्रिया की कोई सीमा-अवधि नहीं है। इसलिए निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नए न्यायालय भी स्थापित किए जाने चाहिए। सरकारी विद्यालयों एवं अन्य सरकारी भवनों में दूसरी पाली में न्यायालय चलाए जाने चाहिए, ताकि न्यूनतम अतिरिक्त खर्च में काम प्रारंभ किया जा सके। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। जस्टिस चंद्रचूड़ के ताजा वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है।

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला अदालतों को हाई कोर्ट का अधीनस्थ न्यायालय नहीं माना जाए और जिला जजों के साथ भी समानता का व्यवहार किया जाए।



उन्होंने न्यायालयों को पुरुष मानसिकता से बाहर निकालने और महिलाओं को न्याय प्रक्रिया में उचित भागीदारी देने की भी वकालत की है। अभी अदालतों में महिला जजों की संख्या नाममात्र ही है। न्याय प्रक्रिया में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी उन्होंने संकल्प जताया और न्याय प्रक्रिया में अंग्रेजी के वर्चस्व को भी एक तरह से चुनौती दी। उनकी यह चिंता वाजिब है कि जब तक भारतीय भाषाओं को न्याय प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा, तब तक आम लोगों को न्याय प्रक्रिया में शामिल करना मुश्किल होगा। अभी वादी की याचिका पर बहस और फैसले अंग्रेजी में होते हैं, जो अंग्रेजी नहीं जानने वालों की समझ में नहीं आते। ऐसे में न्याय पर उनका पूरा भरोसा हासिल करना भी कठिन है। न्यायिक सुधार की दिशा में ये और ऐसे तमाम मुद्दे हैं जिन पर लंबे समय से चर्चा की जरूरत तो महसूस होती रही है पर किसी प्रधान न्यायाधीश ने खुलकर पहल नहीं की थी। उम्मीद है जस्टिस चंद्रचूड़ अब इन मुद्दों पर बहस का खुला वातावरण बनाकर उसे निर्णायक मोड़ तक ले जाएंगे। इसके लिए उनके पास करीब दो साल तक का समय होगा। निचली अदालतों से लेकर शीर्ष अदालत तक किसी भी मामले के निपटारे के लिए नियत अवधि और अधिकतम तारीखों की संख्या तय होनी ही चाहिए। जैसा कि अमेरिका में किसी भी मामले के लिये तीन वर्ष की अवधि निश्चित है। लेकिन भारत में मामले 20-30 साल चलना साधारण बात है। तकनीक का प्रयोग बढ़ाने और पुलिस द्वारा की जाने वाली विवेचना में भी सुधार जरूरी है। एक सक्षम न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन करके इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उत्कृष्ट लोकतान्त्रिक देशों की तरह भारत की एक अत्यंत शक्तिशाली व स्वतंत्र न्यायपालिका है। न्यायपालिका केवल न्याय देने का ही काम नहीं करें, बल्कि सरकार की कमियों पर नजर रखना एवं उसे चेताना भी उसका दायित्व है। सरकार के अंगों की जो बड़ी सरल परिभाषा बताई जाती है वो ये है कि विधायिका कानून बनाती है, कार्यपालिका उसे लागू करती है और न्यायपालिका उसका उल्लंघन करने वालों को दंड देती है। विधि के उल्लंघन पर ऐसे उल्लंघनकर्ता को दंडित करना न्यायालय का द्वितीयक कार्य है, बल्कि न्यायपालिका का मूल कार्य तो कार्यपालिका और व्यवस्थापिका की निरंकुशता व उसके अन्याय-अत्याचार एवं तानाशाही से समाज को बचाना और इन सबसे जनमानस में व्यवस्था के प्रति उपजे विषाद व असंतोष को संभालना होता है। लेकिन हम भारत की न्यायपालिका की भूमिका को देखें तो बड़ी निराशा होती है।

# उम्मीद का अंतरिक्ष

भारत अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार तरक्की कर रहा है। पहले उसे अपने अंतरिक्ष यानों के प्रक्षेपण के लिए दूसरे देशों की मदद लेनी पड़ती थी, मगर अब उसने स्वदेशी प्रक्षेपण यानों का निर्माण कर न सिर्फ आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है, बल्कि उपग्रह प्रक्षेपण के बाजार में अमेरिका, रूस और चीन से प्रतिस्पर्धा भी करने लगा है। स्काईरूट रॉकेटों की एक श्रृंखला विकसित कर रहा है, उन सभी का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। भारत में उपग्रह प्रक्षेपण का शुल्क बाकी देशों की तुलना में काफी कम होने की वजह से अनेक देश अब यहीं से अपने उपग्रहों का प्रक्षेपण कराना उचित समझते हैं। इस मामले में एक नया कीर्तिमान रचा है, स्काईरूट नाम की एक निजी कंपनी ने पहली बार राकेट प्रक्षेपित करके। यह पहला मौका है, जब कोई निजी कंपनी उपग्रह प्रक्षेपण के क्षेत्र में उतरी है।

हालांकि भारत सरकार ने दो साल पहले ही निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए भी अंतरिक्ष अनुसंधान का क्षेत्र खोल दिया था, उसी के तहत विक्रम एस नाम का यह निजी कंपनी का राकेट तैयार किया गया। इस राकेट ने दो घरेलू और एक विदेशी कंपनी के उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने का बीड़ा उठाया। यह प्रक्षेपण भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र के दिशा-निर्देशों के तहत ही किया गया। हालांकि जब अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए छूट का प्रस्ताव पारित हुआ था, तब तरह-तरह के संदेह जाहिर किए गए थे। कई लोगों का मानना था कि इससे इसरो की गोपनीयता भंग होगी और यहां की तकनीक चोरी होने का खतरा बना रहेगा। मगर स्काईरूट के पहले राकेट प्रक्षेपण से वे तमाम आशंकाएं निर्मूल साबित होती नजर आ रही हैं। दरअसल, अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अभी असीम संभावनाएं हैं और अनेक वैज्ञानिक निजी स्तर पर बहुत कुछ करना चाहते हैं, मगर उन्हें इसरो और दूसरे देशों के अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों की तरफ से उचित मदद नहीं मिल पाती।

अब ऐसे वैज्ञानिक अंतरिक्ष को अपने ढंग से खंगाल सकेंगे और नई संभावनाओं के मार्ग खोलने में मदद कर सकेंगे। जिन तीन कंपनियों के उपग्रह अभी छोड़े गए हैं, वे स्टार्ट-अप कंपनियां हैं और वे अंतरिक्ष में कचरा प्रबंधन जैसे कार्य करने को उत्सुक हैं। दरअसल, अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में सरकारी स्तर पर हो रहे कार्यों में कई तरह की वैधानिक जटिलताएं होती हैं, जिसके चलते उनमें अनावश्यक देर होती रहती है या फिर वैज्ञानिक कई परियोजनाओं पर आगे नहीं बढ़ पाते। निजी क्षेत्र के अनुसंधान में ऐसी अड़चनें नहीं आतीं। इसलिए इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के आने से निस्संदेह अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में उल्लेखनीय काम हो सकेंगे। आज जिस तरह हर काम डिजिटल तकनीक पर निर्भर होता गया है, उसमें उपग्रहों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो गई है। इसलिए उपग्रह प्रक्षेपण का कारोबार ही काफी बड़ा होता गया है। फिर अंतरिक्ष के अनेक रहस्य अभी बहुत उलझे हुए हैं। अभी तक ज्यादातर जानकारियां सौरमंडल से ही जुड़ी हुई प्राप्त हो पाई हैं, जबकि इसके पार भी बड़ा संसार है। वहां तक पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर निजी कंपनियां अपने संसाधनों के जरिए इस दिशा में कुछ वैज्ञानिक योगदान देने और संभावनाओं के दोहन में मदद करती हैं, तो उन्हें प्रोत्साहन मिलना ही चाहिए। दुनिया में कुछ कंपनियां अब दूसरे ग्रहों और अंतरिक्ष की सैर की योजनाएं भी बनाने लगी हैं। अंतरिक्ष में पर्यटन का खाका तैयार है।

# निजता की सुरक्षा

सहमति के बगैर किसी के भी निजी जीवन से जुड़ी जानकारियां सार्वजनिक या साझा करना कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। मगर डिजिटल दुनिया के विस्तृत होते दायरे में निजता को लेकर ही सबसे अधिक खतरे बढ़े हैं। हर किसी के जैविक ब्योरे, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से जुड़ी जानकारियां, व्यावसायिक या व्यक्तिगत लेन-देन संबंधी सूचनाएं किसी न किसी रूप में कहीं न कहीं दर्ज हैं। डिजिटल संग्रह में जमा ये तमाम सूचनाएं सदा बनी रहती हैं। इसलिए इनमें सेंधमारी की आशंका हर समय बनी रहती है। इन संग्रहित ब्योरों की सुरक्षा के उपाय तमाम कंपनियां करती हैं, फिर भी उनमें सेंधमारी हो ही जाती है। जबसे स्मार्ट फोन का चलन बढ़ा है, निजी ब्योरों की चोरी और उनके दुरुपयोग की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इसके अलावा इसका एक चिंताजनक पहलू यह है कि इन संग्रहों में दर्ज डिजिटल ब्योरे कंपनियां खुद दूसरी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए साझा करती रहती हैं। इस समस्या से पार पाने के लिए केंद्र सरकार ने डिजिटल निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक 2022 का मसविदा तैयार किया है। इसके तहत निजी ब्योरों का दुरुपयोग करने वाली कंपनियों पर पांच सौ करोड़ रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकेगा। पहले इसमें जुमार्ने की राशि पंद्रह करोड़ रुपए या संबंधित कंपनी के वैश्विक कारोबार का चार फीसद प्रस्तावित था।

जब आधार पहचान पत्र बनाने की अनिवार्यता लागू की गई थी, तो देश में इसका चौतरफा विरोध हुआ था। इसके दुरुपयोग और इससे लोगों के निजता संबंधी मौलिक अधिकार के हनन की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। ऐसा इसलिए कि आधार में व्यक्ति के जैविक ब्योरे डिजिटल रूप में दर्ज होते हैं और उनके जरिए उसके निजी जीवन में बहुत आसानी से ताकझांक की जा सकती है। इसका विरोध होने पर सरकार ने भरोसा दिलाया था कि निजी डिजिटल ब्योरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसमें सेंधमारी की गुंजाइश बिल्कुल नहीं है। मगर अनेक लोगों ने सार्वजनिक रूप से आधार पहचान में दर्ज ब्योरों की चोरी करके दिखाया और इसे रोकने की मांग दुहराई। फिर भी आधार पहचान पत्र न सिर्फ अनिवार्य बना रहा, बल्कि उसे लोगों के बैंक खाते, भविष्य निधि, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं, सरकारी योजनाओं का लाभ पाने जैसी हर गतिविधि से जोड़ दिया गया। अब उसे मतदाता पहचान पत्र से भी जोड़ा जा रहा है। इसी तरह आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के निजी जैविक ब्योरों का एक अलग से डिजिटल संग्रह तैयार करने का प्रस्ताव है, ताकि ऐसे लोगों पर हर वक्त नजर रखी जा सके। ऐसे में जब हर व्यक्ति के निजी ब्योरे तमाम कंपनियों, संस्थानों, संस्थाओं, छोटे-मोटे कारोबारी संगठनों तक के पास साझा हैं, उनके दुरुपयोग के खतरे दिनोंदिन बढ़ते गए हैं। अब तो कई कंपनियां लाभ के लिए अपने संग्रह में उपलब्ध लोगों के निजी ब्योरे दूसरी कंपनियों को व्यावसायिक उपयोग के सहज उपलब्ध कराती देखी जाती हैं। यही वजह है कि हर किसी के पास रोज दसियों फोन कर्ज, बीमा, स्वास्थ्य जांच, दाखिले, घरेलू कामकाज, दान, चुनाव प्रचार आदि के लिए आ ही जाते हैं। लिहाजा, अंदाजा लगाया जा सकता है कि लोगों के जैविक ब्योरे भी आपराधिक गतिविधियों में संलग्न संगठनों, आतंकवादी समूहों के पास पहुंचते होंगे और वे चूंकि अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हैं, लोगों की हर गतिविधि पर बहुत आसानी से नजर रख पाते होंगे। इस खतरे से सुरक्षा जरूरी है।



# बिहार की जलपरी दीदियां.. पोखरों से निकलकर छू रही हैं आसमान, मछली पालन से हो रही लाखों की इनकम

एजेंसी



**शिवहर:** बिहार के शिवहर जिले के मथुरापुर कतहरवा पंचायत अंतर्गत बसहिया राम गांव की मिट्टी अब केवल मछलियां नहीं पालती, बल्कि उम्मीदों की फसल उगाती है. यहां की पोखरें अब सिर्फ पानी की लहरें नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और स्त्री चेतना की क्रांति उठाती हैं. जलपरी जीविका महिला उत्पादक समूह की दीदियां अब लोककथाओं की नायिकाएं नहीं, बल्कि गांव की हकीकत हैं.

**रूबी देवी की चुप्पी से चेतना तक:** रूबी देवी की कहानी किसी अखबार की सुर्खी नहीं, बल्कि नारी सशक्तिकरण का घोषणापत्र है. वे कहती हैं पढ़ी थी, पर शादी के बाद सब धुंधला हो गया. रसोई मेरी कक्षा और चुप्पी मेरा पाठ्यक्रम बन गया. 2014 में जीविका से जुड़कर उन्होंने अपनी खामोशी को हथियार बनाया. सिलाई से शुरू हुआ सफर मछली पालन तक पहुंच गया है.

**रूप सागर की भूख से आत्मसम्मान तक:** रूप सागर देवी की भूख सिर्फ रोटी की नहीं, इज्जत और अस्तित्व की थी. वे बताती हैं कि घर में इतनी गरीबी थी कि कभी चूल्हा जलता तो त्योहार मनाती थी. जीविका से जुड़ने के बाद 2022 में पोखरे का आवंटन मिला, मानो मरुस्थल में समंदर खुल गया. आज उनके हाथों में मछलियां नहीं, आत्मविश्वास तैरता है. गांव की बेटियां उनके कदमों को राह मानती हैं. रूप सागर अब गांव की प्रेरणा हैं.

**हर महीने होती है इतनी कमाई:** सुगंधि कुमारी की कहानी टूटी बांसुरी का फिर से संगीत बनाना है. कहती हैं कि पहले बहुत डर लगता था, पर अब वो डर को डराती हैं. बकरी पालन, खेती, सिलाई हर दिशा में उनकी मेहनत बोलती है. हर महीने 4000 की कमाई मिलती है, पर असली कमाई वो सम्मान है, जब लोग उनके काम से पहचानते हैं. सुगंधि का आत्मविश्वास उनकी जीत की कहानी है.

**जलपरी समूह है एक आंदोलन का उदय:** जलपरी जीविका महिला उत्पादक समूह अब सिर्फ नाम नहीं, एक आंदोलन है. पांच जीविका दीदियां मिलकर मछली पालन कर रही हैं, और सब्जी उत्पादन व बतख पालन जैसी योजनाएं भी शुरू हो चुकी हैं. युवा पशुधन पेशेवर दीपक कुमार के अनुसार, बीते साल इस पोखरे से लाखों की आय हुई, पर असली कमाई गांव की बेटियों की आंखों में उगा विश्वास है.

**शिवहर का नया आसमान:** जिला परियोजना प्रबंधक गुलाम कौसर कहते हैं, जब सशक्तिकरण की योजनाएं महिलाओं के हाथों में पंख बनती हैं, तो गांव का आसमान बदल जाता है. रूबी, रूप सागर, सुगंधि, दुखिया, कृष्णा, राजो ये नाम अब जलपरियां हैं. इनके बच्चे बीपीएससी की किताबें पढ़ते हैं, और बेटियां अफसर बनने का संकल्प लेती हैं. शिवहर की यह क्रांति जल पर नहीं, जमीर के जागने पर टिकी है.

# दरभंगा एयरपोर्ट से लीची को लगे पंख, मिथिला की खूशबू अब देश के हर कोने तक पहुंच रही

एजेंसी




**दरभंगा:** दरभंगा एयरपोर्ट से मिथिला की लीचियों ने अब नई उड़ान भर ली है. जी हां, दरभंगा हवाई अड्डे से इस साल अब तक रिकॉर्ड 250 टन लीची हवाई परिवहन देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों तक भेजी जा रही है, जो पिछले साल के 120 टन की तुलना में 108 % ज्यादा है. इसी के साथ अब मिथिला की खुशबू देश के हर कोने तक पहुंच रही है.

**बाजारों तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका**


बता दें कि, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण यानी अअक की एयर कार्गो सेवा ने मिथिला की प्रसिद्ध लीचियों को देशभर के बाजारों तक तेजी से पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है. इससे एक तरफ किसानों और व्यापारियों को ताजा माल समय पर भेजने की सुविधा मिली है, तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई रफ्तार मिली है.

**क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई उड़ान**

इसे लेकर एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की ओर से पोस्ट शेयर कर बताया गया कि, दरभंगा हवाई अड्डा मिथिला की प्रसिद्ध लिचियों को देशभर में तेजी से पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है. इस वर्ष अब तक 250 टन लिचियों का हवाई परिवहन किया गया है, जो कि 2024 में हुई 120 टन की तुलना में 108% की वृद्धि है. इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी एक नई उड़ान मिली है.

# 75 साल का इंतजार होगा खत्म ! देश के सबसे लंबे केबल ब्रिज का इस दिन सीएम नीतीश करेंगे उद्घाटन

एजेंसी



**पटना :** बिहार के लोगों को मुख्यमंत्री एक और तोहफा देने वाले हैं. इसके लिए लोगों को ज्यादा इंतजार करने की भी जरूरत नहीं है, क्योंकि इसी महीने यानी कि जून में ही बड़ा गिफ्ट सीएम नीतीश कुमार बिहारवासियों को सौंपेंगे. दरअसल, राजधानी पटना के राघोपुर दियारा से जोड़ने वाले कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल के एक लेन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है. जिसके बाद जून महीने की 23 तारीख को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसका उद्घाटन कर देंगे. जिसके बाद यह पुल आम लोगों के लिए खुल जायेगा. इस पुल के जरिये राघोपुर के लोगों को खास कर सहूलियत मिलने वाली है.

**पुल के निर्माण कार्य में कुल लागत**

बता दें कि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस पुल के एक लेन का उद्घाटन करेंगे. खास बात यह है कि, एल एंड टी और देवू जॉइंट वेंचर के द्वारा निर्माण किया जा रहा यह पुल देश का सबसे लंबा केबल ब्रिज है. इसका निर्माण कार्य 16 जनवरी 2017 में शुरू हुआ था. इसमें टोटल 67 पाए हैं. प्रोजेक्ट के पूरा होने में खर्च की बात की जाए तो, इसमें कुल 4988.40 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. इसमें जमीन अधिग्रहण पर 696.60 करोड़ और पुल निर्माण पर 4291.80 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं. इधर, अप्रोच रोड के साथ पुल की टोटल लंबाई 22.760 किलोमीटर है. जिसमें मुख्य पुल करीब 9.76 किलोमीटर लंबा है.बता दें कि, इस पुल के शुरूआत हो जाने से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी. दरअसल, बरसात के समय उन्हें काफी ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है. नाव का सहारा लेना पड़ता है. जिससे आवागमन के दौरान नदी में उफान के वक्त किसी प्रकार की अनहोनी को लेकर खतरा बना रहता है. इससे लोगों को छुटकारा मिलेगा. कई बुनियादी सुविधाएं भी अब यहां विकसित की जा सकेंगी. बता दें कि, इस सिक्स लेन पुल की चौड़ाई करीब 32 मीटर है. जानकारी के मुताबिक, यह पुल पटना-बख्तियारपुर फोरलेन के सबलपुर से शुरू होता है जो कि वैशाली के चकसिकंदर और गाजीपुर चौक एनएच 103 पर समाप्त होता है.

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसी महीने बड़ा तोहफा बिहारवासियों को देने वाले हैं. दरअसल, पटना को राघोपुर से जोड़ने वाले कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल जल्द ही आम लोगों के लिए खुल जाएगा. इससे राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को बड़ा फायदा पहुंचेगा.**

## सिवान एसपी आवास के बाहर अंधाधुंध फायरिंग, दो व्यक्ति को मारी गोली

**सिवान:** बिहार के सिवान में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. आए दिन गोलीबारी की घटनाएं सामने आती रहती हैं. इसी क्रम में एसपी आवास से 5 कदम की दूरी पर बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ाकर गोली मार दी है. गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है. साथ ही एक अन्य युवक को भी गोली लगी है. कि शनिवार रात्रि साढ़े दस बजे गोपालगंज मोड़ से होकर एक व्यक्ति घर जा रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. जिससे युवक घायल होकर नीचे गिर गया.घटना के बाद आनन-फानन में लोगों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात नाजुक देखते हुए घायल को पटना रेफर कर दिया. घायल की पहचान खुरमाबाद निवासी कुंदन कुमार चौहान के रूप में हुई है.

# अल्ट्रासाउंड में जुड़वां की जगह बताया एक बच्चा, 16 साल बाद अस्पताल देगा 15 लाख का हजार्ना

एजेंसी



**नवादा:** जिला उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सकीय लापरवाही मामले में 16 साल बाद अपना फैसला सुनाया है. आयोग के अध्यक्ष प्रेम रंजन मिश्र व सदस्य रजनीश कुमार ने इलाज में लापरवाही बरतने पर मोकामा स्थित नाजरेथ अस्पताल को दोषी पाते हुए 15 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है. यह राशि 8 जुलाई 2009 से 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ देनी होगी. साथ ही 20 हजार रुपये मानसिक क्षति व 10 हजार रुपये मुकदमा खर्च के रूप में चुकाने होंगे. यदि आदेश 120 दिन में नहीं माना गया, तो वादी को 10 हजार रुपये अतिरिक्त वसूली खर्च भी मिलेगा.

**अल्ट्रासाउंड में बताई थी भ्रूण की गलत संख्या**

बता दें कि, नवादा जिले के थाना वारसलीगंज अंतर्गत नारोमुरार गांव निवासी पूनम देवी ने साल 2009 में यह शिकायत दर्ज कराई थी. जिसमें बताया कि गर्भावस्था के दौरान दो बार कराए गए अल्ट्रासाउंड में अस्पताल ने भ्रूण की संख्या गलत बताई थी.पीड़िता ने दो बच्चियों को दिया था जन्म

पूनम देवी ने शिकायत में बताया कि उन्होंने 5 मार्च 2008 और 27 अगस्त 2008 को अल्ट्रासाउंड कराया था, जिसमें केवल एक बच्चे का जिक्र किया गया. लेकिन प्रसव के दौरान शिकायतकर्ता ने सर्जरी के माध्यम से क्रमशः शाम 5:50 बजे और 5:52 बजे दो बच्चियों को जन्म दिया था. जिसमें एक का वजन 1.5 किलो और दूसरी का 1.8 किलो था. कम वजन के कारण दोनों बच्चियां आज मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर हैं. अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अस्पताल को 325 रुपये का भुगतान किया गया था.

# बिहार के इस जिले में सड़कों की हालत होगी टनाटन अरबों रुपये होंगे खर्च, कब तक पूरा होगा काम

एजेंसी



**बिहार:** बिहार के विभिन्न जिलों में इन दिनों पुलों और सड़कों का निर्माण कार्य जारी है, जिससे कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा. बिहार सरकार की ओर से सड़क बनाने के साथ-साथ सड़कों की बिगड़ी हालत को सुधारने के लिए भी अहम कदम उठाए जा रहे हैं. इसी कड़ी में बिहार के मुजफ्फरपुर जिले को लेकर ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से बड़ा कदम उठाया गया है. मुजफ्फरपुर के ग्रामीण सड़कों की सूरत अब बदलने वाली है. जानकारी के मुताबिक, करीब 1000 किलोमीटर से भी ज्यादा लंबाई की सड़कों को सुधारा जाएगा. इसके लिए योजना तैयार की गई है, जिसमें लगभग 8 अरब रुपये खर्च होने की बात भी कही जा रही है.

विभाग ने तय किया लक्ष्य

बता दें कि, 8 अरब रुपये की लागत से बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में 526 ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और मजबूत बनाने का काम किया जाएगा. इसे लेकर तीन प्रमंडलों को प्रशासनिक मंजूरी विभाग की ओर से दे दी गई है. जानकारी के मुताबिक, विभाग एक के अंतर्गत 200 सड़कें, विभाग दो के तहत 137 सड़कें और बाकी पश्चिमी प्रमंडल के अंतर्गत कार्य किया जाएगा. कहा जा रहा है कि, कई सड़कों के टेंडर फाइनल होने के बाद उस पर काम शुरू कर दिए गए हैं. दरअसल, विभाग की ओर से साल 2026 तक सभी ग्रामीण सड़कों को सुधारने को लेकर लक्ष्य तय किया गया है.

**सवहा-मरीचा पथ का भी होगा जीर्णोद्धार**

बता दें कि, उन ग्रामीण सड़कों में बाढ़ प्रभावित इलाकें की सड़कें जैसे कि औराई, कटरा और गाय घाट भी शामिल है. इधर, सवहा-मरीचा पथ जो कि फिलहाल बदहाल स्थिती में है, इसका भी जीर्णोद्धार किया जाएगा. सड़क की स्थिती बेहद खराब होने की वजह से लोग यहां से आना-जाना नहीं कर पाते. जिसका नतीजा यह है कि, लोगों को महुआ-काजीइंडा मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ रहा है. लेकिन, अब इस मार्ग के बनने से पटना से पूसा तक का सफर आसान हो सकेगा. दरअसल, 20 किलोमीटर की दूरी कम होने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी. पटना को समस्तीपुर से जोड़ने में यह मार्ग मदद करेगा. इससे लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी.

# कभी सड़क किनारे बिकने वाला आम आज विदेशों में भी फेमस, डायबिटीज पेशेंट के लिए बेहद खास, ऐसे बनाई पहचान

एजेंसी



**बिहार:** बिहार में आम का सीजन आते ही लोगों का मन उत्साहित हो जाता है. यहां कई प्रजातियों के आम जैसे कि, मालदा, बीज्जू, सीपीया, आम्रपालीङ्ग लोगों के बीच काफी फेमस है. इन्हीं में से एक आम है जदालु. जो कि लोगों को खूब पसंद आता है और यह अपने आप में ही बेहद खास भी है. बिहार के भागलपुर जिले के जदालु आम ने ना केवल देश बल्कि विदेशों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है. कहा जाता है कि, जदालु आम कभी सड़क किनारे बिका करती थी, जो अब बड़े-बड़े मॉल और विदेशों तक पहुंच गई है.

**अन्य आमों से अलग है जदालु**

बता दें कि, बिहार में भागलपुर के अलावा कई अन्य जगहों पर भी जदालु आम की पैदावार होती है. लेकिन, भागलपुर का जदालु आम बेहद खास माना जाता है. इसका स्वाद तो देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के अलावा कई वीआईपी चखते हैं. बिहार से उन्हें भेंट स्वरूप भेजी जाती है. सड़क किनारे बिकने वाले जदालु आम का कुछ समय पहले कृषि विभाग और कृषि विश्वविद्यालय की ओर से टेस्ट किया गया, जिसके बाद पता चला कि, वह बिल्कुल ही अलग है. जदालु आम का आकार, महक, सुगंध और टेस्ट अलग पाया गया. तब आत्मा और कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा इसपर काम करना शुरू किया गया. इसके बाद इसे जीआई मिला.

**शुगर पेशेंट के लिए भी बेहद खास**

बता दें कि, जीआई टैग मिलने के बाद भागलपुर का जदालु आम सड़क किनारे डलिया से पैकेट तक पहुंच गया. इसे साथ ही इसने विश्व स्तर पर अपनी खास पहचान बनाई. देश के बड़े-बड़े मॉल के साथ विदेशों के लोग भी इसे पसंद कर रहे हैं. इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों तक जदालु आम पहुंच रहा है. इस आम को लेकर एक और खास बात यह भी बताई जा रही है कि, वैज्ञानिक के रिसर्च में यह भी पता चला है कि, यह शुगर पेशेंट के लिए भी खास है. इसे लोग काफी ज्यादा पसंद करते हैं.

# हाजीपुर में दिनदहाड़े पान मसाला दुकानदार की गोली मारकर हत्या, स्कूल गेट के सामने बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

एजेंसी



**हाजीपुर:** बिहार के हाजीपुर के काजीपुर थाना क्षेत्र स्थित कुतुबपुर मिडिल स्कूल के सामने उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब तीन बाइक सवार बदमाशों ने गुमटी चला रहे विनोद महतो की गोली मारकर हत्या कर दी. बताया गया कि तीनों युवक पान मसाला लेने के बहाने विनोद की गुमटी पर पहुंचे थे. जैसे ही विनोद ने सामान देने के लिए हाथ बढ़ाया, बदमाशों ने पिस्टल निकालकर दो गोली सीधे उनके सीने में उतार दी.

**मौके पर मची अफरा-तफरी, सदर अस्पताल में हुई मौत**

गोली की आवाज सुनकर आस-पास के लोग घटनास्थल पर दौड़े. खून से लथपथ विनोद को आनन-फानन में परिजन और स्थानीय लोग सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. मृतक की पहचान स्वर्गीय मुसाफिर महतो के 50 वर्षीय पुत्र विनोद महतो के रूप में हुई है. अस्पताल में विनोद के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

**एसडीओ पहुंचे अस्पताल, जांच में जुटी पुलिस**

घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश, नगर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार और काजीपुर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे. रउढड ने बताया कि मिडिल स्कूल के पास हुई इस हत्या की घटना की जांच की जा रही है. उउळश फुटेज खंगाले जा रहे हैं और तीन अज्ञात अपराधियों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं.

**इलाके में दहशत, सवालों के घेरे में कानून-व्यवस्था**

दिन के उजाले में स्कूल के सामने हुई यह हत्या एक बार फिर हाजीपुर की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है. बदमाशों का यह दुस्साहस साफ करता है कि अपराधी बेखौफ हो चुके हैं. काजीपुर थाना क्षेत्र पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को लेकर चर्चा में रहा है.

## संक्षिप्त खबर

### बेतिया से वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू, बीजेपी सांसद संजय जायसवाल ने की पहले दिन यात्रा

**बेतिया:** बिहार के बेतिया से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन आज से शुरू हो गया है. इस ऐतिहासिक मौके पर बेतिया के बीजेपी सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने पहले दिन ट्रेन की यात्रा की. सांसद ने इसे चंपारण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया. रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने वादा किया था कि गोरखपुर से पटना वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी और इस वादे को पूरा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को बिहार को यह ट्रेन समर्पित की. प्रधानमंत्री का वादा हुआ पूरा बेतिया सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने इस मौके पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे सपने को पूरा किया है. वंदे भारत ट्रेन का सपना मैं कई सालों से देख रहा था, और आज यह सपना हकीकत बन गया है. उन्होंने कहा कि यह ट्रेन न सिर्फ चंपारण, बल्कि पूरे बिहार के लिए एक नई पहचान बनेगी और लोगों को तेज और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा.यात्रियों में खुशी का माहौल वंदे भारत ट्रेन के परिचालन से जुड़े यात्रियों का कहना था कि यह ट्रेन उनके लिए एक बड़ी खुशखबरी है. एक यात्री ने कहा, ₹अब हम आसानी से पटना या गोरखपुर जा सकते हैं. यह ट्रेन चंपारणवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है और हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सांसद डॉ. संजय जायसवाल का धन्यवाद करते हैं. ट्रेन के सफर से इलाके में परिवहन की सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है, जिससे क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा.नया हाई स्पीड ट्रेन रूटः वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटना से गोरखपुर तक जाएगी और इस रूट पर यह ट्रेन पहली हाई स्पीड ट्रेन होगी. यह ट्रेन हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, सुगौली, बेतिया, नरकटियागंज और बगहा होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी. इस ट्रेन के जरिए न सिर्फ यात्रा का समय घटेगा, बल्कि चंपारण क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा.

### गांधी सेतु के नीचे तेज रफ्तार ट्रक ने पुलिस की गाड़ी को मारी जोरदार टक्कर, घायलों को भेजा गया NMCH




**पटना:** पटना के गांधी सेतु पुल के नीचे शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया. गश्ती ड्यूटी पर निकली आलमगंज थाना की पुलिस गाड़ी को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में गाड़ी में सवार कई पुलिसकर्मी घायल हो गए. हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में घायलों को NMCH अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. मामला पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गायघाट पुल के पास का है. जानकारी के अनुसार, शनिवार रात थाना के अपर थानाध्यक्ष और पुलिस बल की टीम गश्ती पर निकली थी. जैसे ही पुलिस की गाड़ी गांधी सेतु के नीचे गायघाट इलाके में पहुंची, एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि पुलिस की गाड़ी का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

**घायलों की हालत स्थिर इलाज जारी:** हादसे में चार से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं. सभी को तत्काल NMCH अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज हो रहा है. सभी घायल खतरे से बाहर हैं, लेकिन दो पुलिसकर्मियों को सिर और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोटें आई हैं.

### पुनौरा धाम में देश-विदेश से आएंगे श्रद्धालु, खुलेंगे रोजगार के द्वार', डिजाइन तैयार होने पर लोगों में खुशी



**सीतामढ़ी:** माता सीता की जन्मस्थली पुनौरा धाम में भव्य मंदिर बनाने को लेकर मंदिर का डिजाइन तैयार हो गया है. जिसके बाद लोगों में खुशी का माहौल है. उन्हें उम्मीद है कि मंदिर का निर्माण होने से देश-विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा. वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मंदिर का डिजाइन साझा किया है.विश्व पटल पर छाने वाला है सीतामढ़ी स्थानीय निवासी मनोज सिंह ने बताया कि पुनौरा धाम में मां सीता का मंदिर बनने से सीतामढ़ी विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाएगा. साथ ही विश्व भर से लोग मां सीता के दर्शन करने बिहार आएंगे.मां सीता का मंदिर बनने से खुशीः स्थानीय निवासी मोना सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहार का विकास कर रहे हैं. इसी क्रम में पुनौरा धाम में मां सीता का मंदिर बनने जा रहा है. मंदिर का निर्माण होने से हम लोगों में बहुत खुशी है."अब मंदिर निर्माण को लेकर संरचनाओं का डिजाइन बनकर तैयार हो गया है, जल्द ही मंदिर का निर्माण होगा. यहां के लोगों की वर्षों से जो मांग थी, वो अब पूरी हो गई है. मंदिर बनने से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा". मनोज सिंह, स्थानीय निवासी भक्तों में खुशी की लहरः भक्त जवाहर किशन कहा कि जैसे अयोध्या में राम मंदिर बना है, वैसे ही यहां भी मां सीता का मंदिर बन रहा है. इससे हम बहुत खुश है. सभी भक्त बाहर से यहां मां सीता की पूजा-अर्चना करने जरूर आएंगे.धरती के गर्व से प्रकट हुई थी मां सीताः पौराणिक कथा के अनुसार राजा जनक की नगरी जनकपुर में अकाल पड़ा था, तब ऋषि-मुनियों के कहने पर राजा जनक सीतामढ़ी के हलेश्वर स्थान पर महादेव को मनाने के लिए हलेश्वरी यज्ञ करने गये थे. जिसके बाद उनके राज्य में भारी बारिश हुई थी, तब राजा जनक ने हलेश्वर स्थान से हल चलाना शुरू किया था. हल चलाते-चलाते सीतामढ़ी के पुनौरा धाम पहुंचे , तब हल एक घड़े से टकराया. हल को रोक कर घड़े को निकाला, जिसमें से माता सीता निकली. उस समय भारी बारिश हुई और अकाल खत्म हो गया. केंद्र सरकार ने 500 करोड़ की दी सौगात स्थानीय सांसद देवेश चंद्र ठाकुर की पहल पर केंद्र सरकार ने पुनौरा धाम को विकसित करने को लेकर 500 करोड़ रुपए की सौगात दी थी. वहीं, राज्य सरकार 72 करोड़ रुपए दिए थे.

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे बढ़कर 86.03 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे की मजबूती के साथ 86.03 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक कच्चेतेल की कीमतों में गिरावट, कमजोर होते डॉलर और घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख के कारण रुपये में यह तेजी आई।

### एनएसई ने अदाणी ग्रीन को ईएसजी में शीर्ष रेटिंग दी



**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है। एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है।

### ओसवाल पंप्स को दूसरे दिन मिला 1.12 प्रतिशत अभिदान




**नई दिल्ली।** ओसवाल पंप्स के 1,387 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पेशकश के दूसरे दिन सोमवार को को अब तक 1.61 गुना अभिदान मिला है। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शेयर बिक्री में 1.62 करोड़ (1,62,12,980) शेयर के मुकाबले लगभग 2.61 करोड़ (2,61,58,080) शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुईं।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज आवासीय परियोजना करेगी विकसित

Godrej PROPERTIES

**मुंबई।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने बेंगलुरू में 14 एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए एक जमीन मालिक के साथ साझेदारी की है। कंपनी को इस परियोजना से 1,500 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। वह पूर्वी बेंगलुरु के होस्कोटे में 14 एकड़ जमीन पर एक प्रीमियम आवासीय परियोजना विकसित करेगी।

### अल्फाग्रेप को म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए मंजूरी



**नई दिल्ली।** निवेश कंपनी अल्फाग्रेप सिक्योरिटीज ने सोमवार को कहा कि उसे म्यूचुअल फंड कारोबार के लिए सेबी से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। बयान में कहा कि यह मंजूरी अल्फाग्रेप की भारत में व्यापक खुदरा और संस्थागत निवेशक आधार के लिए अपनी डेटा और प्रौद्योगिकी आधारित निवेश क्षमताओं को बढ़ाने में मील का पत्थर है।

### ग्रेनस्पैन ने एथनॉल संयंत्रों पर 520 करोड़ किया निवेश



**अहमदाबाद।** केंद्रीय खाद्य मंत्रालय की ब्याज सब्सिडी योजना से मिले लाभ के बल पर ग्रेनस्पैन न्यूट्रिएंट्स ने अहमदाबाद में दो अनाज आधारित एथनॉल संयंत्र स्थापित करने के लिए 520 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी अब पेट्रोल के साथ मिश्रण के लिए हरित ईंधन की आपूर्ति कर रही है। मक्का और चावल को फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करने वाले दोनों संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 350 किलोलीटर प्रतिदिन है। एथनॉल संयंत्र मई, 2023 में 110 किलोलीटर प्रतिदिन की क्षमता के साथ शुरू हुआ था।

# एयर इंडिया के कर्मचारियों को आगे बढ़ते रहने की जरूरत : चंद्रशेखरन

मुंबई

टाटा संस और एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया के कर्मचारियों से सोमवार को कहा कि उन्हें आगे बढ़ते रहना चाहिए और जो कुछ भी हम करते हैं, उसमें दृढ़ निश्चयी होना चाहिए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एयर इंडिया के एक विमान के अहमदाबाद में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त होने के मद्देनजर उन्होंने यह बात कही और इस दुर्घटना को अपने 'करियर' का सबसे दिल दहला देने वाला संकट बताया।

- चंद्रशेखरन ने दुर्घटना को कॅरियर का सबसे दिल दहलाने वाला संकट बताया

*एयर इंडिया प्रशिक्षण अकादमी को किया संबोधित : चंद्रशेखरन ने गुरुग्राम स्थित एयर इंडिया मुख्यालय एवं एयर इंडिया प्रशिक्षण अकादमी में करीब 700 कर्मचारियों व नेतृत्व दल को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों को दृढ़ता दिखाने की जरूरत है और इस घटना से सबक लेते हुए एक 'सुरक्षित विमानन कंपनी' बनाने की राह पर बढ़ना चाहिए।*

## टाटा संस के चेयरमैन ने कहा, कर्मियों को दृढ़ निश्चयी होना चाहिए

### सबसे अच्छा प्रयास करना होगा

सूत्रों के अनुसार चंद्रशेखरन ने एयर इंडिया मुख्यालय में आपातकालीन कमांड सेंटर, एकीकृत संचालन कमांड सेंटर और ग्राहक सेवा तथा सहायता केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा, ''मैं जो कुछ भी कहूंगा और जो कुछ भी करूंगा, उससे लोगों की जान वापस नहीं आएगी। जो लोग प्रभावित हुए हैं, वे बहुत लंबे समय तक दर्द महसूस करेंगे। लेकिन हमें उनमें से प्रत्येक की मदद करने के लिए मानवीय रूप से जितना संभव हो सबसे अच्छा प्रयास करना होगा।'



### सुरक्षित एयरलाइन बनाने का संकल्प लेना होगा

चंद्रशेखरन ने कहा, ''यह इस बारे में बात करने का समय नहीं है कि हम क्या करेंगे, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हम उन सभी लोगों को हमेशा के लिए अपना परिवार मानेंगे, जिन्होंने किसी को खो दिया है। उन्होंने कर्मचारियों से मजबूत बनने का आग्रह किया और कहा कि इस दुर्घटना के बाद एक सुरक्षित एयरलाइन बनाने का संकल्प लेना होगा।

### हमें जांच के पूरे होने का इंतजार करना होगा

सूत्रों ने चंद्रशेखरन के हवाले से कहा, ''हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम आगे बढ़ते रहें। हम जो भी करें, उसमें और दृढ़ निश्चयी रहें। हमें जांच के पूरी होने का इंतजार करना होगा, ताकि घटना के कारणों का पता चल सके। सूत्रों के अनुसार उन्होंने कहा, ''मैंने अपने करियर में काफी संकट देखे हैं, लेकिन यह सबसे दुखद घटना है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा दिन देखना पड़ेगा।

## थोक मुद्रास्फीति मई में घटकर 0.39 प्रतिशत पर आई

# राहत : मई में कम हुई थोक महंगाई, 14 महीने के सबसे निचले स्तर पर आई

- खाद्य वस्तुओं और ईंधन की कीमतों में आई नरमी
- सब्जियां मई में 21.62 प्रतिशत सस्ती हुईं
- वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं

नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में नरमी के बीच मई में थोक मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 प्रतिशत आ गई। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर तनाव के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 0.85 प्रतिशत और मई 2024 में 2.74 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''...मुख्य तौर पर खाद्य उत्पादों, बिजली, अन्य विनिर्माण, रसायनों व रासायनिक उत्पादों, अन्य परिवहन उपकरणों और गैर-खाद्य वस्तुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।''



### सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मई में 1.56 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि अप्रैल में इनमें 0.86 प्रतिशत की गिरावट आई थी। सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई। सब्जियां मई में 21.62 प्रतिशत सस्ती हुईं जबकि अप्रैल में इनकी कीमतें 18.26 प्रतिशत घटी थीं।

### कच्चे तेल व डॉलर का पड़ेगा दबाव

*अग्रवाल ने कहा, '' कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के साथ-साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कुछ गिरावट से जून 2025 के लिए थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति पर दबाव बढ़ेगा, जिसके जून 2025 में 0.6-0.8 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान है।'' उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कहा कि थोक मुद्रास्फीति में गिरावट से कारोबारी धारणा को बढ़ावा मिलेगा क्योंकि इससे उत्पादन की लागत कम होगी।*

### मानसून की प्रगति जून के प्रारंभ से रूक गई

रेटिंग एजेंसी इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के शीघ्र आगमन के बावजूद इसकी प्रगति जून के प्रारम्भ में ही रुक गई, जो 15 जून 2025 तक के सामान्य स्तर से 31 प्रतिशत कम रही। मानसून का अस्थायी एवं स्थानिक वितरण फसल के पूर्वानुमान व परिणामस्वरूप खाद्य मुद्रास्फीति के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ हैं उन्होंने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद चालू महीने में कच्चे तेल की कीमतों में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई है।

### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.04 प्रतिशत रही, जबकि अप्रैल में यह 2.62 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी मई में मुद्रास्फीति 2.27 प्रतिशत रही जबकि अप्रैल में यह 2.18 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है।

### मुद्रास्फीति में नरमी से ब्याज दर में कटौती की गई

खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर छह वर्ष के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में नरमी रही। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों में यह जानकारी मिली। आरबीआई ने मुद्रास्फीति में नरमी के बीच इस महीने नीतिगत ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की भारी कटौती कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था।

# सोना 170 रुपए टूटा और चांदी 1000 रुपए फिसली

नई दिल्ली



- सोना घटकर 1,01,370 रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी लुढ़कर 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई

कमजोर वैश्विक रुख के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 170 रुपये गिरकर 1,01,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये घटकर 1,00,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। शुक्रवार को चांदी 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''भारत-अमेरिका और अमेरिका-यूरो क्षेत्र के बीच संभावित व्यापार सौदों की रिपोर्ट आने के बाद मुनाफावसूली देखी गई जिससे सोना 99,800 रुपये के आसपास सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था।''

### सोने की कीमतें रिकार्ड ऊंचाई के आसपास

अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, ''सोने की कीमतों में मामूली गिरावट आई है, लेकिन यह रिकॉर्ड ऊंचाई के आसपास बनी हुई है। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने निवेशकों को सुरक्षित संपत्तियों की ओर आकर्षित किया है।''

# मजबूत संकेतों से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 678 अंक उछला

मुंबई



- आईटी और पेट्रोलियम शेयरों में रही खरीदारी
- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से लौटी तेजी

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं पेट्रोलियम शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 678 अंक और निफ्टी में 228 अंक की बढ़त दर्ज की गई।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष तेज होने के बावजूद स्थानीय बाजार में तेल एवं गैस और आईटी शेयरों को कम मूल्य पर खरीदने का रुझान देखा गया। सेंसेक्स 677.55 अंक उछलकर 81,796.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 747.22 अंक बढ़कर 81,865.82 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 227.90 अंक चढ़कर 24,946.50 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"ईरान-इजराइल संघर्ष से भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बावजूद भारतीय बाजार दिग्गज शेयरों के दम पर बढ़त लेने में सफल रहे। निवेशकों ने उतार-चढ़ाव भरे समय में दीर्घकालिक बुनियादी पहलुओं पर अपनी स्थिति बरकरार रखी। हालांकि निकट अवधि में इस तनाव का बाजार की धारणा पर असर पड़ने की आशंका है।/"

### अल्ट्राटेक व टेक महिंद्रा में तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

*टाटा मोटर्स में गिरावट : दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।*


# ताइवान ने चीन की हुवावे को निर्यात नियंत्रण सूची में डाला




**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान के वाणिज्य मंत्रालय ने चीनी चिप विनिर्माता हुवावे टेक्नोलॉजीज और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग इंटरनेशनल कॉर्प को अपनी निर्यात नियंत्रण सूची में डाला है। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार तथा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में टकराव बढ़ने के चलते ताइवान ने यह कदम उठाया। 'रणनीतिक महत्व की उच्च तकनीक वस्तुओं' की सूची में शामिल होने का मतलब है कि ताइवान की कंपनियों को उन्हें सामान बेचने से पहले निर्यात परमिट लेना होगा। इस सूची में तालिबान और अल-कायदा जैसे संगठनों के साथ ही चीन, ईरान और अन्य जगहों की कई कंपनियां शामिल हैं। उक्त दोनों कंपनियां अमेरिका स्थित एनवीडिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने और निर्यात प्रतिबंधों के बीच चीनी प्रौद्योगिकी फर्मों को बहुत जरूरी चिप की आपूर्ति करने की कोशिश कर रही हैं।

# रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के मसौदा नियम जारी

मुंबई



- आरबीआई ने कहा, जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी

आरबीआई ने सोमवार को रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव के लिए मसौदा नियम जारी किए ताकि मौजूदा नियामकीय ढांचे को बाजार और अन्य संबंधित घटनाक्रम के अनुरूप ढाला जा सके। 'ब्याज दर डेरिवेटिव' ऐसा वित्तीय डेरिवेटिव अनुबंध होता है जिसका मूल्य एक या अधिक ब्याज दर, ब्याज दर साधनों की कीमतों या ब्याज दर सूचकांकों से हासिल होता है। ये ऐसे अनुबंध होते हैं जो भविष्य में ब्याज दरों में होने वाले उतार-चढ़ाव के जोखिम से निपटने में मदद करते हैं। रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव (आईआरडी) के लिए मौजूदा नियामकीय ढांचा जून 2019 में जारी किया गया था। उसके बाद से बाजार में कई नए घटनाक्रम हुए हैं, जिनमें नए उत्पाद आने के साथ बाजार में अनिवासियों की भागीदारी भी शामिल है। आरबीआई ने 'मसौदा प्रमुख निर्देश- भारतीय रिजर्व बैंक (रुपया ब्याज दर डेरिवेटिव) निर्देश, 2025' जारी किया है। आरबीआई ने कहा, /"आईआरडी निर्देशों की व्यापक समीक्षा की गई और इसे बाजार एवं अन्य संबंधित घटनाक्रम के साथ समायोजित करने के लिए मसौदा निर्देश तैयार किए गए हैं।

### मसौदे पर टिप्पणियां मांगी

*आरबीआई ने इस मसौदे पर सात जुलाई, 2025 तक बैंकों, बाजार प्रतिभागियों और अन्य इच्छुक पक्षों से टिप्पणियां मांगी हैं। अनुपालन बोझ को कम करने के लिए मसौदा निर्देशों के तहत रिपोर्टिंग प्रावधानों को भी युक्तिसंगत बनाया गया है।*

## टाटा स्टील पुनर्चक्रण से 1.5 करोड़ टन उत्पादन करेगा...




**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का लक्ष्य अगले 10-15 साल में पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) से 1-1.5 करोड़ टन का उत्पादन करने का है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने यह जानकारी दी। कंपनी भारत और यूरोप में कम कार्बन उत्सर्जन के साथ इस्पात बनाने की प्रौद्योगिकी लागू कर रही है। टाटा स्टील ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत, ब्रिटेन, नीदरलैंड और थाइलैंड में फैली अपनी कुल 3.5 करोड़ टन क्षमता से 3.09 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया। टाटा स्टील के लिए टिकाऊ व्यवहार के बारे में पूछने पर नरेंद्रन ने कहा, 'अगले 10-15 वर्षों में आप देखेंगे कि टाटा स्टील का 1-1.5 करोड़ टन उत्पादन पुनर्चक्रण से होगा। कंपनी का लक्ष्य भारत में 2030 तक अपनी इस्पात बनाने की क्षमता को चार करोड़ टन तक बढ़ाना है।

# बेरोजगारी दर मई में बढ़कर 5.6 फीसदी पर

नई दिल्ली

- महिलाओं पर दिखा अधिक असर
- माह अप्रैल में 5.1 प्रतिशत थी

देश में मई के दौरान मौसमी उतार-चढ़ाव की वजह से बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल महीने में 5.1 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

बेरोजगारी दर में यह वृद्धि मुख्य रूप से मौसमी बदलावों और देश के कुछ हिस्सों में पड़ी अत्यधिक गर्मी के कारण देखने को मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (सीडब्ल्यूएस) सर्वेक्षण में दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि मई 2025 के दौरान सभी आयु वर्गों में बेरोजगारी दर बढ़कर 5.6 प्रतिशत हो गई। सीडब्ल्यूएस सर्वेक्षण की तिथि से पहले के सात दिनों की अवधि में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। मंत्रालय ने रोजगार की स्थिति की सही तस्वीर दर्शाने के लिए पिछले महीने पहला मासिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। नवीनतम सर्वेक्षण के मुताबिक, पिछले महीने पुरुषों में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं में थोड़ी अधिक 5.8 प्रतिशत थी। युवाओं पर बेरोजगारी की अधिक मार देखने को मिली है।

मई में राष्ट्रीय बेरोजगारी दर 15-29 आयु वर्ग के लिए बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई जबकि अप्रैल में यह 13.8 प्रतिशत थी।



### 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की श्रम भागीदारी घटी

*पुरुषों में इसी आयु वर्ग के लिए यह दर 13.6 प्रतिशत से बढ़कर 14.5 प्रतिशत हो गई। आंकड़ों से यह भी सामने आया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) मई में घटकर 54.8 प्रतिशत रह गई जो अप्रैल में 55.6 प्रतिशत थी।*

### ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों की संख्या घटी

ग्रामीण क्षेत्रों में भागीदारी दर 58 प्रतिशत से घटकर 56.9 प्रतिशत रह गई जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 50.7 प्रतिशत से घटकर 50.4 प्रतिशत पर रही। महिला श्रमबल भागीदारी दर में गिरावट खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अस्थायी कामगारों और अवैतनिक सहायकों के रूप में काम करने वाली महिलाओं की संख्या में गिरावट से जुड़ी है।

## सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 इकाई

# घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में घटी : सियाम

नई दिल्ली

- दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 2.2 प्रतिशत बढ़ी

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर 0.8 प्रतिशत घटकर 3,44,656 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3,47,492 इकाई थी।

वाहन विनिर्माताओं के निकाय 'सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स' (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार, दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री मई में 2.2 प्रतिशत बढ़कर 16,55,927 इकाई रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी महीने में यह 16,20,084 इकाई थी।

### महिंद्रा ने मई में 52,431 इकाईयां बेची

आंकड़ों के अनुसार, घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मई 2024 की 43,218 इकाइयों के मुकाबले 52,431 इकाइयों की बिक्री की, जबकि हुंदै मोटर इंडिया ने मई 2024 में 49,151 इकाइयों की तुलना में 43,861 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज की। दोपहिया वाहन खंड में मोटरसाइकिल की बिक्री मई 2024 में 10,38,824 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 10,39,156 इकाइयों पर लगभग स्थिर रही।



### स्कूटर की बिक्री 7.1 फीसदी बढ़ी

दूसरी ओर, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 7.1 प्रतिशत बढ़कर 5,79,507 इकाई हो गई, जबकि मई 2024 में यह 5,40,866 इकाई रही थी। घरेलू बाजार में कुल तिपहिया वाहनों की बिक्री मई में सालाना आधार पर 55,763 इकाइयों की तुलना में 3.3 प्रतिशत घटकर 53,942 इकाई रह गई।

### सभी वाहन खंड ने स्थिर प्रदर्शन किया

सियाम ने कहा कि सभी श्रेणियों में वाहनों की कुल थोक बिक्री 1.8 प्रतिशत बढ़कर 20,12,969 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल मई में यह 19,76,674 इकाई थी। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने बयान में कहा, '' सभी वाहन खंडों ने मई 2025 में स्थिर प्रदर्शन दर्ज किया।''

### यात्री वाहन खंड में 0.8 फीसदी की गिरावट आई

मेनन ने कहा कि हालांकि यात्री वाहन खंड में 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, लेकिन कुल 3.45 लाख इकाइयों की बिक्री मई में अब तक की दूसरी सबसे अधिक बिक्री रही। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, यात्री वाहन खंड में मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री मई 2024 में 1,44,002 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 1,35,962 इकाई रह गई। इसके साथ ही यह इस खंड में अग्रणी रही।




हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु की माता परमेश्वरी देवी के निधन पर फेडरेशन व खिलाड़ियों ने रखा दो मिनट का मौन

# हरियाणा के आशीष पंजाब के नवजोत को पछाड़कर अगले दौर में, जीया ने आंध्र प्रदेश की प्रिया को हराया

रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन शनिवार को रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा। विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली युवाओं ने रिंग में अपनी तेज तर्रार मुक्केबाज़ी और तकनीक का दम दिखाया। ब्वायज कैटेगरी में हरियाणा के आशीष ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब के नवजोत को कड़े मुकाबले में हराकर अगले दौर में अपनी जगह बनाई। आशीष की मुक्केबाज़ी में आक्रामकता के साथ-साथ तकनीकी संतुलन भी देखने को मिला, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। वहीं गर्ल्स कैटेगरी में हरियाणा की जीया ने आंध्र प्रदेश की भार्गवी प्रिया को हराकर बढ़त बनाई। जीया की फुर्तीली चाल और सटीक पंचों ने विरोधी मुक्केबाज़ को टिकने का मौका नहीं दिया और मुकाबले की शुरुआत से ही उन्होंने बढ़त बना ली। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि चैंपियनशिप में अलग-अलग भारवर्गों में हो रहे मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने अनुशासन, ऊर्जा और खेल भावना के साथ प्रदर्शन किया। तीसरे दिन के मुकाबलों में कई उभरते मुक्केबाजों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों और कोचों को प्रभावित किया। छठी जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देशभर की 32 टीमों के साथ-साथ टाटा स्टील व जेएसडब्ल्यू जैसी प्रमुख इकाइयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में 800 से अधिक मुक्केबाज भाग ले रहे हैं और प्रतियोगिता 25 जून तक चलेगी।



### मेजर सत्यपाल सिंधु की माता के निधन पर शोक

*इस दौरान गंभीर क्षण तब आया जब हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु की माता परमेश्वरी देवी के निधन की खबर सामने आई। उनकी आत्मा की शांति के लिए पूरी फेडरेशन और सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह पल आयोजन स्थल पर उपस्थित सभी लोगों के लिए भावुक कर देने वाला रहा।*

### ब्वायज केटेगरी के परिणाम

44-46 किलोग्राम
विग्नेश कोलार
थोना लुवांग
आकाश
उदय सिंह
प्रिंस गोवाला
आर्यन मुखी
जैनेश कुमार
साहिल कौरी

46-48 किलोग्राम
शिवदीप कुमार
लक्ख्या जीत
श्रेयांश
राहुल रंजन
गोपाल गणेशी

48-50 किलोग्राम
अमन देव
भार्गव
हर्षदीप जाधव
याराजुंतला ईश्वर
प्रीतम मंतेश
सागर राय
अर्जुन लमानी
लंचेंबा सिंह

50-52 किलोग्राम
अंकुश कुमार
टीकम सिंह
युवराज शेख
योगी शर्मा
आर रशवंत

52-54 किलोग्राम
दमन चौधरी
आशीष
लक्की यादव
साईं राज रास्कर

54-57 किलोग्राम
गौरंगा दत्ता

### लड़कियों के परिणाम

44-46 किलोग्राम
मालसांदांगकीमी
श्रीवर्षा
जीन्नत मलिक
गीता ओली
पलक
खुशीचंद

46-48 किलोग्राम
जीया
बनाश्री राय
तानवी कटोच
अफासा कालिया

48-50 किलोग्राम
नेहा मारायनी सीधी
अहाना शर्मा
साक्षी नाग
सुविधन्या डोडके
ममता रोट

50-52 किलोग्राम
नैना राणा
कृति अग्रवाल
मारया पामेय
अर्शी हनीफ

52-54 किलोग्राम
अदरिका सिंह हाडा
भूमि राणा
जन्नत
ममता

54-57 किलोग्राम
प्रतिमा
हर्षिता कुमारी
श्रवानी
मधुकर पाटिल

57-60 किलोग्राम
चेतन्या
शिमरजीत कौर
अर्तिना देवी
चाहत
यशादा भोसलें

60-63 किलोग्राम
धनती शाक्या
रिया

टेस्ट : सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट होने वाली भारत चौथी टीम

# पंत और बुमराह के जलवे के बीच पोप ने शतक लगाकर इंग्लैंड को मैच में लौटाया

लीड्स

ऋषभ पंत के शानदार शतक के बाद जसप्रीत बुमराह ने अपनी तेज गेंदबाजी का जलवा दिखाया लेकिन ओली पोप के सैकड़े की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 209 रन बना लिये। पोप 100 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि हैरी ब्रूक ने अभी खाता नहीं खोला है।

भारत के पहली पारी के स्कोर 471 रन से इंग्लैंड अभी 262 रन पीछे हैं। ब्रूक भाग्यशाली रहे कि आखिरी ओवर में बुमराह की जिस गेंद पर मोहम्मद सिराज ने उनका कैच लपका, वह नो बॉल करार दी गई। इंग्लैंड के सभी बल्लेबाजों को बुमराह ने परेशान किया हालांकि सर्रे के लिये काउंटी क्रिकेट खेलने वाले पोप ने उनका डटकर सामना किया। बुमराह ने पहले ही ओवर में जाक क्राउली (चार) को आउट करके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत करने से रोक दिया था। क्राउली पहली तीन गेंदों पर भी असहज दिखे और चौथी गेंद पर पहली स्लिप में करूण नायर को कैच दे बैठे।



### पंत ने बनाए 134 रन

भारत के लिए राहुल और यशस्वी ने अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़े। शुभमन गिल ने 227 गेंदों का सामना किया और 19 चौके तथा एक छक्के की मदद से 147 रन बनाए। वहीं, ऋषभ पंत ने 178 गेंदों का सामना किया और 12 चौके और छह छक्के की मदद से 134 रन बनाए।

### अनचाहे क्लब में शामिल

*इसी के साथ भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के अनचाहे क्लब में शामिल हो गई। दरअसल, इन तीनों टीमों ने तीन शतक के बावजूद 500 का आंकड़ा नहीं छू पाया था। ऐसा ही कुछ भारतीय टीम के साथ भी हुआ। उसके तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए लेकिन टीम 500 का आंकड़ा नहीं छू पाई और इस दौरान सबसे छोटा स्कोर बनाया।*

### तीन शतक के बावजूद सबसे कम स्कोर पर ऑलआउट होने वाली टीमें

| स्कोर | टीम | विपक्षी टीम | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 471 | भारत | इंग्लैंड | हेडिंग्ले | 2025 |
| 475 | द.अफ्रीका | इंग्लैंड | सेंचुरियन | 2016 |
| 494 | ऑस्ट्रेलिया | इंग्लैंड | हेडिंग्ले | 1924 |
| 497 | वेस्टइंडीज | भारत | कोलकाता | 2002 |

**पंत ने धोनी को पछाड़ा :** ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा सात शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। धोनी ने 90 टेस्ट में 4876 रन बनाए जिसमें छह शतक लगाए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो स्टोक्स | 101 | 159 | 16 | 1 |
| केएल राहुल का रूट बो कार्स | 42 | 78 | 8 | 0 |
| साई सुदर्शन का स्मिथ बो स्टोक्स | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल का टंग बो बशीर | 147 | 227 | 19 | 1 |
| ऋषभ पंत पगबाधा बो टंग | 134 | 178 | 12 | 6 |
| करुण नायर का पोप बो स्टोक्स | 00 | 04 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा बो टंग | 11 | 15 | 2 | 0 |
| शार्दुल का स्मिथ बो स्टोक्स | 01 | 08 | 0 | 0 |
| बुमराह का ब्रूक बो टंग | 00 | 05 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 07 | 0 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा बो टंग | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 31, कुल : 113 ओवर में 471/10
गेंदबाजी : वोक्स 24-4-103-0, कार्स 22-5-96-1, टंग 20-0-86-4, स्टोक्स 20-1-66-4, बशीर 27-6-100-1

### भारतीय महिला हॉकी टीम बेल्जियम से 1-5 से हारी

एंटवर्प। भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में लचर प्रदर्शन यहां शनिवार को भी जारी रहा जब टीम को बेल्जियम के खिलाफ 1-5 की करारी हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में यह भारतीय टीम की लगातार पांचवीं हार है। टीम ने इससे पहले लंदन में ऑस्ट्रेलिया और अर्जेन्टीना के खिलाफ दो-दो मैच गंवाए। शनिवार को दीपिका (छठे मिनट) ने भारत को बढ़त दिलाई लेकिन मध्यांतर के बाद बेल्जियम की टीम पूरी तरह हावी रही और हेलेन ब्रेसेर (37वें और 55वें), लूसी ब्रेन (41वें मिनट), एंब्रे बेलेंगहीन (54वें मिनट) और चार्लोट एंगलबर्ग (58वें मिनट) के गोल की बदौलत आसान जीत दर्ज करने में सफल रही।

### जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में जर्मनी से 1-7 से हारा

बर्लिन। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां चार देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मेजबान जर्मनी के खिलाफ 1-7 की हार के साथ की। जर्मनी ने मैच पर शुरुआत से ही नियंत्रण बना लिया जब निको किस्टीन ने चौथे मिनट में ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके टीम को 1-0 से आगे कर दिया। एलेक्स वॉन श्वेरिन (पांचवें मिनट) ने मैदानी गोल करके शुरुआती पांच मिनट में ही मेजबान टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी।

### पुरूष हॉकी: बेल्जियम ने भारत को 6-3 से हराया

एंटवर्प। भारतीय टीम का एफआईएच पुरूष प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी है और अब बेल्जियम ने उसे 6-3 से हराया जो उसकी लगातार सातवीं हार है। आर्थर वान डोरेन ने पहले ही मिनट में गोल करके दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम को बढत दिला दी। इसके बाद 28वें मिनट में अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने एक और गोल करके यह बढत 2-0 की कर दी।

कुश्ती चैंपियनशिप

## भारत ने जीता अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप का टीम खिताब



वुंग ताऊ

भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण और पांच रजत सहित सभी 10 वर्गों में एक-एक पदक जीतकर टीम खिताब अपने नाम किया। प्रियांशी प्रजापत (50 किग्रा), रीना (55 किग्रा), सृष्टि (68 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। भारत की पांच अन्य पहलवानों ने भी फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन आखिर में उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा शर्मा (57 किग्रा), तन्वी (59 किग्रा), प्रगति (62 किग्रा), शिक्षा (65 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) ने रजत पदक जीते जबकि हिनाबेन खलीफा (53 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किया। ग्रीको-रोमन शैली में सुमित ने 63 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि नितेश (97 किग्रा) और अंकित गुलिया (72 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। पुरुषों की फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में विक्की ने 97 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि निखिल (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा) और सचिन (92 किग्रा) भी स्वर्ण पदक के लिए अपना दांव लगाएंगे।

### खलिन ने की कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी

मराकेश। भारत के खलिन जोशी ने दूसरे दौर में नौ अंडर 63 के स्कोर से यहां मोरक्को राइजिंग स्टार्स मराकेश गोल्फ टूर्नामेंट में कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की और तीसरे स्थान पर पहुंच गए। पहले दिन एक अंडर 71 का स्कोर बनाने वाले जोशी का कुल स्कोर 10 अंडर है। भारतीय-अमेरिकी गोल्फर वरुण चोपड़ा (67-66) और मोरक्को के अयूब एलगुइराटी (67-66) 11 अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अन्य भारतीयों में करणदीप कोच्चर (पांच अंडर 67) सात अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। जितेष संधू (दो अंडर 70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 12वें जबकि राहिल गंगजी और अर्जुन शर्मा तीन अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

# नीरज 88.16 मीटर के थ्रो से बने डायमंड लीग चैंपियन, दो साल में जीता दूसरा खिताब

पेरिस

ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। शुक्रवार देर रात संपन्न प्रतियोगिता में 27 वर्षीय चोपड़ा ने अपने पहले प्रयास में 88.16 मीटर की दूरी तय करके खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में कई स्टार खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसने पांच ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो 90 मीटर की दूरी तय कर चुके हैं। चोपड़ा का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का था और इसके बाद उन्होंने अपने अगले तीन प्रयासों में फाउल किया। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर का थ्रो किया। जर्मनी के जूलियन वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। ब्राजील के लुईज़ मौरिसियो दा सिल्वा ने 86.62 मीटर के अपने तीसरे प्रयास के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### नीरज के थ्रो

| अटैम्प | थ्रो मीटर |
|---|---|
| 1 | 88.16 |
| 2 | 85.10 |
| 3 | फाउल |
| 4 | फाउल |
| 5 | फाउल |
| 6 | 82.89 |

'मैं अपने थ्रो से खुश हूं। आज मेरा रन अप बहुत तेज था। मैं अपनी गति पर नियंत्रण नहीं रख सकता, लेकिन मैं परिणाम और पहले स्थान पर रहकर खुश हूं।'
- नीरज चोपड़ा




### पेरिस का पहला खिताब



लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना आखिरी खिताब जून 2023 में लुसाने में 87.66 मीटर के थ्रो के साथ जीता था। उसके बाद वह डायमंड लीग की छह प्रतियोगिताओं में दूसरे स्थान पर रहे थे। हरियाणा के इस स्टार खिलाड़ी ने डायमंड लीग के पेरिस चरण में पहली बार जीत हासिल की। उन्होंने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे।

### अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पेरिस डायमंड लीग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में चोपड़ा और वेबर के अलावा जिन तीन अन्य खिलाड़ियों ने पहले 90 मीटर का आंकड़ा छुआ था उनमें कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो, त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 के ओलंपिक स्वर्ण विजेता केशोर्न वाल्कोट और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स शामिल थे। वाल्कोट (81.66 मीटर) चौथे स्थान पर रहे, जबकि पीटर्स (80.29 मीटर) और येगो (80.26 मीटर) ने क्रमशः पांचवां और छठा स्थान हासिल किया।

# ईरान-इजरायल टकराव को लेकर दिल्ली से उठा शांति का स्वर, सात धर्मगुरुओं ने की वैश्विक नेताओं से युद्ध रोकने की अपील

एजेंसी



**नई दिल्ली:** दुनिया में बढ़ते युद्ध संकट और वैश्विक तनावों के बीच दिल्ली के फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब में आयोजित एक प्रेस वार्ता में सात प्रमुख धर्मों के धर्मगुरुओं ने शांति के लिए एकजुट होकर वैश्विक नेताओं से युद्ध रोकने की अपील की. इस अवसर पर वैश्विक शांति के लिए समर्पित डॉ. के.ए. पॉल ने सभी धर्मगुरुओं के साथ मिलकर अमेरिका, इजरायल, ईरान और दुनिया की प्रमुख संस्थाओं से आग्रह किया कि वे समय रहते कदम उठाएं और मानवता को विनाश की कगार से बचाएं.डॉ. पॉल, जो अब तक 155 देशों की यात्रा कर राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों से मिलकर शांति प्रयासों में लगे रहे हैं, ने कहा कि मैंने जीवन में बहुत कुछ देखा, लेकिन आज जैसी गंभीर स्थिति पहले कभी नहीं देखी. राष्ट्रपति ट्रंप, प्रधानमंत्री नेतन्याहू और ईरानी नेतृत्व अब भी वक्त है, बात कीजिए, युद्ध रोकिए. डॉ. पॉल ने यह भी बताया कि वह इस प्रेस वार्ता के तुरंत बाद न्यूयॉर्क रवाना होंगे, ताकि संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों और वैश्विक नेताओं से आगे की रणनीति पर चर्चा कर सकें. भारत के यहूदी समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हुए रब्बी ईजेकील इसहाक मालेकर ने कहा कि भारत वह देश है जहां यहूदियों ने कभी भेदभाव नहीं झेला. मैं पहले भारतीय हूं, फिर यहूदी. अब युद्ध नहीं, शांति चाहिए. उन्होंने ये भी बताया कि वह डॉ. पॉल के साथ सूडान की संसद में 2011 में शामिल हुए थे और शांति के संदेश में भागीदार रहे हैं.

**धर्मगुरुओं ने की ये अपील:**
जैन आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि हमारी अपील है कि राष्ट्रपति ट्रंप, प्रधानमंत्री नेतन्याहू, ईरान और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद पहल करें. रक्तपात के बाद नहीं, उससे पहले बातचीत होनी चाहिए. उन्होंने डॉ. पॉल को इस शांति पहल के आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया. तिब्बती बौद्ध धर्मगुरु और पूर्व संसद उपाध्यक्ष आचार्य येसी फुंटसोक ने कहा कि आज जब विश्व संकट में है, तो संयुक्त राष्ट्र और सुरक्षा परिषद की चुप्पी शर्मनाक है. क्या ये संस्थाएं केवल नाम के लिए हैं? उन्होंने चीन के अत्याचारों के संदर्भ में चेतावनी दी कि जो आज हिंसा फैला रहे हैं, वे भी एक दिन नहीं रहेंगे. हमें आज ही शांति की नींव रखनी होगी. मौलाना असगर अली सल्फी मेहंदी ने डॉ. पॉल के साथ अपने पूर्व शांति अभियानों का ज़िक्र करते हुए कहा कि हम सूडान में मुस्लिम और ईसाई समुदायों के बीच शांति संदेश लेकर गए थे. आज फिर वही मकसद लेकर हम खड़े हैं, दुनिया को युद्ध से बचाना है. यूनिवर्सल एसोसिएशन फॉर स्पिरिचुअल अवेयरनेस के संस्थापक पंडित एन.के. शर्मा ने कहा कि यह कोई मंचीय कार्यक्रम नहीं है, अगर आज धर्मगुरु नहीं बोलेंगे तो कल हम सब को इसका खामियाजा भुगतना होगा. हिंदू प्रतिनिधि डॉ. ओमप्रकाशार्य ने भी मंच से स्पष्ट कहा कि दुनिया को इस समय किसी राजनीतिक जीत नहीं, बल्कि स्थायी शांति की आवश्यकता है.

# डायरिया की आशंका वाले क्षेत्रों में प्रोटोकॉल दशहरा तक लागू रखे जाएं: ओडिशा के मुख्यमंत्री

एजेंसी



**ओडिशा:** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डायरिया की आशंका वाले क्षेत्रों में अपनाए जा रहे प्रोटोकॉल को दशहरा तक लागू रखने का निर्देश दिया है, हालांकि राज्य के छह जिलों में डायरिया के मामलों में कमी आई है। अब तक कम से कम 13 लोगों की जलजनित बीमारियों से मौत हो चुकी है। जाजपुर, भद्रक, कटक, केंद्रपाड़ा, ढेंकानाल और क्योंझर जिलों में कुल 3,892 लोग डायरिया और हैजा से ग्रस्त हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को छह जिलों में डायरिया की स्थिति की समीक्षा करते हुए यह निर्देश जारी किया। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अब तक 3,543 मरीज बीमारी से ठीक हो चुके हैं, जबकि 254 व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है। बयान में कहा गया है कि डायरिया की स्थिति अब नियंत्रण में है और नए मामलों की संख्या पूरी तरह से कम हो गई है। स्थिति में सुधार के मद्देनजर अधिकारियों को ढिलाई नहीं बरतने की हिदायत देते हुए मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक चिकित्सा सेवाओं को समन्वित तरीके से चालू रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को उन जगहों पर बीमारी से रोकथाम के उपाय करने का भी निर्देश दिया, जहां बीमारी फैलने की आशंका है। माझी ने कहा कि दशहरा के त्योहार तक सभी संवेदनशील स्थानों पर प्रोटोकॉल लागू रखा जाए।

# पहलगाम हमले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, आतंकियों को शरण देने वाले दो गिरफ्तार, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े थे हमलावर

एजेंसी



**जम्मू-कश्मीर:** 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के दो महीने बाद, 22 जून को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने इस मामले में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की. एजेंसी ने दो स्थानीय आरोपियों परवेज अहमद जोधर और बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया, जिन पर आतंकवादियों को शरण देने, भोजन और अन्य सुविधाएं मुहैया कराने का आरोप है. दोनों आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि हमला करने वाले तीन आतंकवादी पाकिस्तानी नागरिक थे और वे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े थे.

### आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी

एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, परवेज अहमद जोधर और बशीर अहमद जोथर दोनों ही पहलगाम के स्थानीय निवासी हैं. जांच में पता चला कि दोनों ने आतंकवादियों को बैसरन मैदान में हमला करने से पहले मदद दी, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों की जानकारी भी शामिल थी. यह जानकारी आतंकवादियों को निशाना साधने और निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने में मददगार साबित हुई.

### गिरफ्तारी के बाद प्रारंभिक पूछताछ

एनआईए ने गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की. दोनों आरोपियों ने अपने किए गए अपराधों को स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने तीन आतंकवादियों को हिल पार्क में एक मौसमी झोपड़ी में शरण दी थी. उन्होंने इन आतंकवादियों को भोजन, आश्रय और रसद की सहायता प्रदान की, जिससे आतंकवादी 22 अप्रैल की दोपहर में पर्यटकों को धार्मिक आधार पर चुन-चुन कर मार सके.

### आरोपियों को अदालत में पेश किया गया

एनआईए ने आरोपियों को अदालत में पेश किया और उन्हें विस्तृत पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया. रिमांड अवधि में एजेंसी ने उनकी आतंकवादियों से कनेक्शन, आतंकवादियों की मदद करने वाले अन्य संभावित स्थानीय सहयोगियों की पहचान और आतंकवाद के व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए गहन जांच की.

**आतंकवाद के खिलाफ गहरी पड़ताल और डिजिटल जांच**
पूछताछ के दौरान, एजेंसी ने आरोपियों के मोबाइल फोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की बरामदगी कर उनकी विस्तृत जांच की. इन उपकरणों में संदिग्ध कॉल्स, मैसेजेस और अन्य सूचनाओं की तलाश की गई, जिससे आतंकवादी नेटवर्क के अन्य सदस्यों की पहचान की जा सके. इसके अलावा, आतंकवादियों के पाकिस्तान से संपर्कों को ट्रेस करने के लिए कई सुराग मिले.

### फरार आतंकवादियों की खोज जारी

हालांकि इस हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकवादी अभी फरार हैं, एनआईए अधिकारियों का मानना है . एजेंसी ने स्थानीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर आतंकवादियों की खोज और उनकी धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाए हैं.

### एनआईए ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किया

गिरफ्तारी और जांच के बाद एनआईए ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है ताकि ऐसे आतंकी हमलों को भविष्य में रोका जा सके. साथ ही, एजेंसी ने आतंकवाद के खिलाफ न सिर्फ कानूनी कार्रवाई तेज की है, बल्कि आतंकवादियों के सपोर्ट नेटवर्क को खत्म करने के लिए भी कदम बढ़ाए हैं. कोर्ट में पेशी के बाद आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे हमले की साजिश, आतंकी संगठनों से उनके संबंध और आतंकवादियों को मदद देने के अन्य मामलों की जानकारी ली जाएगी. इसके साथ ही, पाकिस्तानी आतंकवादियों के सहयोग और सहायता का भी पता लगाया जाएगा.

## >>>: संक्षिप्त खबर :<<<

### भदोही में दलित नर्स से दुर्व्यवहार के आरोप में मामला दर्ज

**उत्तर प्रदेश:** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के एक निजी अस्पताल में घुसकर दलित नर्स से दुर्व्यवहार के संबंध में एंबुलेंस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 22 वर्षीय नर्स की तहरीर पर एंबुलेंस चालक रोहित उर्फ मोहित नाम के व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 76 (जानबूझकर हमला करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना) और 115(2) (नुकसान पहुंचाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। कोतवाली निरीक्षक सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि एक निजी अस्पताल में बतौर नर्स काम करने वाली युवती के साथ पांच जून को यह घटना उस वक्त हुई, जब वह अपने मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी। उन्होंने बताया कि तभी रामपुर घसकरी का रहने वाला रोहित उसके पास आया और उससे छेड़खानी करने लगा, जिसका विरोध करने पर आरोपी ने लड़की के बाल पकड़ कर मारपीट करना शुरू कर दिया और उसे मीन पर पटक दिया। अधिकारी ने बताया कि नर्स के चीखने चिल्लाने पर अस्पताल के चिकित्सक और अन्य लोगों ने आकर उसे बचाया और एंबुलेंस चालक को डांटकर वहां से भगा दिया। निरीक्षक ने बताया की आरोपी एंबुलेंस चलाता है और मरीजों को लेकर कई बार उस अस्पताल में आता जाता रहा है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### देहरादून में हुए सड़क हादसे में हरियाणा के रहने वाले चार पर्यटकों की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



**देहरादून:** देहरादून के क्लेमेंटाउन क्षेत्र में रविवार तड़के एक कार के सीमेंट से भरे ट्रक से टकराने के कारण हरियाणा के चार पर्यटकों की मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने यहां बताया कि हादसा बीती रात 3:30 बजे आशारोड़ी के पास हुआ जब सहारनपुर से देहरादून की ओर आ रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए और उसके पीछे चल रही सफेद रंग की मारुति रिट्ज कार उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी और कार सवारों को बाहर निकालने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बताया कि युवकों को निकालकर तत्काल अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सकों ने चार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि एक अन्य युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान सोनीपत जिले के पुरखास धीरन के रहने वाले अंकुश, पारस, जींद जिले की जुलाना के रहने वाले अंकित तथा रोहतक जिले के खेड़ी निवासी नवीन के रूप में हुई है जबकि विनय गंभीर रूप से घायल है। हादसे का शिकार हुए युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच बतायी जा रही है और वे देहरादून घूमने के लिए आ रहे थे। पुलिस ने बताया कि युवकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर उसके चालक आफताब से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आफताब उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के शेखपुरा कदीम का रहने वाला है।

### एनआईए ने खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रमुख सहयोगी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया




राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब आतंकवादी साजिश मामले में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर पवित्र बटाला के प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ जोती के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को मोहाली में विशेष एनआईए अदालत के समक्ष आरोपपत्र दाखिल किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के गुरदासपुर जिले के रहने वाले जतिंदर सिंह को एनआईए ने पिछले साल 23 दिसंबर को मुंबई से गिरफ्तार किया था। एनआईए ने कहा कि जतिंदर सिंह मध्य प्रदेश से पंजाब के गैंगस्टरों को अवैध हथियारों की खरीद और आपूर्ति करने में शामिल था। बयान में कहा गया है कि वह बटाला के साथियों को हथियारों की आपूर्ति में मदद कर रहा था। एनआईए ने कहा कि बटाला के विदेशी सहयोगी भारत में जतिंदर सिंह के कार्यों का समन्वय कर रहे थे।

### मैनपुरी में बीएससी की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या की

**मैनपुरी:** मैनपुरी जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में बीएससी (विज्ञान स्नातक) की एक छात्रा ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) फतेह बहादुर सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गांव नगला दौलत की निवासी बीएससी की छात्रा अंजलि (23) ने शनिवार रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिवार के लोगों ने उसकी आत्महत्या का कारण नहीं बताया और आत्महत्या के कारणों के बारे में अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि मामले में छानबीन की जा रही है।

# किसानों के खेत तक पहुंचेगा विज्ञान, वैज्ञानिक अब सप्ताह में तीन दिन करेंगे दौरा

एजेंसी



**नई दिल्ली:** भारत सरकार ने देश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. इसके तहत अब वैज्ञानिक सप्ताह में तीन दिन खेतों में जाकर किसानों से सीधी बातचीत करेंगे और उन्हें नवीनतम कृषि तकनीकों, बीजों की गुणवत्ता, मृदा परीक्षण, जल प्रबंधन, फसल रोग नियंत्रण और उन्नत खेती विधियों की जानकारी देंगे. इस निर्णय का उद्देश्य पारंपरिक खेती को वैज्ञानिक आधार पर सुदृढ़ करना और किसानों की आमदनी को बढ़ाना है.

**किसान-वैज्ञानिक संवाद: एक मजबूत कड़ी :** आईसीएआर-आईएआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर.एस. बाना के अनुसार, जब वैज्ञानिक खेतों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करते हैं, तो न केवल वैज्ञानिक शोध का सही उपयोग होता है, बल्कि किसानों की जमीनी समस्याओं को भी वास्तविक समय में समझा जा सकता है. सरकार ने यह भी तय किया है कि कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) को इस पहल का मुख्य केंद्र बनाया जाएगा. हर जिले में केवीके एक नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा, जो इस अभियान का संचालन करेगा.

**उल्लेखनीय उपलब्धियां:** इस योजना का एक पायलट चरण पहले ही लागू किया जा चुका है, जिसमें 2,170 वैज्ञानिकों की टीमों ने 1.42 लाख गांवों का दौरा किया और 1.34 करोड़ किसानों से सीधे संवाद स्थापित किया. किसानों ने बताया कि इस पहल से उन्हें अपने खेतों में सुधार के लिए ठोस मार्गदर्शन मिला. उत्तर प्रदेश के किसान अमरपाल ने कहा, गांव में जब वैज्ञानिक आए और हमें मिट्टी परीक्षण, बीज चयन और जल प्रबंधन की जानकारी दी, तो हमारी समझ में आया कि हम विज्ञान के सहारे अपनी खेती को और बेहतर बना सकते हैं.

**चुनौतियां और सुझाव**
हालांकि यह पहल स्वागत योग्य है, कुछ वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया है कि सप्ताह में तीन दिन फील्ड विजिट की अपेक्षा सप्ताह में एक या दो दिन तय किए जाएं ताकि अन्य शोध कार्यों पर असर न पड़े. डॉ. अमित शर्मा (केवीके जम्मू) का कहना है, किसानों से संवाद करना जरूरी है, लेकिन हमें एक संतुलन बनाना होगा ताकि अनुसंधान और फील्ड वर्क दोनों सुचारू रूप से चलें.राकेश कुमार (केवीके उजवा, दिल्ली) ने बताया कि अभी तक कोई स्पष्ट कार्य योजना (लेआउट प्लान) नहीं दी गई है, अगर इसे योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया गया, तो यह भारत की कृषि प्रणाली में दीर्घकालिक और सतत सुधार ला सकती है. किसानों और वैज्ञानिकों के बीच की यह नई साझेदारी आने वाले समय में देश की खाद्य सुरक्षा, उत्पादन क्षमता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में मील का पत्थर साबित हो सकती है.

# मीडिया के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी

एजेंसी




**नई दिल्ली:** भारत निर्वाचन आयोग मीडिया के सहयोग से मतदाता पहुंच बढ़ाने के लिए पहली बार केंद्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला आयोजित करेगा. 7 जुलाई को दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में यह कार्यशाला होने की संभावना है. सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस बाबत पत्र भेजा है.

**क्या लिखा पत्र में:** ईसीआई ने पत्र में लिखा है, दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में 7 जुलाई को एक राष्ट्रीय मीडिया कार्यशाला आयोजित की जा सकती है. कार्यशाला का उद्देश्य क्षेत्रीय मीडिया के साथ आयोग के जुड़ाव को मजबूत करना तथा चुनावी जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए एक मजबूत संचार नेटवर्क विकसित करना है.

**कौन-कौन लेंगे कार्यशाला में भाग:** पत्र के अनुसार, प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 10 प्रमुख क्षेत्रीय मीडियाकर्मी कार्यशाला में भाग लेंगे. इसके अलावा सीईओ कार्यालय के अधिकारी जो सीधे मीडिया और संचार कार्य से जुड़े हैं, वे भी कार्यशाला में भाग लेंगे.

**कार्यशाला के लिए टिकट की व्यवस्था:** पत्र में कहा गया है, क्षेत्रीय मीडियाकर्मियों के लिए हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) और हवाई अड्डे से आने-जाने का खर्च शुरू में सीईओ कार्यालय द्वारा वहन किया जाएगा. जिसकी प्रतिपूर्ति ईसीआई द्वारा की जाएगी. आवास और अन्य व्यवस्थाएं आईएचआईडीईएम द्वारा प्रबंधित की जाएंगी.

**कार्यशाला का उद्देश्य:**
कार्यशाला का व्यापक उद्देश्य रणनीतिक मीडिया सहयोग के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बढ़ाना, क्षेत्रीय मीडिया पेशेवरों के साथ संपर्क को मजबूत करना और ईसीआई संचार की पहुंच को अधिकतम करने के लिए संचार नेटवर्क विकसित करना है.चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया, कार्यशाला का उद्देश्य मीडियाकर्मियों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना है. इससे उन्हें अपना ज्ञान बढ़ाने में मदद मिलेगी. इससे उन्हें सटीकता बनाए रखते हुए अपनी रिपोर्टिंग में मदद मिलेगी.

**बीएलओ का किया गया प्रशिक्षित:** बता दें कि ईसीआई ने लोगों को बेहतर सेवा प्रदान करके चुनावी प्रक्रिया की गुणवत्ता में सुधार करने के उद्देश्य से डीईओ, ईआरओ और बीएलओ सहित 3,000 से अधिक चुनाव पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया है.

# अमृतसर में दो पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, व्हाट्सएप पर आईएसआई को भेजते थे खुफिया जानकारी

एजेंसी

**अमृतसर:** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में दो लोगों का गिरफ्तार किया है. अमृतसर ग्रामीण पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी फौजी और साहिल मसीह उर्फ शाली और राणा जावेद के रूप में हुई है. खुफिया जानकारी के आधार पर अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने आईएसआई से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है.

**क्या कहती है पुलिस:**
पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गुरप्रीत सिंह पाकिस्तान की आईएसआई के एजेंटों के सीधे संपर्क में था. पेन ड्राइव के माध्यम से गुप्त और संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था. इस मामले में मुख्य आईएसआई हैंडलर की पहचान राणा जावेद के रूप में हुई है.

**आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त:** डीजीपी ने बताया कि दोनों आरोपी व्हाट्सएप कॉल के जरिए आईएसआई से संपर्क करते थे. पुलिस ने आरोपियों से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं. फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है. उनके नेटवर्क के बारे में पता लगा रही है. पुलिस ने उनके फोन को फोरेंसिक जांच और साइबर जांच के लिए भेज दिए हैं. जांच रिपोर्ट के बाद कई राज खुलने की संभावना.

**जासूसी नेटवर्क में शामिल लोगों की जांच:** इस जासूसी-आतंकवादी नेटवर्क के पीछे अन्य सहयोगियों की पहचान करने और इसे पूरी तरह से नष्ट करने के लिए पुलिस जांच कर रही है. पंजाब पुलिस ने कहा है कि वह देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. राज्य में किसी भी तरह की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. गौरतलब है कि इससे पहले भी पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर कई ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार किया है जो भारत में रहकर पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे थे. इस सिलसिले में आम युवाओं से लेकर कई मशहूर यूट्यूबर भी शामिल हैं, जो इस समय जेल में हैं. पुलिस उनसे भी इनके कनेक्शन की जांच कर रही है.

## राजस्थान में अनेक जगह मूसलाधार बारिश

**राजस्थान:** दक्षिण पश्चिम मानसून के असर से राजस्थान में बारिश का दौर जारी है और बीते चौबीस घंटे में अनेक जगह भारी से अति भारी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक लगभग 180 मिलीमीटर बारिश माउंट आबू तहसील में हुई। राज्य में बारिश का दौर अभी जारी रहने का अनुमान है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक के चौबीस घंटे के दौरान पूर्वी राजस्थान में अधिकांश जगहों पर बारिश हुई वहीं कई जगह भारी से अति भारी बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में भी बारिश हुई। इस दौरान माउंट आबू में 181.4 मिलीमीटर, भीलवाड़ा में 175 मिलीमीटर, कोटा में 44.9 मिलीमीटर, चित्तौड़गढ़ में 27 मिमी., जयपुर में 20.8 मिमी. व सीकर में 13 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में आगामी दिनों में बारिश की गतिविधियां जारी रहने तथा भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग के कुछ भागों में 22-24 जून को कहीं भारी/अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

## अमेरिका ने भारत के लिए ट्रेवल एडवाइजरी जारी किया- दुष्कर्म, अपराध व आतंकवाद को बताया वजह

एजेंसी



**अमेरिका:** अमेरिका ने भारत के लिए नया ट्रेवल एडवाइजरी जारी किया है. अमेरिका द्वारा जारी लेवल-2 एडवाइजरी में महिलाओं के लिए खास सलाह दिए हैं. कहा है कि कुछ क्षेत्रों में खतरे को ध्यान में रखते हुए सलाह दी जाती है. दुष्कर्म की घटनाएं, अपराध व आतंकवाद को एडवाइजरी की वजह बताया है. विपक्षी दलों ने इसे लेकर मोदी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है. विपक्षी नेताओं ने अमेरिकी एडवाइजरी की खबरों को लेकर कहा है- डंका बज रहा है. विपक्ष ने दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं को लेकर मोदी सरकार को घेरना शुरू कर दिया है. एडवाइजरी में अमेरिकी नागरिकों को स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में नामांकन करने, स्थानीय मीडिया की खबरों पर नजर रखने और आपातकालीन स्थिति के लिए योजना तैयार करने की सलाह दी गई है.एडवाइजरी में कहा गया है कि आतंकवाद और हिंसक घटनाओं के कारण पूर्वी लद्दाख और इसकी राजधानी लेह को छोड़कर को छोड़ कर जम्मू-कश्मीर में यात्रा ना करें. वहां पर छिटपुट हिंसा की घटनाएं आम है. मणिपुर चल रहे जातीय संघर्ष की वजह से उन इलाकों में अमेरिकी ट्रेवलों को जाने से मना किया गया है. असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दी गई है.इसके अलावा पंजाब में अटारी, वाघा इलाके में जाने से पहले वहां के हालात की जांच कर लेने को कहा गया है. क्योंकि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष की संभावना बनी हुई है. नक्सल प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगना में यात्रा न करने की सलाह भी एडवाइजरी में दी गई है. क्योंकि इन राज्यों में नक्सली गतिविधि है.



# अपूर्व लाखिया की फिल्म में चित्रांगदा सिंह की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछली बार फिल्म 'सिकंदर' में नजर आए थे, जिसे समीक्षकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह मुंह के बल गिरी। अब सलमान जल्द ही अपूर्व लाखिया की फिल्म में नजर आएंगे, जिसकी कहानी साल 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है। सलमान इस फिल्म में कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं। अब सलमान की फिल्म में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की एंट्री हो चुकी है। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, अपूर्व की फिल्म में सलमान की जोड़ी चित्रांगदा के साथ बनी है। वह पहली बार सलमान के साथ काम करने के लिए लेकर उत्साहित हैं। यह पहला मौका है, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग जुलाई, 2025 में शुरू हो जाएगी।

लाइफStyle

# बनिता संधू

## मैंने आवाज उठाई तो इंडस्ट्री ने ब्लैकलिस्ट किया



दीपिका पादुकोण के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' से बाहर निकलने के बाद से फिल्म इंडस्ट्री में 8 घंटे काम की शिफ्ट पर बहस शुरू हो गई है। दरअसल, अभिनेत्री ने इस फिल्म में काम करने के लिए यह शर्त रखी थी कि वह 6 से 8 घंटे काम करेंगी, क्योंकि वह अपनी बेटी पर भी ध्यान देना चाहती थीं।

आठ घंटे काम करने वाले मुद्दे पर अब अभिनेत्री बनिता संधू ने दीपिका का समर्थन किया है। एक इंटरव्यू में बनिता ने कहा कि आखिर फिल्म में काम करना भी एक नौकरी ही है। मैं अपने करियर की शुरुआत में उन निर्माताओं के खिलाफ खड़ी हो गई थी, जिन्होंने मुझसे 16 से 18 घंटों की शिफ्ट करवाई थी। हॉलीवुड में कई ऐसे समूह हैं, जो अपनी कास्ट और क्रू का समर्थन करते हैं। वहां काम के घंटे तय हैं। मुझे लगता कि किसी की मानसिक सेहत को खराब करके कोई काम नहीं करवाना चाहिए। बनिता काम के घंटों पर अपनी राय रखते हुए आगे कहती हैं, काम के बाद सबको पूरी नींद चाहिए। यह तो सबकी जरूरत है, सबका अधिकार है। जब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू किया तो काफी घंटे काम किया। मुझे शुरुआत में लगा कि ऐसे ही काम होता है। मैंने आगे चलकर भी इस चीज का विरोध किया, जबकि मुझे इस बात का अहसास था कि ऐसा करने पर मैं इंडस्ट्री से ब्लैकलिस्ट भी हो सकती हूं।

बनिता बोलीं, हम किसी जंग के मैदान में नहीं खड़े हैं। हम फिल्में बना रहे हैं। काम के चक्कर में ऐसा क्यों करें कि हमें अपनी मानसिक सेहत की बलि चढ़ानी पढ़े। हर किसी को आराम करने का हक है। पहले मैं दिनभर शूटिंग करती थी और फिर रात को फ्लाइट में यात्रा करती थी।

हॉलीवुड मसाला




# टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर मैन 4' का ऐलान

**लॉस एंजिलस।** जाने-माने अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'स्पाइडर मैन' की चौथी किस्त का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है। दरअसल, 'स्पाइडर मैन 4' का आधिकारिक ऐलान हो गया है। अपने पसंदीदा किरदार पीटर पार्कर को एक बार फिर से बड़े पर्दे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। आखिरकार 'स्पाइडर मैन' की शीर्षक से पर्दा उठ गया है। फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। 'स्पाइडर मैन 4' का नाम 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' रखा गया है। यह फिल्म 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। फिल्म के निर्देशन की कमान डेस्टिन डैनियल क्रेटन ने संभाली है। सोनी पिक्चर्स ने कैप्शन में लिखा, 'मार्वल स्टूडियोज 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे', 31 जुलाई 2026 को रिलीज होगी।'



# ब्रिटिश गायक एड शीरन, शाहरुख की फिल्म 'किंग' में लगाएंगे सुर

**मुंबई।** जाने-माने ब्रिटिश गायक एड शीरन पिछले कुछ दिनों से भारत में खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। एक ओर उनका हालिया रिलीज गाना 'सैफायर' रिलीज होते ही छा गया है। अरिजीत सिंह की आवाज और शाहरुख खान के कैमियो के साथ इस गाने ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। दूसरी ओर अब खबर आ रही है कि शीरन बॉलीवुड में कदम रखने के लिए तैयार हैं। उनके करियर का पहला हिंदी गाना शाहरुख की अगली फिल्म 'किंग' में होगा। शीरन फिर भारतीय प्रशंसकों को चौंकाने के मूड में हैं। पॉप गायक ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से पुष्टि की है कि उन्होंने शाहरुख की फिल्म 'किंग' के लिए एक हिंदी गाना रिकॉर्ड किया है। अब अगर सचमुच ऐसा होता है तो यह उनके भारतीय प्रशंसकों के लिए बड़ी सौगात होगी। शीरन ने इंस्टाग्राम पर एक कमेंट के जरिए बताया कि उन्होंने एक हिंदी गाना रिकॉर्ड किया है। शीरन ने कहा कि यह गाना शाहरुख की फिल्म का हिस्सा है और ये पंजाबी वर्जन में उनके गाने 'सैफायर' पर आधारित है, जिसमें अरिजीत भी शामिल हैं। इसका निर्देशन कर रहे हैं सिद्धार्थ आनंद, जो इससे पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म दे चुके हैं। फिल्म में शाहरुख की बेटी सुहाना खान के अलावा दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ और राघव जुयाल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# शिखर का हाथ थामे लंदन में घूमती दिखीं

**मुंबई।** अभिनेत्री जाह्नवी कपूर अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। कहा जा रहा है कि जाह्नवी बिजनेसमैन शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। अब जाह्नवी और शिखर का नया वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में जाह्नवी और शिखर को एक-दूजे का हाथ थामे लंदन की सड़कों पर घूमते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में जाह्नवी की छोटी बहन और अभिनेत्री खुशी कपूर भी दिख रही हैं। तीनों आराम से लंदन की सड़कों पर टहलते हुए दिख रहे हैं। बता दें कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे, शिखर के नाना हैं। उनके माता-पिता का नाम संजय पहाड़िया और स्मृति पहाड़िया है।



# राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' से पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' में मुन्ना भैया का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुए अभिनेता दिव्येंदु शर्मा 19 जून को 42 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन पर प्रशंसकों को बड़ा उपहार मिला है। दरअसल, राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' से दिव्येंदु की पहली झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। दिव्येंदु फिल्म में राम बुज्जी की भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने दिव्येंदु को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। 'पेड्डी' में राम चरण के साथ अभिनेत्री जाह्नवी कपूर नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में शिव राजकुमार और जगपति बाबू जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'पेड्डी' एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसे हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

# कौन हैं पूरव झा, जो करण जौहर के शो 'द ट्रेटर्स' में मचा रहे धमाल?

**मुंबई।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है। इस शो में कई ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल रहे हैं। इस शो में यूट्यूबर पूरव झा भी खूब धमाल मचा रहे हैं। ऐसे में हर तरफ उनकी बहुत चर्चा हो रही है।

## 'इंडियाज ह्यूमन एआई' के नाम से मशहूर हैं पूरव

23 वर्षीय पूरव जाने-माने यूट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर हैं। वह लोगों के बीच 'इंडियाज ह्यूमन एआई' के नाम से मशहूर हैं। पूरव का जन्म 11 अगस्त, 2002 को बिहार के मिथिला के मधुबनी जिले में हुआ था, लेकिन उनका पालन-पोषण दिल्ली में हुआ। बता दें कि पूरव ने अपनी शुरुआती पढाई दिल्ली के भारत पब्लिक स्कूल से पूरी की है। इसके बाद साल 2020 में उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की थी।

# अभिषेक की नई फिल्म 'कालीधर लापता' की रिलीज तारीख का ऐलान



**मुंबई।** अभिनेता अभिषेक बच्चन को इन दिनों फिल्म 'हाउसफुल 5' में देखा जा रहा है। फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ हो रही है और बॉक्स ऑफिस पर भी यह ठीक-ठाक कमाई कर रही है। अब अभिषेक ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'कालीधर लापता' है। इसके साथ फिल्म की रिलीज तारीख का भी ऐलान हो गया है। 'कालीधर लापता' का प्रीमियर 4 जुलाई, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें अभिषेक पेड़ की टहनी पर बैठे दिख रहे हैं। अभिषेक ने लिखा, 'चर्चाओं पर अब फुल स्टॉप। कभी-कभी, खो जाना कोई चक्कर नहीं होता, बल्कि यहीं से असली कहानी शुरू होती है। सपनों, मोड़ों और उन लोगों से भरी, जो इसे यादगार बनाते हैं।' इस फिल्म के निर्देशन की कमान मधुमिता ने संभाली है।

## अभिषेक का पोस्ट हुआ था वायरल

बीते दिन अभिषेक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर साझा किया था। उन्होंने लिखा, 'मैं एक बार लापता होना चाहता हूं। भीड़ में खुद को फिर से पाना चाहता हूं। जो कुछ भी था, सब दे दिया अपनों के लिए। अब जरा सा वक्त अपने लिए चाहता हूं।' अभिषेक के इस पोस्ट को लोग ऐश्वर्या राय के साथ उनके तलाक से जोड़ रहे थे। हालांकि, अब साफ हो गया है कि उस पोस्ट का संबंध उनकी नई फिल्म से है।

# इन फिल्मों में भी आएंगी नजर



*मुंबई। मृणाल ठाकुर का नाम उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी बेहतरीन अदाकारी के दम पर दर्शकों के बीच अलग पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2018 में आई फिल्म 'लव सोनिया' के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद मृणाल ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय सिनेमा को एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। वह कुछ मराठी और तेलुगु फिल्मों में काम कर चुकी हैं।*

## 'सन ऑफ सरदार 2'

पिछले काफी समय से मृणाल फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 25 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म मृणाल की जोड़ी पहली बार अजय देवगन के साथ जमेगी। संजय दत्त और संजय मिश्रा जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अजय इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर कर रहे हैं।

## 'डकैतः एक प्रेम कहानी'


मृणाल के पास फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कहानी' भी है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में मृणाल की जोड़ी अदिवी शेष के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म में अनुराग कश्यप भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान शैनिल देव ने संभाली है। 'डकैत' 25 दिसंबर, 2025 को दर्शकों के बीच आएगी।

## 'है जवानी तो इश्क होना है'

जब से फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर है। डेविड धवन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में मृणाल के साथ वरुण धवन और पूजा हेगड़े नजर आएंगे। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं। मौनी रॉय भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'है जवानी तो इश्क होना है' को 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

## 'पूजा मेरी जान'

मृणाल की फिल्म 'पूजा मेरी जान' भी कतार में है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी और विजय राज भी नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान नवजोत गुलाटी ने संभाली है, वहीं दिनेश विजान इसके निर्माता हैं। फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है और यह अपने पोस्ट-प्रोडक्शन पर है। विक्रम सिंह चौहान, राजेश जैस, निखिल अंगरीश और चैतन्य व्यास जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म इस साल के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक देगी।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.